■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 34, अंक : 269
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
3 मार्च 2024
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1943:** महात्मा गांधी ने 21 दिन से चली रही अपनी भूख हड़ताल को समाप्त करने का फैसला किया।
**1965:** अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया।
**1973:** वन्यजीवों के संरक्षण के संबंध में एक अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर।
**1983 :** नई दिल्ली में सातवें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन का आयोजन।
**2013:** संयुक्त राष्ट्र ने वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे के रूप में मनाने का ऐलान किया।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND





गढ़वा जिला अन्तर्गत नवनिर्मित
समाहरणालय भवन | बिरसा मुण्डा पार्क | अंतर-राज्यीय बस स्टैण्ड
फुटबॉल स्टेडियम | बहुद्देशीय नीलाम्बर-पीताम्बर सांस्कृतिक भवन का

भव्य लोकार्पण

मुख्य अतिथि
श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा



विशिष्ट अतिथि

श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री बसंत सोरेन
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री हफीजुल हसन
माननीय मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

सम्मानित अतिथि

श्री विष्णु दयाल राम — माननीय सांसद, पलामू
श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी — माननीय विधायक, बिश्रामपुर
श्री भानुप्रताप शाही — माननीय विधायक, भवनाथपुर
श्री आलोक कु. चौरसिया — माननीय विधायक, डालटनगंज

दिनांक : 3 मार्च 2024 | समय : दोपहर 12:10 बजे से | स्थान : राजकीयकृत +2 गोविन्द हाईस्कूल मैदान, गढ़वा

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR-321352(IPRD)23-24

C M Y K

# पीएम की रैली में उमड़ी भीड़ डबल इंजन सरकार के प्रति जन विश्वास का प्रमाण : सुशील कुमार मोदी

## कांग्रेस, राजद के 50 साल के शासन में पिछड़ा बिहार, वे ब्लैक पेपर जारी करें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि औरंगाबाद और बेगूसराय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नीतीश कुमार की सभा में उमड़ी अपार भीड़ बिहार में फिर से डबल इंजन सरकार बनने से विकास के प्रति उपजे नये जन विश्वास का सबसे बड़ा प्रमाण है। इससे नकली विश्वास यात्रा करने वालों के कलेजे पर सांप लोट गया है। श्री मोदी ने कहा कि नमो-नीतीश का साथ होना जहां बिहार में तेज विकास की गारंटी हैं, वहीं राजद के साथ बनी सरकारें हर बार अपराध, घोटाले और माफियागिरी का खुला लाइसेंस साबित हुईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के



विकास में तेजी लाने के लिए 21 हजार करोड़ की नई विकास योजनाओं का शुभारम्भ किया। केंद्र सरकार पहले से ही राज्य में फोर लेन सड़क-मेगा ब्रिज बनाने की एक लाख करोड़ की योजना पर काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि बिहार पर 50 साल से ज्यादा राज करने वाले दो प्रमुख विपक्षी दलों (कांग्रेस- राजद) को 3 मार्च की पटना रैली ब्लैक पेपर जारी कर राज्य को पिछड़ा बनाने के साझा अपराध पर माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को बताना चाहिए उनके माता-पिता के 15 साल के राज में राज्य की क्या हालत थी? श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और राजद के राज में बरौनी का खाद कारखाना, एनटीपीसी के विद्युत प्लांट और कई चीनी मिलें क्यों बंद हो गए? वे बताएं कि लालू-राबड़ी राज में सड़कें गड्ढे में क्यों बदल गई थीं? शाम ढलते दुकानें क्यों बंद हो जाती थीं और सिनेमा के नाइट शो तक क्यों बंद करने पड़े थे।

# ब्रजेश मेहरोत्रा बनाए गए बिहार के मुख्य सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार के अपर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को बिहार का नया मुख्य सचिव बनाया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना में बताया गया है कि यह व्यवस्था सोमवार से प्रभावी होगी। श्री मेहरोत्रा अपर मुख्य सचिव संसदीय कार्य विभाग तथा मुख्य जांच आयुक्त सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना के अतिरिक्त प्रभार में भी थे। भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक अन्य वरीय अधिकारी चैतन्य प्रसाद जो फिलहाल जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव थे, को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक बिहार के विकास आयुक्त के पद पर प्रतिस्थापित किया गया है। वह अगले आदेश तक सदस्य राजस्व परिषद बिहार पटना तथा अपर मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग बिहार पटना के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

# 29 से 31 मार्च तक देश भर के साहित्यकारों का लगेगा महाकुंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आगामी 29,30, 31 मार्च को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आहूत हो रहे साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के अमृत-महोत्सव, 75वां राष्ट्रीय अधिवेशन तथा बिहार सम्मेलन के 43वें महाधिवेशन की स्वागत समिति का गठन किया गया है। सम्मेलन की विगत कार्य समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष ने पूर्व सांसद और वरिष्ठ हिन्दी सेवी डा. रवीन्द्र किशोर सिन्हा की अध्यक्षता में 63 सदस्यीय स्वागत समिति गठित की है जिसमें 33 उपाध्यक्ष और 21 महासचिव बनाए गए हैं। पटना में लग रहे तीन दिवसीय इस साहित्यिक महाकुंभ के अतिथि साहित्यकारों के सम्मान और सुविधाओं के लिए यह समिति सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। महोत्सव में उद्घाटन और समापन-सह-अलंकरण समारोह के अतिरिक्त 6 वैचारिक सत्र, एक विराट-कवि-सम्मेलन तथा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्वागत-समिति की संरचना इस प्रकार गठित की गई है- डा. रवीन्द्र किशोर सिन्हा, पूर्व सांसद (अध्यक्ष), पद्मश्री विमल कुमार जैन, पारिजात सौरभ, सरदार महेन्दर पाल सिंह ढिल्लन, डा. मेहता नगेंद्र सिंह, डा. बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता, ई. अवध बिहारी सिंह, प्रो. लक्ष्मी सिंह, रत्ना सिन्हा, अभिजीत कश्यप, आचार्य विजय गुंजन, सुनील कुमार उपाध्याय, शुभचंद्र सिन्हा, डा. पंकज पाण्डेय, डा. सीमा रानी, डा. सुमेधा पाठक, डा. पंकज कुमार 'बसंत', ज्ञानेश्वर शर्मा, परवेज आलम, संजय शुक्ला, कमल किशोर 'कमल', सदानन्द प्रसाद, डा. सीमा यादव, मधु रानी लाल, डा. सुधा सिन्हा, इन्दु उपाध्याय, प्रेमलता सिंह राजपुत, अभय सिन्हा, डा. पंकज वासिनी, अंबरीष कांत, राजेश भट्ट, डा. अर्चना सिन्हा, चितरंजन लाल भारती, अरुण कुमार श्रीवास्तव, (सभी उपाध्यक्ष), वंदना वीथिका, शशि भूषण कुमार, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, मुकेश कुमार, आनन्द मोहन झा, डा. पूनम देवा, अभिलाषा कुमारी, संजू शरण, नीलू अग्रवाल, श्वेता गजल, अप्सरा मिश्र, नीरव समदर्शी, लता प्रासर, संजीव मिश्र, मोईन गिरीडीहवी, डा आर प्रवेश, तलअत परवीन, डा पुरुषोत्तम कुमार, श्रीकांत व्यास, अंकेश कुमार, डा. रेखा भारती मिश्र, डा सुषमा कुमारी (सभी महासचिव), डा. कुंदन लोहानी, पंकज प्रियम, शिवानन्द गिरि, सतीश कुमार राजू, नेहाल कुमार सिंह 'निर्मल', अमित कुमार सिंह, रोहित कुमार, राजेश राज (सभी सचिव)। उल्लेखनीय है कि इस बार पहली बार बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन, पटना के वार्षिक अधिवेशन के साथ प्रयाग हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयागराज का अमृत महोत्सव राष्ट्रीय अधिवेशन संयुक्त रूप से आयोजित करने का निर्णय किया गया है जिससे देश भर के साहित्यकारों का जमघट एक स्थान पर होकर पूरे देश भर में साहित्यकारों की वृहद रूप में एकजुटता से ली गई अनुशंसा का सकारात्मक, सोद्देश्यपूर्ण, सार्थक संदेश प्रचारित व प्रसारित हो सकेगा और यह वृहद भव्य आयोजन एक मील का पत्थर साबित होगा, यदि कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

# मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार होंगे। पार्टी ने उनका नाम की घोषणा कर दी है। घोषणा करने के साथ ही सदर विधायक मनीष जायसवाल के समर्थकों और उनके परिवार में खुशी का ठिकाना नहीं है। हजारीबाग के कई इलाकों में उनके कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया है। झंडा चौक, विधायक कार्यालय, सेठ मोहल्ला सभी ओर आतिशबाजी की गई। उनके घर में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उनकी पत्नी, पुत्र और पिता सभी ने पार्टी आलाकमान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है तो दूसरी ओर जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने जो तय किया है उसका स्वागत है।

# सामान्य और दिव्यांग बच्चों का एक साथ खेलना बहुत ही सुखद : केसी सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महिला इमदाद कमेटी, बिहार ने ऊर्जा पार्क में लिट्टरा पब्लिक स्कूल के बच्चों और आशदीप संस्थान के मूक बधिर बच्चों के लिए एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया। इस आयोजन का मकसद था इन दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश और उनमें यह आत्मविश्वास पैदा करना कि वो भी समाज के दूसरे आम बच्चों की तरह ही हैं और उनके हमकदम हो सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे नालंदा खुला विवि और पटना विवि के वॉयस चांसलर प्रोफेसर केसी सिन्हा। साथ में मुख्य वक्ता थे प्रोफेसर पीके पोद्दार। महिला इमदाद




कमेटी की उपाध्यक्ष ममता मेहरोत्रा ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम का संचालन कर महिला इमदाद कमेटी की सचिव पूनम चौधरी ने की। मौके पर केसी सिन्हा ने कहा कि क्रिकेट हार्ड वर्क और टीमवर्क की भावना तो पैदा करता ही है साथ आत्म विश्वास भी पैदा करता है। ऐसे में सामान्य और दिव्यांग बच्चों का एक साथ खेलना बहुत ही सुखद है। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रोफेसर केसी पोद्दार ने खेल और क्रिकेट पर विस्तार से चर्चा की। कमेटी की उपाध्यक्षा ममता मेहरोत्रा ने कहा कि यहां हार जीत महत्व नहीं है, महत्व है वह विश्वास जो असमानता को दूर कर समानता को पैदा करता है। कमेटी के सचिव पूनम चौधरी ने मौके पर कहा कि हमें इस क्रिकेट मैच का आयोजन कर गर्व हो रहा है। यह न केवल बच्चों की प्रतिभा को उजागर करता है बल्कि यह खेल में समावेशिता और पहुंच के भी महत्व को भी रेखांकित करता है। इस अवसर पर महिला इमदाद कमेटी की कार्यकारिणी अध्यक्ष उषा झा, डा. आशा त्रिपाठी, डा. मानसी पांडे, रीता सिन्हा, रंजना चौधरी सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। दोनों ही टीम के बेस्ट प्लेयर को अलग से सम्मानित किया गया।

# रौशन और शिवानी को कैरम का खिताब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विद्यापीठ अंतर्गत देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश द्वारा किया गया। उन्होंने कैरम को शिक्षा से जोड़ते हुए यह कहा कि यह एक ऐसा खेल है जिसके माध्यम से विभिन्न तरह के प्रकरण को सिखाया जा सकता है। उन्होंने इस खेल को विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा गणित विषय से जोड़ा। साथ ही बिहार विद्यापीठ, शिक्षा, संग्रहालय एवं संस्कृति की निदेशिका डॉक्टर मृदुला प्रकाश ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना दिया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम



वर्मा उपस्थित थी। इस प्रतियोगिता की समन्वयक मिताली मित्रा ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया। इस खेल का आयोजन करने हेतु तकनीकी पदाधिकारी जयप्रकाश सिंह भी मौजूद थे। इस खेल के सहयोग करने में कॉलेज के सहायक प्रोफेसर रिंपल कुमारी एवं चन्द्रकान्त आर्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में शिवानी वर्मा ने रिंकी कुमारी को सेमीफाइनल मुकाबले में 25-14 और 25-20 के अंतर से हराकर, फाइनल में प्रिया दुबे 25-10 और 25-15 अंतर से हराकर फाइनल अपने नाम किया, रोशन कुमार ने पुरुष मुकाबले में सेमीफाइनल में विवेक कुमार को 2-1 के अंतर से हराकर, फाइनल मुकाबले में आशीष कुमार को सीधे सीटों में 25-11 और 25-13 के अंतर से फाइनल का खिताब अपने नाम किया।

# मोदी राज में बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा क्रूर मजाक : डा. अखिलेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में महिला कांग्रेस के दफ्तर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में डा. सिंह ने कांग्रेस के लिए मोर्चा संगठनों को रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विकास में आधी आबादी की अहम भूमिका है। डा. सिंह ने कहा कि मोदी राज में महिलाओं पर हर तरह के अत्याचार की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा क्रूर मजाक बन गया है क्योंकि सत्ता में ऊंचे पदों पर



बैठे लोग भी बहू-बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने से नहीं चूक रहे। ऐसी परिस्थिति में महिला कांग्रेस को रणनीति बनाकर प्रदेश भर में एक असरदार आन्दोलन खड़ा करने की जरूरत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि महिला कांग्रेस के द्वारा महिला उत्पीड़न एवं शोषण के खिलाफ उठाये गये हर आवाज को प्रदेश कांग्रेस पूरी शक्ति देगी। इस अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरबत जहां फातिमा ने अपनी साल भर की रिपोर्ट पेश की और होनेवाले कार्यक्रमों से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया।

# मुख्यमंत्री को श्री शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए किया आमंत्रित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति, पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 8 मार्च 2024 को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले शिव बारात में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल से महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले शिव बारात के आयोजन को लेकर की जा



रही तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर के नंद किशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिड्ढा सहित अन्य उपस्थित थे।

# अवैध लॉटरी बेचने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले की बगोदर पुलिस ने तीन लोगो को अवैध लॉटरी बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि तीनो गिरफ्तार व्यक्ति धनबाद का रहनेवाला है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 1200 लॉटरी टिकट , 5 हजार रुपए मोटरसाइकिल जब्त किया गया है।

# अन्नपूर्णा देवी को उम्मीदवार बनाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

**कोडरमा।** भाजपा ने झारखंड के 11 लोकसभा सीट के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। अन्नपूर्णा देवी को एक बार फिर बीजेपी ने कोडरमा से अपना उम्मीदवार बनाया है। इधर अन्नपूर्णा देवी को कोडरमा लोकसभा का उम्मीदवार बनाए जाने की खबर सुन भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित नजर आ रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने झंडा चौक पर जमकर जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भाजपा की जीत का कोडरमा में दावा किया। झंडा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और अन्नपूर्णा देवी जिंदाबाद के नारे लगाए। बीजेपी जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने अन्नपूर्णा देवी की जीत का दावा किया और कहा कि बीजेपी का 400 का मिशन जरूर पूरा होगा। वहीं भाजपा नेता नितेश चन्द्रवंशी ने कहा कि कोडरमा लोकसभा में किये गए कार्यों की बदौलत उन्हें टिकट मिला है और एक बार फिर उनकी ऐतिहासिक जीत होगी।

# पक्ष-विपक्ष के शोर में धुला प्रश्नकाल

## जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण अधिनियम 2011 समेत चार विधेयक सदन से पास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** बजट सत्र के अंतिम दिन शनिवार को सदन में जमकर हंगामा हुआ। पक्ष-विपक्ष दोनों ओर से वेल में पहुंच कर सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। भारी शोरगुल के कारण स्पीकर को प्रथम पाली में सदन दो बार स्थगित करना पड़ा। दुमका में विदेशी महिला के साथ गैंगरेप के मामले को लेकर भाजपा विधायकों ने विधानसभा में हंगामा किया। भाजपा विधायक अमित मंडल ने इस मामले को उठाते हुए आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने दुमका के एसपी पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि आठ-आठ आरोपियों ने विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके कारण झारखंड ही नहीं। बल्कि पूरे देश की बदनामी हुई। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण विधानसभा की कार्यवाही को विधानसभा अध्यक्ष ने अपराह्न 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। भोजनावकाश के बाद 2 बजकर 14 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। झारखंड जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण वित्तीय स्थापनाओं में अधिनियम 2011 सदन में पेश किया गया। इसके बाद यह विधेयक सदन से पास हो गया। इसके बाद इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक 2024 सदन में पेश किया गया। यह विधेयक सदन से पास नहीं हुआ। विधायक विनोद सिंह और लंबोदर महतो की मांग पर इस विधेयक को प्रवर समिति के पास भेज दिया गया। झारखंड माल और सेवा कर संशोधन विधेयक 2024 सदन में पेश किया गया। इसके बाद यह सदन से पास हो गया। झारखंड लोक कार्य संविदा विवाद माध्यस्थम न्यायाधिकरण विधेयक 2024 में पेश किया गया। इसके बाद यह सदन से पास हो गया। सदन में पांच विधेयक पेश किये गये जिसमें से चार पास हो गये। सदन में 42 गैर सरकारी संकल्प पेश किया गया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने समापन भाषण दिया। उन्होंने सत्र संचालन में सहयोग करने के लिये विधायकों का आभार जताया।

# आई एम वेरीफाइड वोटर अभियान 4 मार्च से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सरायकेला/खरसावां।** सरायकेला खरसावां जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्वीप कार्यक्रम चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम में और बेहतर रूप से वोटरों को जोड़ने के लिए ''आई एम वेरीफाइड वोटर'' अभियान 4 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान को लेकर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने शनिवार की शाम अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस की। उपायुक्त ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा है कि ''आई एम वेरीफाइड वोटर'' अभियान के तहत सभी मतदान केंद्रों में शिविर लगाई जाएगी जिसमें वोटरो से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वोटर मतदान मतदान केंद्र में अपनी नाम दर्ज है या नहीं इसकी जानकारी ले पाएंगे। ईपिक कार्ड में किसी प्रकार की त्रुटि है तो इसका भी शिविर के माध्यम से निराकरण कर पाएंगे। जिले के सभी मतदान केंद्र में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे और वोटरों के समस्याओं का समाधान करेंगे।

# एचईसी की बदहाली के लिए केंद्र और भाजपा सरकार जिम्मेदार : विधायक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** सदन में शनिवार को सरकारी संकल्प के दौरान खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने एचईसी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एचईसी कर्मियों को 20 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। एचईसी की बदहाली के लिए केंद्र और भाजपा सरकार जिम्मेवार है। उन्होंने अगर एचईसी बंद होता है तो खाली जमीन को रैयतों को वापस कर देना चाहिये। इसका जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर ने कहा कि इसमें सरकार कुछ नहीं कर सकती है। कंपनी को ही बिना इस्तेमाल होने वाली जमीन को वापस करना चाहिये। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने नियम बनाया था कि जो कंपनी जमीन अधिकृत करेगी। अगर वह 5 साल तक इसका इस्तेमाल नहीं करती है तो उसे रैयतों को वापस कर देना होगा। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि अगर एचईसी बंद होता है तो राज्य सरकार इसे टेकओवर कर ले।अल्पसंख्यक छात्र.छात्राओं के विभिन्न विषयों को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में मांग की। उन्होंने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि राज्य में अल्पसंख्यक विद्यालयों के भवन जर्जर स्थिति में हैं। अल्पसंख्यक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को पहले मेरिट स्कॉलरशिप मिलता था। लेकिन,कोरोना काल के बाद से उक्त छात्रवृत्ति का लाभ अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को नहीं मिल रहा है। अल्पसंख्यक हित में छात्र.छात्राओं की सुविधा के लिए जर्जर अल्पसंख्यक विद्यालयों के भवन निर्माण करने की मांग की।

# मोटर वाहन दुर्घटना व मुआवजा को लेकर लोहरदगा डालसा ने किया कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार सभा कक्ष में मोटर दुर्घटना मुआवजा से संबंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डिप्टी कमांडेंट तरुण कुमार मंडल, एडीजे श्री अरविंद कुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार, सिविल सर्जन राजमोहन खलखो ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में न्यायिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, अधिवक्तागण, इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी व पारा लीगल वोलेंटियर को मोटर दुर्घटना मुआवजा एक्ट से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वहीं पीडीजे ने दुर्घटना के दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा किए जाने वाले कार्य के बारे में बताया। उन्होंने 2022 में हुए कानून संशोधन के अनुपालन पर बल देते हुए कहा कि पुलिस दुर्घटना के हर एक पहलू को बारीकी से जांचे। ताकि पीड़ित को मुआवजा एवं दोषी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जा सके। दुर्घटना में घायल व्यक्ति का सहयोग करने वाले व्यक्ति का नाम उसके अनुमति के बिना प्रयोग नहीं करना है।

# नया स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं को निजी खर्च से नहीं देना है तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची ।** राज्य में लग रहे स्मार्ट मीटर का मुद्दा शनिवार को विधानसभा में उठाया गया। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने मामला उठाया। विधायक की ओर से मुख्य रूप से स्मार्ट मीटर लगाये जाने के दौरान तार की खरीदारी और उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले बोझ पर बल दिया गया। इस दौरान विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि नया स्मार्ट मीटर लगाने के लिये उपभोक्ताओं को निजी खर्च से तार नहीं देना है। इस संबध में बिजली वितरण निगम की ओर से समय समय पर कैंप और समाचार पत्रों में विज्ञापन और खबर के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गयी है। रांची में अब तक 1 लाख 96 हजार स्मार्ट मीटर लगाये गये है। वहीं धनबाद जिला में भी दो हजार स्मार्ट मीटर लगाये गये है। अन्य किसी भी जिला में स्मार्ट मीटर की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। विधायक की ओर से पूछा गया कि पुराने मीटर को एजेंसी के लोग साथ ले जाते हैं। इस पर विभाग ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय में पुराने मीटर को सौंप दिया जाता है। विभाग की ओर से जानकारी दी गयी कि करेंट हादसा से पीड़ित लोगों या परिजनों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाता है। ऐसे मामलों में विद्युत निरीक्षक या कार्यपालक अभियंता की ओर से 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट क्षेत्रीय कार्यालय को दी जानी है। उक्त रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्रीय मुआवजा कमेटी की ओर से मुआवजा निर्गत किया जाता है।

CMYK

■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ▮बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 34, अंक : 269
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
3 मार्च 2024
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1943:** महात्मा गांधी ने 21 दिन से चली रही अपनी भूख हड़ताल को समाप्त करने का फैसला किया।
**1965:** अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया।
**1973:** वन्यजीवों के संरक्षण के संबंध में एक अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर।
**1983 :** नई दिल्ली में सातवें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन का आयोजन।
**2013:** संयुक्त राष्ट्र ने वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे के रूप में मनाने का ऐलान किया।

**जब आप दुखी हों तो कोई फैसला मत लेना जबकि जब आप खुश हों तब कोई भी वादा मत करना।**

### औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया साढ़े 21 हजार करोड़ की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का उदघाटन, शिलान्यास व लोकार्पण

# बिहार का तेज विकास मोदी की गारंटी : प्रधानमंत्री

**डबल इंजन सरकार के जरिए बिहार ने पकड़ी विकास की रफ्तार | बिहार की बेटियों-बहनों को बनाएंगे सशक्त | बिहार तभी आगे बढ़ेगा जब गरीब आगे बढ़ेगा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में विकसित बिहार बनाएंगे। इसके लिए वे कृतसंकल्प और प्रतिबद्ध हैं। बिहार को अब किसी भी हालत में पुराने दौर में वापस नहीं जाने दिया जाएगा। बिहार आगे बढ़ेगा। बिहार का विकास होगा-यह मोदी की गारंटी है। श्री मोदी ने आज औरंगाबाद के रतनुआ में आयोजित कार्यक्रम में करीब साढ़े 21 हजार करोड़ की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का उदघाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए कहा कि एक बार फिर बिहार ने डबल इंजन सरकार के जरिए विकास की रफ्तार पकड़ ली है और आज औरंगाबाद की धरती से बिहार के विकास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास की गंगा बहने वाली है और यह आपके विश्वास, उत्साह और संकल्प की ताकत से ही संभव हो रहा है। इसी विश्वास के लिए मैं आपको धन्यवाद देने के लिए यहां आया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ बिहार आगे बढ़ेगा। आज शुरू की जा रही विकास योजनाएं नए बिहार की नई दिशा की परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं विकसित हो रही हैं और इसी के तहत वंदे भारत ट्रेनें, अमृत भारत स्टेशन योजना जैसी बड़ी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। दरभंगा एवं बिहटा में बनने वाला नया एयरपोर्ट नई रोड इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ेगा जिससे लोगों को आसानी होगी। उन्होंने कहा कि एक वह दौर था जब लोगों को घरों से निकलने में डर लगता था। आज बिहार में पर्यटन की संभावनाएं विकसित हो रही है। उन्होंने कहा कि एक दौर था जब बिहार को अशांति, अराजकता और आतंक की आग में झोंक दिया गया था। युवाओं को प्रदेश छोड़कर पलायन करना पड़ा था। लेकिन आज का दौर है कि युवाओं का कौशल विकास किया जा रहा है। हम हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए 200 करोड़ की लागत से माल की नींव रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार तभी आगे बढ़ेगा जब गरीब आगे बढ़ेगा। श्री मोदी ने कहा कि वर्षों से लंबित उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है और इसके पूरा होने से बिहार और झारखंड के कई जिलों की एक लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को पानी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि आमस-दरभंगा फोरलेन सड़क बनने से गया, जहानाबाद, नालंदा, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा आदि जिलों को आधुनिक यातायात की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो जाएगी और इसके जरिए विभिन्न स्थानों पर पर्यटक सुविधाएं भी विकसित की जा सकेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बनारस-कोलकाता एक्सप्रेस-वे से औरंगाबाद के लोगों को न केवल उत्तर प्रदेश पहुंचने में आसानी होगी बल्कि कोलकाता भी कुछ घंटे में पहुंच सकेंगे। श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से बिहार के 9 करोड़ गरीबों को लाभ पहुंच रहा है तो यहां की एक करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिया गया है। इसी प्रकार बिहार के 90 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया जा रहा है और 80 लाख परिवारों को आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख रूपये की मुफ्त इलाज की गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा कि आज राज्य के 90 प्रतिशत से अधिक घरों तक नल से जल पहुंच रहा है। श्री मोदी ने कहा कि बिहार का विकास मोदी की गारंटी है और हम यहां की बेटियों-बहनों को सशक्त बनाएंगे। इसके लिए सरकार काम करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के सपूत कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न का सम्मान दिया जाना बिहार का सम्मान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बिहार में परिवारवाद की राजनीति हाशिये पर चली गई है और बिहार को लूटने का सपना देखने वालों के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में आज विपक्षी दल के नेता लोकसभा का चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं और राज्यसभा की सीटें खोज रहे हैं। उन्होंने विपक्षी दल के एक नेता पर तंज कसते हुए कहा कि मां-बाप के चलते कुर्सी तो मिल जाती है लेकिन मां-बाप के कार्यकाल में हुए कामकाज की चर्चा करने की ऐसे लोग हिम्मत नहीं जुटा पाते। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे विकास के उत्सव को मनाने के लिए अपने-अपने मोबाइल का फ्लैशलाइट ऑन करें। उनके ऐसा कहते ही पूरे सभा स्थल पर लाखों मोबाइल चमचमा उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए चार सौ सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि हम अपने पुराने जगह पर आ गए हैं और अब हम इधर-उधर जाने वाले नहीं हैं। साथ रहने से बिहार आगे बढ़ेगा और प्रधानमंत्री को यहां के विकास के लिए हम श्रेय देते रहेंगे। श्री कुमार ने कहा कि आज यहां से शुरू की जा रही विकास की विभिन्न योजनाएं बिहार के लिए उपयोगी हैं। इन योजनाओं के लिए मेरे द्वारा की जा रही मांगे मान ली गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कई नई फोरलेन सड़कों, एलिवेटेड रोड, पुलों आदि के निर्माण होने से जन सुविधाएं बढ़ेंगी तथा राज्य के विकास का मार्ग और प्रशस्त होगा। श्री कुमार ने कहा कि अब हम मिलकर काम करेंगे तथा बिहार को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार की और यहां के लोगों की आर्थिक स्थिति बेहतर हो इसके लिए काम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब वह इधर-उधर जाने वाले नहीं हैं और अब हमेशा मिलकर साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि साथ हो जाने से बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए यहां आने के लिए बार-बार धन्यवाद दिया और कहा कि आपको बिहार बार-बार आना होगा। इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा उपस्थित विशाल जन समूह का स्वागत किया। आरंभ में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्थानीय सांसद सुशील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री को प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र तथा बुके प्रदान कर स्वागत किया। इस दौरान मंच पर बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र अर्लेकर, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के अलावा औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह, काराकाट के सांसद महाबली सिंह, केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, बिहार के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, डॉ. रविशंकर प्रसाद, प्रिंस राज, रामकृपाल यादव, चंदेश्वर सिंह चंद्रवंशी, विजय मांझी आदि मौजूद थे।



## भाजपा ने की 195 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी सहित 195 प्रत्याशियों के नाम हैं। जारी सूची के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरेंगे। इसके अलावा लखनऊ से राजनाथ सिंह, मोहनलालगंज से कौशल किशोर, अमेठी से स्मृति ईरानी, इटावा से रामशंकर कठेरिया, संभल से परमेश्वर लाल सैनी, गौतमबुद्ध नगर से डॉ. महेश शर्मा, बुलंदशहर से डॉ. भोला सिंह, मथुरा से हेमामालिनी, फैजाबाद से लल्लू सिंह, गोंडा से कीर्तिवर्द्धन सिंह, लखीमपुर खीरी से अजय मिश्र टेनी को चुनाव मैदान में उतारा गया है। वहीं झारखंड के राजमहल (सु.) से ताला मरांडी, दुमका (सु.) से सुनील सोरेन, गोड्डा से डॉ निशिकांत दुबे, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, रांची से संजय सेठ, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो, सिंहभूम (सु.) से गीता कोड़ा, खूंटी (सु.) से अर्जुन मुंडा, लोहरदगा (सु.) से समीर उरांव, पलामू (सु.) से विष्णु दयाल राम एवं हजारीबाग से मनीष जायसवाल को मैदान में उतारा है।



**बोधगया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार साथ में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर।**

## सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के पांकी-मेदिनीनगर रन्नेभरी छलका पुल के नीचे तेज रफ्तार बाइक सवार चार छात्र पेड़ से टकराते हुए नीचे गिर गए। इस घटना में एक छात्र की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी जबकि एक छात्र ने इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में दम तोड़ दिया। छात्र दीपक को रिम्स रेफर कर दिया गया है। एक अन्य छात्र भी हादसे में घायल है। बताया जा रहा है कि नौवीं की परीक्षा देने के बाद एक ही बाइक पर चार छात्र घूमने निकल गए थे। इसी दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गए। बताया जाता है कि मृतक लाल सूरज कुमार अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ नौवीं कक्षा की परीक्षा देने पांकी रन्नेभरी स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय गया था। परीक्षा देने के बाद मृतक लाल सूरज कुमार समेत चार छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर सलगस की ओर घूमने चले गए थे। घर लौटने के दौरान रन्नेभरी छलका पुल के नीचे बाइक सवार सभी छात्र नीचे गिर गए। दुर्घटना में लाल सूरज कुमार नामक छात्र की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पांकी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पांकी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सड़क हादसे में लाल सूरज कुमार व छोटू कुमार की मौत हो गयी, जबकि दीपक कुमार की हालत नाजुक है। सभी परसिया के हैं।

## दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरपुर।** जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के झपहा सीआरपीएफ कैंप के पास शनिवार को सड़क दुर्घटना में सीतामढ़ी जिले के दो युवकों मो. दिलशाद और मो. शमशाद की मौत हो गई। वहीं, तीसरा मो. इकलाख गंभीर रूप से घायल हो गया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें पटना रेफर कर दिया है। तीनों आजमगढ़ के डुमरा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले हैं। झपहां टीओपी पुलिस के अनुसार दो दिन पहले अनियंत्रित बाइक के पीछे से खराब पड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण यह हादसा हुआ।

## मुख्य सचिव आमिर सुबहानी का वीआरएस मंजूर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव आमिर सुबहानी का वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत) को मंजूर कर लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। आमिर सुबहानी 30 अप्रैल 2024 को अपने पद से रिटायर होनेवाले थे। मगर दो महीने पहले ही उन्होंने वीआरएस ले लिया। हालांकि, अबतक उनके वीआरएस के स्वीकार किए जाने को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने कोई पत्र जारी नही किया है। दूसरी ओर, बिहार के अगले मुख्य सचिव को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। आमिर सुबहानी के बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा के राज्य का अगला मुख्य सचिव बनने की चर्चा है। हालांकि, अभी तक नीतीश सरकार की ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है। पहले चर्चा थी कि आमिर सुबहानी को कार्यकाल खत्म होने से पहले सेवा विस्तार दिया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद इसपर सहमति नहीं बन पाई। सुबहानी ने कार्यकाल खत्म होने से पहले वीआरएस के लिए आवेदन कर लिया, जिसे सीएम नीतीश ने मंजूर भी कर लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग इस संबंध में जल्द ही आदेश जारी करेगा। दूसरी ओर, आमिर सुबहानी के बाद आईएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा का मुख्य सचिव के तौर पर नाम सबसे आगे है। मेहरोत्रा का रिटायरमेंट अगस्त 2024 में है। अगर नीतीश सरकार उन्हें मुख्य सचिव बनाती है तो उन्हें सेवा विस्तार यानी एक्सटेंशन दिया जा सकता है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि नीतीश सरकार वीआरएस के बाद आमिर सुबहानी को बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। उन्हें बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) का चेयरमैन बनाए जाने की अटकलें भी चल रही हैं। हालांकि, सरकार की ओर से अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की गई है।

## मुख्यमंत्री ने कई विभागों की 5471 योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प से 12 हजार 268 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत की कुल 5 हजार 471 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। ये योजनाएं संयुक्त रूप से ऊर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग की है। कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा विभाग की 3 हजार 904 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से 4 ग्रिड उपकेन्द्रों का उद्घाटन एवं मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबद्ध योजना-2 का कार्यारंभ किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की 603 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से लोहिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, सुपौल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग की 6 हजार 559 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से कुल 3 हजार 957 पथों एवं 344 पुलों का शिलान्यास किया गया। साथ ही लघु जल संसाधन विभाग की कुल 1 हजार 201 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से 1 हजार 101 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ऊर्जा, स्वास्थ्य, ग्रामीण पथों एवं सिंचाई के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है। राज्य के किसानों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन दिया जा रहा है। राज्य के किसी भी कोने से अधिकतम 5 घंटे की अवधि में राजधानी पटना पहुंचने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। सबके लिए स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता, टोलों एवं गांवों को बारहमासी सड़क संपर्कता तथा हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं जल संचयन के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौरी, उपमुख्यमंत्री सह लघु जल संसाधन मंत्री विजय कुमार सिन्हा, ऊर्जा सह ग्रामीण कार्य मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, लघु जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डा. एस. सिद्धार्थ, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार, लघु जल संसाधन विभाग की विशेष सचिव आशिमा जैन, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेंद्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# मैं कांग्रेस में हूं और रहूंगी : नीतू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** कांग्रेस के हिसुआ विधायक नीतू सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों पर वायरल हो रही तस्वीरें पुरानी है और सारी बातें बेबुनियाद है। उन्होंने कहा मैं खानदानी कांग्रेसी हूँ और रहूंगी ,भाजपा में जाने का सवाल हीं नहीं है। उन्होंने कहा वह दिल्ली अपनी बेटी से मिलने के लिए पहुंची है, लेकिन मेरे दिल्ली जाने की बात को तोड़मरोड़ कर पेश किया गया और पुरानी तस्वीर को वायरल कर भाजपा से मिलने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के ना सिर्फ साथ हैं बल्कि कांग्रेस के प्रति समर्पित भी हैं और कांग्रेस में आस्था है। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली में किसी राजनीति दल से मिलने के लिए नहीं पहुंची हैं, बल्कि वह अपनी बेटी के पास गई हैं।



दरअसल, बिहार में सियासी पारा गर्म है। महागठबंधन के विधायक लगातार पाला बदल रहे हैं, ऐसे में बीते दिन कांग्रेस विधायक नीतू सिंह सुर्खियों में आ गई।

विधानसभा के बाहर मीडियाकर्मियों को उनके द्वारा दिए गए बयान कि, 'भाजपा अगर लोकसभा का सीट देगी तो वह भाजपा में शामिल हो जाएंगी' के बाद सियासी पारा हाई हो गया। लगातार कयास लगाए जाने लगे कि नीतू सिंह भी कांग्रेस को छोड़ने वाली है। इसी बीच बीती रात एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इस तस्वीर में नीतू सिंह डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के साथ मौजूद थी, फिर क्या था सियासी गलियारों में हड़कंप मच गया। वहीं जब खबरों के पीछे की सच को जानने के लिए पत्रकारों ने कांग्रेस की हिसुआ विधायक से बातचीत करने की कोशिश की। जिसके बाद कांग्रेस विधायक ने बातचीत के दौरान बताया कि उनकी वायरल तस्वीर पुरानी है। जब दोनों डिप्टी सीएम बने थे, तो हम औपचारिक मुलाकात के दौरान दोनों को बधाई दिए थे। उसी समय की ही तस्वीर है। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस के साथ हूं और कांग्रेस के प्रति मैं समर्पित हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली में अपनी बेटी से मिलने के लिए पहुंची हूं, मैं किसी भी राजनीतिक दल से मिलने के लिए दिल्ली नहीं आई हूं।

## 37 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 1 मार्च 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 7, हत्या के प्रयास में 2, अनुसूचित जाति/जनजाति में 1, दहेज हत्या में 1, पुलिस पर हमला में 1 एवं अन्य गिरफ्तारी 25 कुल 37 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 160 लीटर महुआ शराब एवं 11.35 लीटर विदेशी बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 21 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 690 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 01 लाख 81 हजार 500 रुपया वसूला गया है।

अन्य बरामदगी अन्तर्गत ट्रैक्टर 4, मोटरसाइकिल 1 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# सिरदला पंचायत समिति की बैठक 5 करोड़ 50 लाख की योजना पारित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** सिरदला प्रखंड की पंचायत समिति की बैठक शनिवार को प्रखंड कार्यालय स्थित ई-किसान भवन के सभागार में संपन्न हुई। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अर्चना कुमारी गुप्ता व संचालन कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपेश कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक, जिला पार्षद सदन में नही पहुंचे। बीडीओ ने बताया कि 15वीं वित्त योजना में टाइड-अनटाइड की 2 करोड़ 40 लाख की योजना का ब्योरा दिया गया। 15 दिनों के अंदर पारित योजना पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्य शुरू करने की बात कही गई। वहीं पूर्व की पारित योजनाओं के भुगतान पर भी चर्चा हुई। षष्ठम वित्त योजना में कुल 20 लाख रुपये की राशि प्राप्त है, जिसे कार्यालय व्यय पंचायत समिति अंतर्गत आधारभूत ढांचे पर खर्च करने पर चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपात्र लाभुकों के चयन का मुद्दा उठाया गया। बिजली बिल सुधार को समिति सदस्य साधु यादव ने सदन में मामला को उठाया। राशन वितरण में मनमानी तथा आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने की शिकायत प्रखंड उप प्रमुख सिंपी कुमारी ने शिकायत की। कार्यपालक पदाधिकारी ने टीम गठित कर मामले की जांच करने की बात कही। पंचायत समिति सदस्य लाली राजवंशी ने मनरेगा के क्रियान्वयन में पक्षपात कर पीआर एस पर मनमानी का आरोप लगाया। मनरेगा पीओ शिवकुमार भारती ने जल्द ही पंचायत समिति की योजना खोलने की बात कही। कई सदस्यों ने राशन कार्ड नहीं बनाए जाने की शिकायत की। समिति सदस्य संतोष चौधरी ने आंगनबाड़ी केंद्र पर मेन्यू उपलब्ध नहीं होने की बात रखते हुए कहा कि इसके कारण पोषाहार वितरण में गड़बड़ी की जा रही है। षष्ठम वित्त आयोग की राशि से कार्यालय के लिए आवश्यक संसाधनों की खरीदारी पर सहमति बनी। इसके अलावा अन्य कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर सीडीपीओ सीता कुजूर, बीसियो शशि रंजन कुमार, डॉ राजीव कुमार, जेई नरूद्दीन अंसारी जीविका बीपी एम कन्हैया कुमार, मुखिया रामबालक सिंह घटवारा, समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि के साथ सभी विभागीय अधिकारी व पर्वेक्षक उपस्थित रहें।

# सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से किया संपर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


नवादा। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के तहत आज नवादा जिला में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में जिला के 10 विभिन्न बूथों पर जिला के 10 कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव में स्थानीय कार्यक्रताओं के साथ जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजना के लाभार्थियों से संपर्क किया गया। लाभार्थी से संपर्क करने वालो में जिला अध्यक्ष अनिल मेहता हिसुआ विधान सभा के पचरुखी पंचायत के पिपरा गांव के बूथ नंबर 345 पर संपर्क किया। जिला महामंत्री शैलेंद्र शर्मा वारिसलीगंज विधान सभा के 138 बूथ, जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता नवादा विधान सभा के भगवानपुर में 206 बूथ, जिला उपाध्यक्ष बिनोद कुमार भोली गोविंद पुर विधान सभा के बूथ नंबर 61, जिला उपाध्यक्ष नरेश वर्मा रजौली विधान सभा के बूथ नंबर 57, जिला उपाध्यक्ष सतीश सिन्हा हिसुआ विधान सभा तैयार गांव बूथ नंबर 297 , जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पासवान नवादा विधान सभा आतौआ गांव के बूथ नंबर169, जिला कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह गोविंद पुर विधान सभा के घोराई गांव के बूथ नंबर 33, जिला मंत्री अनिरुद्ध सिंह गोविंदपुर विधान सभा के मररा गांव के बूथ नंबर 51, जिला मंत्री शिव यादव नवादा विधान सभा के 175 नंबर बूथ पर संपर्क किया। जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि आज लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत शुरुआत किया गया है , आगे कल से 11 मार्च तक भाजपा के सभी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लाभार्थियों से मिलेंगे और प्रधानमंत्री के जन कल्याणकारी योजना के बारे में बताएंगे साथ में घर-घर जाकर मोदी की गारंटी स्टीकर लगाकर पत्रक देने का काम करेंगे।



# 81 हजार राजस्व की हुई वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज(नवादा)।** बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 16 बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 33 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के जेई ने बताया आयोजित शिविर में 16 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे, जिसमे छह उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया, शेष उपभोक्ताओं को हिसुआ में निष्पादित किया जाएगा। उन्होंने कहा 33 उपभोक्ताओं ने 81 हजार 365 रुपये राजस्व जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम बिपिन कुमार, अनन्त कुमार के अलावा उपभोक्ता भोपाल प्रसाद, रविन्द्र चौधरी, अनिल यादव, नरेश शर्मा, मनोज मिस्त्री समेत अन्य शामिल हुए।



# नवादा के शिक्षकों का गया में एफएलएन प्रशिक्षण समाप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** गया जिला स्कूल स्थित प्रशिक्षण भवन में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान और स्कूल सैफ्टी पर आधारित छह दिवसीय सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण का सातवें चक्र का समापन हो गया।

प्रशिक्षण में बुनियादी भाषा के विभिन्न घटको, गणितीय सम्प्रेषण और स्कूल सैफ्टी पर छह दिनों में गतिविधियो के माध्यम से चर्चा परिचर्चा की गई। 240 प्रतिभागियो द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण किया गया। दिनांक 26 फरवरी से शुरू हुए इस प्रशिक्षण में नवादा जिले के सभी प्रतिभागियो को प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण माड्यूल, जूट बैग, नोट बुक, पेन और विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों लिए निपुण अभ्यास पुस्तिकाएं वितरित की गई। इस अवसर पर प्रचार्य गीता पाण्डेय एवं उप प्राचार्य डॉक्टर नीतू सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण सदैव शिक्षकों को नई ऊर्जा प्रदान करता है और शिक्षक इसका भरपूर उपयोग अपने विद्यालयो में करेगें। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी रामसागर यादव एवं सहायक प्रशिक्षण प्रभारी अमिताभ बचन द्वारा प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए तरीकों को विद्यालयों तक ले जाने का सभी शिक्षकों से आह्वान किया। एफएलएन प्रशिक्षण को सफल बनाने में प्रशिक्षक ऊप प्राचार्य नीतू सिंह, रानी कुमारी, मृतुन्जय कुमार, राजकुमार के सराहनीय कार्य के लिए प्रसिक्षु शिक्षको ने बधाई दी। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षको में राजेश कुमार सैलेश आजाद प्रमोद चौधरी सैलेंदर चौधरी सर्बेश कुमार गौतम, ब्रजेश कुमार, कृष्णनादन चौहान, आनंदी पासवान, श्रीकांत कुमार, कमलेश कुमार, विनय कुमार सहित सभी 240 विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए।



# विधायक ने पांच करोड़ की लागत से निर्मित दो सड़कों किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** अस्थावां प्रखंड के कैला पंचायत में 5 करोड़ 30 लाख की लागत से बने कैला मोड़ से दामचक होते हुए कोनंद पथ का उद्घाटन विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद गांव में सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा जनहित से जुड़े कई समस्याओं को भी उनके समक्ष रखा, जिसका उन्होंने निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा बुक्के देकर और शॉल ओढ़ाकर विधायक डॉ. जितेंद्र को सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि यह सभा सिर्फ आप सभी लोगों से मिलने का एक बहाना है। मेरा मकसद सिर्फ आप सभी से मिलकर सुझाव लेना है। क्षेत्र के विकास के लिए एक दूसरे का सहयोग आवश्यक है। विकास एक सतत निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। मैंने अपने कार्यकाल के दौरान किसानों की सहूलियत के लिए अस्थावां विधानसभा में एक ही वित्तीय वर्ष में पांच छिलका का निर्माण करवाया। आज अस्थावां में बाईपास से लेकर पॉलिटेक्निक कॉलेज बन गया है। हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। अस्थावां विधानसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉक को गांव की मुख्य सड़कों से जोड़ दिया गया है। सड़क बन जाने से लोगों का सर्वाधिक विकास हो रहा है। विकास कभी रुक नहीं सकता है, सभी गांव का शहरी की तरह बनाना है। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक डॉ. जितेंद्र को सांसद उम्मीदवार के रूप में देखने की बात कही। इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सीताराम प्रसाद, कैला पंचायत के मुखिया तपन कुमार, जिला परिषद सदस्य पंकज कुमार, पप्पू सिंह, मुखिया प्रशांत कुमार, उपप्रमुख विष्णुदेव प्रसाद, विनोद सिंह, भूषण कुमार, उदय शंकर कुमार, बृजराज चैहान, सोनू कुमार, केदार कुमार, बाल्मीकि कुमार, कर्मवीर कुमार, आफताब अहमद, मो. रहमानी, संवेदक सुनील कुमार के अलावा दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।



# खेत गई महिला की गला रेतकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के सृजन कोल्ड स्टोरेज के पीछे स्थित खेत में बदमाशों ने धारदार हथियार से गला रेतकर महिला की हत्या कर दी। शाम में परिजन महिला की तलाश करते खेत पहुंचे तो मसूर के पौधों से ढकी उसकी लाश मिली। तब वारदात का पता चला कि मृतका दीपनगर निवासी स्व. राजो महतो की 55 वर्षीया पत्नी सुदमिया देवी हैं। महिला अपने छोटे पुत्र धर्मेंद्र के साथ रहती थी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में कर, उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाई। घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। परिजन संपत्ति विवाद में गोतिया पर संदेह जता रहे हैं। परिवार ने बताया कि महिला के तीन पुत्र हैं। वह छोटे बेटे के साथ रहती थी। दिन सरसो का खेत गई थी। खेत में मसूर के पौधे थे। जिसे वह उखाड़ रही थी। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिवार के लोग उनकी तलाश करते खेत पहुंचे। जहां मसूर के पौधों से ढकी उनकी लाश मिली। बदमाशों ने गला रेतकर उनकी हत्या की है।

## एक नजर

### पूर्व वार्ड पार्षद के निधन पर शोक

**नवादा।** नगर परिषद के पुराने वार्ड नंबर 9 के पूर्व वार्ड पार्षद सुरेश प्रसाद सिंह का शनिवार की सुबह पटना के एक अस्पताल में निधन हो गया । फिर पिछले तीन दिनों से काफी बीमार थे। जिनका इलाज पटना में किया जा रहा था। आज सुबह उनके निधन की खबर पाकर नवादा शहर में शोक की लहर दौड़ पड़ी। चंद्रवंशी समाज के नेता के साथ-साथ वे जदयू के नेता भी थे। काफी मिलनसार प्रवृत्ति के रहे सुरेश प्रसाद सिंह के निधन की खबर पाकर सभी वार्ड पार्षदों एवं नगर परिषद के कर्मियों में भी शोक की लहर दौड़ पड़ी। नगर परिषद में मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी ज्योत प्रकाश के साथ-साथ सभी वार्ड पार्षद एवं सभी कर्मी मौजूद रहे। इधर शाम में जैसे ही उनका पार्थिव शरीर घर पर पहुंचा तो परिवार में कोलाहल मच गया। उनका अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुरेश प्रसाद सिंह का अंतिम संस्कार स्थानीय बिहार घाट पर किया गया। जिले के तमाम गण्यमान्य लोगों के साथ-साथ पूर्व विधायक कौशल यादव ने भी सुरेश प्रसाद सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है तथा प्रार्थना किया कि उनकी आत्मा की शांति मिले और परिवार को इस दुख को सहने की क्षमता भगवान दे।

## जलापूर्ति के पाइप में जोड़ी मोटर तो होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** शहरी जलापूर्ति की पाइप में मोटर जुड़े होने के कारण 30 फीसद घरों में पानी पहुंच रहा है। ऐसे घरों के लोगों को पानी के लिए रतजगा तक करना पड़ता है। जलापूर्ति की पाइप में मोटर जोड़कर पानी खिंचने वाले लोगों पर नगर निगम कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। ऐसे लोग जो जलापूर्ति की पाइप में मोटर जोड़ हुए उसे एक सप्ताह में खोल लिये जाने का आदेश दिया गया है। मोटर जब्त करने के लिए एक सप्ताह के बाद नगर निगम द्वारा अभियान चलाया जाएगा।

# विभिन्न मांगों को ले छात्र जदयू का हस्ताक्षर अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** शनिवार को हिलसा अनुमंडल के एकमात्र अंगीभूत एसयू कॉलेज में स्नातकोत्तर में शेष विषयों की पढ़ाई शुरू कराने की मांग को लेकर छात्र जदयू ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर कैम्प लगाकर हस्ताक्षर अभियान शुरु किया गया। रिशु पटेल एवं आशीष कुमार की अध्यक्षता में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष व युवा जदयू बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष विकास कुमार ने फीता काटकर किया। हस्ताक्षर अभियान में शामिल छात्र नेताओं ने कहा कि कॉलेज में पीजी की पढ़ाई शुरू हुई वह छात्र जदयू के सतत प्रयासों का परिणाम है। पीजी की पढ़ाई शुरू कराने में छात्र जदयू ने वर्षों तक संघर्ष किया और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया था। जिसमे करीब 10000 लोगों ने अपना हस्ताक्षर बनाकर समर्थन किया था। पीजी की पढ़ाई तो शुरू हो गयी। लेकिन मात्र चार विषयों में ही हो पायी, उसमें मात्र 30 सीटें ही निर्धारित की गई है, जो पर्याप्त नहीं है। छात्र जदयू पीजी में शेष विषयों में पढ़ाई की शुरुआत, सीटों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ-साथ स्नातक में शेष विषयों की मांग को लेकर सदैव संघर्षरत रहा है। उसी क्रम में आज से लगातार तीन दिनों तक हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें आम जनों का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। पहले दिन लगभग 500 से ज्यादा लोगों ने अपना हस्ताक्षर बनाकर अपना समर्थन दिया है। इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष कुंदन कुमार, विजय कुमार विजेता, नवीन कुमार, सुभाष कुमार, पिंकू कुमार, अशोक कुमार, आशुतोष विजेता, अमित पटेल, अमन पटेल, राकेश रौशन, नीतीश कुमार, रौशन कुमार, साधना कुमारी, कुसुम कुमारी, रिया कुमारी आदि शामिल थे।




## ढाढ़र नदी के पश्चिमी किनारे पर साइडवाल निर्माण की मांग

**नारदीगंज(नवादा)।** नारदीगंज ग्राम कचहरी के सरपंच प्रवेश रविदास ने बीडीओ को आवेदन देकर पंचाने नदी में साइडवाल निर्माण की मांग किया है। उन्होंने कहा कि इस नदी में नारदीगंज थाना के समीप से उस्मान मियां के घर तक साइडवाल का निर्माण होना अति आवश्यक है। यह रास्ता नारदीगंज थाना से नारदीगंज कॉलेज की ओर गई है। इस ओर सैकड़ों वर्षो से अनुसूचित परिवार इसके नदी के किनारे में बसा हुआ है।

## 14 स्थानों पर बनाया जा रहा आयुष्मान भारत कार्ड




**नारदीगंज(नवादा)।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत शनिवार से नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। इस दौरान पेश पंचायत की धनियावां गांव में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए लाभुकों की भीड़ देखी गई है। कार्यपालक सहायक मो. इमरान हुसैन, डीलर पंकज कुमार के अलावा पंचायत सचिव, विकास मित्र, आशा, आंगनबाड़ी सेविका कार्ड बनाने में तत्पर रहे। लेकिन सर्वर डाउन रहने के कारण कार्य थोड़ी धीरे-धीरे हो रहा है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन कुमार ने कहा प्रखंड के 14 स्थानों पर राशनकार्ड धारियों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शुरू हुआ है।

# नवादा में कार्यरत शिक्षिका का आकस्मिक निधन, शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा लाइन पर मिर्जापुर निवासी जगन्नाथ प्रसाद की बहू व नगर प्रखंड के नेनौरा पंचायत के मध्य विद्यालय मोहीउद्दीन में कार्यरत शिक्षिका इन्दु कुमारी का आकस्मिक निधन शुक्रवार की दोपहर हो गई। ये कई महीनों से बीमार चल रही थी। शनिवार की सुबह को शव यात्रा निकाली गई। पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शवयात्रा में शामिल हुई। सबसे खास बात यह रही की महिलाएं खुद अर्थी को कंधा देकर शमशान घाट तक पहुंचाई। जिला मुख्यालय के लाइन पर मिर्जापुर से निकली इस शवयात्रा में महिलाओं के द्वारा कंधा दिए जाने की बात चर्चा का विषय बनी रही। वहीं लोगों ने इसे परिवर्तन का लहर बताते हुए कहा कि अब महिलाएं भी पुरुषों से काम नहीं है और शमशान घाट तक जाने में नहीं कतराती है। इस मौके पर उपस्थित मानववादी संगठन अर्जक संघ के सदस्य जगदीश प्रसाद ने कहा कि समाज में पुरुषों के बराबर ही महिलाओं का हक और अधिकार है। महिलाओं ने अर्थी को कंधा देकर अपने स्वावलंबी होने का परिचय दिया है और आम महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है। आर्थिक व कंधा देने में मृतक के बड़ी बेटी दीपा भारती और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक सह छोटी बेटी शिल्पा वर्मा के अलावा बड़ी संख्या में महिलाओं के द्वारा कंधा दिया गया। मौके पर उपस्थित मृतक के पति उमेश प्रसाद निर्मल ने कहा कि मेरे घर के महिलाओं ने अर्थी को कंधा देकर समाज के लिए मिसाल बनने का काम किया गया है।

## मेंटेनेंस कार्यों को लेकर बाधित रहेगी बिजली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहटा।** रविवार और सोमवार को पीएसएस परेव मेंटेनेंस को लेकर 33/11 केवी परेव पावर हाउस मे बाधित रहेगी बिजली पावर हाउस कार्य हेतु सभी 33/11 केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 11:00 बजे से लेकर दोपहर 02:00 बजे तक बाधित रहेगी। जिसमें लई, रामतरी, परेव, कटारी आदि गांव प्रभावित रहेगा। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता अभय रंजन ने बताया कि पीएसएस परेव कार्य को लेकर सोमवार को सुबह 11:00 बजे से लेकर दोपहर 02:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति परेव पवार हाउस में बाधित रहेगी जो भी महत्वपूर्ण कार्य है वह सुबह 10:00 बजे से पहले कर ले।

# एंबुलेंस से शराब सप्लाई करते दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहटा।** आगामी लोकसभा चुनाव और होली पर्व को लेकर है जहां बिहार में पुलिस अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है इसी कड़ी में पटना जिले के बिहटा पुलिस ने बिहार मध निषेध इकाई की सूचना पर सरकारी एंबुलेंस में लदी अंग्रेजी शराब की खेप के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमे एक एंबुलेंस चालक शामिल है गिरफ्तार लोगों की पहचान वैशाली जिला निवासी रोशन कुमार और वरुण कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बेटा पुलिस को सूचना मिली कि भोजपुरी की ओर से एंबुलेंस से शराब की खेत पटना की ओर जाने वाली है जिसके बाद पटना भोजपुर बिहटा मुख मार्ग में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया इसी दौरान बिहटा चौक के पास पुलिस ने एक एंबुलेंस को देखा जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश किया जिसके बाद पुलिस ने एंबुलेंस को पकड़ा और थाना लाइ। जहां पुलिस ने एंबुलेंस की तलाशी ली तो पुलिस के भी होश उड़ गए जब एंबुलेंस के पीछे स्टेचर रखने वाली जगह के नीचे तहखाना बनाकर सभी ब्रांडेड अंग्रेजी शराब की बोतल छुपाई हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने एंबुलेंस के चालक और एक अन्य युवक को गिरफ्तार कर लिया फिलहाल दोनों युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना को लेकर थानाअध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भोजपुर से पटना की ओर एक एंबुलेंस शराब से लदी जाने वाली है जिसके बाद पुलिस ने बिहटा आरा रोड में चेकिंग अभियान चलाई जहां एक एंबुलेंस को पकड़ा गया जिसे पकड़कर थाना लाया गया और जांच के क्रम में एंबुलेंस के पीछे तहखाना बनाकर शराब की बोतल रखी हुई थी।साथ ही जब्त कुल 78.45 लीटर शराब है और विभिन्न ब्रांड के ब्रांडेड शराब की बोतल है।




## मारपीट में किशोर की मौत

**इसलामपुर (नालंदा)।** क्रिकेट खेलने के दौरान कुछ बातों को लेकर हुए विवाद मे मारपीट की घटना में एक बच्चा बुरी तरह से जख्मी हो गया। जख्मी को इलाज के लिए निजी चिकित्सक के यहां लाया गया। जहां स्थानीय चिकित्सक ने मृत्य घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि खुदागंज थाना क्षेत्र के बैरा गांव मे शनिवार की संध्या मे बच्चों के द्वारा क्रिकेट खेलने के दौरान कुछ बातों को लेकर विवाद बढ़ गया। इस दौरान बैरा गांव निवासी राजू साव का पुत्र 12 वर्षीय गुड्डू कुमार को मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। जख्मी को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए चिकित्सक के पास लाया। चिकित्सक ने जख्मी को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# लोकसभा चुनाव 2024 की भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

**उत्तर प्रदेश**

वाराणसी - नरेन्द्र मोदी
कैराना - प्रदीप कुमार
मुजफ्फरनगर - डॉ संजीव कुमार बालियान
नगीना (अजा) - ओम कुमार
रामपुर - घनश्याम लोधी
संभल - परमेश्वर लाल सैनी
अमरोहा - कंवर सिंह तंवर
गौतमबुद्धनगर - डॉ महेश शर्मा
बुलन्दशहर (अजा)- डॉ भोला सिंह
मथुरा - हेमा मालिनी
आगरा (अजा) - सत्यपाल सिंह बघेल
फतेहपुर सीकरी - राज कुमार चाहर
एटा - राजवीर सिंह (राजू भैया)
आंवला - धर्मेन्द्र कश्यप
शाहजहापुर (अजा)- अरूण कुमार सागर
खीरी - अजय मिश्रा टेनी
धौरहरा - रेखा वर्मा
सीतापुर - राजेश वर्मा
हरदोई (अजा) - जय प्रकाश रावत
मिश्रिख (अजा) - अशोक कुमार रावत
उन्नाव - साक्षी महाराज
मोहनलालगंज(अजा)- कौशल किशोर
लखनऊ - राजनाथ सिंह
अमेठी - स्मृति ईरानी
प्रतापगढ़ - संगम लाल गुप्ता
फर्रूखाबाद - मुकेश राजपूत
इटावा (अजा) - डॉ राम शंकर कठेरिया
कन्नौज - सुब्रत पाठक
अकबरपुर - देवेन्द्र सिंह ''भोले''
जालौन (अजा) - भानु प्रताप सिंह वर्मा
झांसी - अनुराग शर्मा
हमीरपुर - कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल
बांदा - आर के सिंह पटेल
फतेहपुर - साध्वी निरंजन ज्योति
बाराबंकी (अजा) - उपेन्द्र सिंह रावत
फैजाबाद - लल्लू सिंह
अंबेडकरनगर - रितेश पांडे
श्रावस्ती - साकेत मिश्रा
गोंडा - कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ रजा भैया
डुमरियागंज - जगदंबिका पाल
बस्ती - हरीश द्विवेदी
संत कबीर नगर - प्रवीण कुमार निषाद
महाराजगंज - पंकज चौधरी
गोरखपुर - रवि किशन
कुशीनगर - विजय कुमार दुबे
बांसगांव (अजा) - कमलेश पासवान
लालगंज (अजा) - नीलम सोनकर
आजमगढ़ - दिनेश लाल यादव ''निरहुआ''
सलेमपुर - रवीन्द्र कुशवाहा
जौनपुर - कृपाशंकर सिंह
चंदौली - डॉ महेंद्र नाथ पांडे

**अरूणाचल प्रदेश**

अरूणाचल पश्चिम- किरेन रिज्जू
अरूणाचल पूर्व - तापिर गाओ

**छत्तीसगढ़**

सरगुजा (अजजा)- चिंतामणि महाराज
रायगढ़ (अजजा)- राधेश्याम राठिया
जांजगीर-चंपा(अजा)- कमलेश जांगड़े
कोरबा - सरोज पांडे
बिलासपुर - तोखन साहू
राजनंदगांव - संतोष पांडे
दुर्ग - विजय बघेल
रायपुर - बृजमाहन अग्रवाल
महासमुंद्र - रूप कुमारी चौधरी
बस्तर (अजजा) - महेश कश्यप
कांकेर (अजजा) - भोजराज नाग

**दिल्ली**

चांदनी चौक - प्रणीण खंडेलवाल
उत्तर पूर्वी दिल्ली - मनोज तिवारी
नई दिल्ली - बांसुरी स्वराज
पश्चिमी दिल्ली - कमलजीत सहरावत
दक्षिणी दिल्ली - रामवीर सिंह बिधूड़ी

**गोवा**

उत्तर गोवा - श्रीपद येस्सो नाईक

**गुजरात**

कच्छ - विनोदभाई लखमाशी चावड़ा
बनासकांठा - (डॉ.) रेखाबेन हितेशभाई चौधरी
पाटण - भरतसिंहजी दाभी
गांधीनगर - अमित शाह
अहमदाबाद पश्चिम(अजा)- दिनेशभाई कोडरभाई मकवाना
राजकोट - परषोत्तम रूपाला
पोरबंदर - मनसुखभाई मंडाविया
जामनगर - पूनमबेन माडम
आणंद - मितेशभाई रमेशभाई पटेल
खेड़ा - देवुसिंह चौहान
पंचमहल - राजपालसिंह महेंन्द्रसिंह जाधव
दाहोद (अजजा) - जसवन्तसिंह भाभोर
मरूच - मनसुखभाई वसावा
बारडोली (अजजा)- प्रभुभाई नागभाई वसावा
नवसारी - सी.आर. पाटिल

**झारखंड**

राजमहल -ताला मरांडी
दुमका (अजजा) - सुनील सोरेन
गोड्डा - निशिकांत दुबे
कोडरमा - अन्नपूर्णा देवी
रांची - संजय सेठ
जमशेदपुर - विद्युत बरण महतो
सिंहभूम (अजजा)- गीता कोड़ा
खूंटी (अजजा) - अर्जुन मुंडा
लोहारदगा (अजजा)-समीर उरांव
पलामू (अजा) - विष्णु दयाल राम
हजारीबाग - मनीष जयसवाल

**मध्यप्रदेश**

मुरैना - शिवमंगल सिंह तोमर
भिंड (अजा) - संध्या राय
ग्वालियर - भारत सिंह कुशवाह
गुना - ज्योतिरादित्य सिन्धिया
सागर - लता वानखेड़े
टीकमगढ़ (अजा)- वीरेन्द्र खटीक
दमोह - राहुल लोधी
खजुराहो - वी.डी. शर्मा
सतना - गणेश सिंह
रीवा - जनार्दन मिश्र
सीधी - डॉ. राजेश मिश्रा
शहडोल (अजजा)- हिमाद्री सिंह
जबलपुर - आशीष दुबे
मंडला (अजजा) - फग्गुन सिंह कुलस्ते
होशंगाबाद - दर्शन सिंह चौधरी
विदिशा - शिवराज सिंह चौहान
भोपाल - आलोक शर्मा
राजगढ़ - रोडमल नागर
देवास (अजा) - महेंद्र सिंह सोलंकी
मंदसौर - सुधीर गुप्ता
रतलाम (अजजा) - अनिता नागर सिंह चौहान
खरगोन (अजजा) - गजेन्द्र पटेल
खंडवा - ज्ञानेश्वर पाटिल
बैतूल (अजजा) - दुर्गा दास उड़के

**राजस्थान**

बीकानेर (अजा) - अर्जुन राम मेघवाल
चुरू - देवेन्द्र झाझरिया
सीकर - स्वामी सुमेधानंद सरस्वती
अलवर - भूपेंद्र यादव
भरतपुर (अजा) - रामस्वरूप कोली
नागौर - ज्योति मिर्धा
पाली - पी.पी. चौधरी
जोधपुर - गजेन्द्र सिंह शेखावत
बोड़मेर - कैलाश चौधरी
जालौर - लुम्बाराम चौधरी
उदयपुर (अजजा) - मन्नालाल रावत
बांसवाड़ा (अजजा)- महेंद्र मालवीय
चित्तौड़गढ़ - सी पी जोशी
कोटा - बोम बिड़ला
झालावाड़ - बारां-दुष्यंत सिंह

**उत्तराखंड**

टेहरी गढ़वाल - माला राज्य लक्ष्मी साह
अल्मोडा (अजा) - अजय टम्टा

**नैनीताल**

उधमसिंह नगर - अजय भट्ट

**पश्चिम बंगाल**

कूच बिहार (अजा)- निशिथ प्रमाणिक
अलीपुरद्वार (अजजा)- मनोज तिग्गा
बेलूरघाट - डॉ सुकांता मजूमदार
मालदाहा उत्तर - खगेन मुर्मू
मालदा दक्षिण - श्रीरूपा मित्रा चौधरी
बहरामपुर - डॉ निर्मल कुमार साहा
मुर्शिदाबाद - गौरी शंकर घोष
राणाघाट (अजा) - जगन्नाथ सरकार
बनगांव (अजा) - शांतनु ठाकुर
जॉयनगर (अजा) - डॉ अशोकर कंडारी
जादवपुर - डॉ अनिर्बान गांगुली
हावड़ा - डॉ रथिन चक्रवर्ती
हुगली - लॉकेट चटर्जी
कांथी - सौमेन्दु अधिकारी
घाटल - हिरण्मय चट्टोपाध्याय
पुरूलिया - ज्योतिर्मय सिंह महतो
बांकुड़ा - डॉ सुभाष सरकार
बिष्णुपुर (अजा) - सौमित्र खान
आसनसोल - पवन सिंह
बोलपुर (अजा) - प्रिया साहा

# गया अर्बन में तेज होगी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की रफ्तार

## गया अर्बन में स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टालेटर की संख्या बढ़ाकर 300 के करीब करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया अर्बन के विभिन्न क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के इंस्टालेशन की रफ्तार तेज होगी। इंस्टालेटर की संख्या बढ़ाकर 300 की जा रही है। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक संजीव हंस के दिशानिर्देश पर बीएसपीएचसीएल के सीनियर प्रोटोकॉल अधिकारी ख्वाजा जमाल ने गया अर्बन के विभिन्न क्षेत्रों चांद चौराहा, गोल पत्थर, करीमगंज, जीबी रोड और छत्ता मस्जिद में चल रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर के इंस्टालेशन के कार्य का निरीक्षण करने के बाद यह निर्देश दिया है। इन क्षेत्रों में अब तक कुल 1842 स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल किये जा चुके हैं। पावर सबस्टेशन में 1007, चांद चौराहा में 250 और गोल पत्थर में 550 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जा चुके हैं। इसमें तेजी लाने लिए ख्वाजा जमाल ने इंटेलिस्मार्ट एजेंसी के प्रतिनिधियों को इन क्षेत्रों में इंस्टालेटर की संख्या बढ़ाने की हिदायत दी है। अभी इन क्षेत्रो में 70 इंस्टालेटर कार्यरत हैं। इनकी संख्या 250 से 300 के करीब करने को कहा है। उनके साथ गया के अधीक्षण अभियंता संजय कुमार बैरियो, कार्यपालक अभियंता प्रेम सुमन, पावर सबडिवीजन के सहायक कार्यपालक अभियंता सूरज कुमार और कनीय अभियंता चंदन भी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने गया अर्बन में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली इंटेलिस्मार्ट एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की और इंस्टालेशन कार्य में तेजी लाने के लिए जरूरी हिदायतें भी दी। उन्होंने इंस्टालेटर की संख्या 70 से बढ़ाकर 250-300 करने की हिदायत दी है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं का रूख काफी सकारात्मक दिखा है। बता दें कि गया जिले में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की शुरुआत विगत दिनों बोध गया में स्थित 80 फीट पावर सबस्टेशन से बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक संजीव हंस एवं साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेंद्र कुमार द्वारा टेस्ट मीटर लगा कर की गई थी। गया जिले में कुल 6,05,104 स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, जिसमें गया अर्बन में कुल 1.19 लाख एसपीएम इंस्टॉल किए जाएंगे। जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य इंटेलिस्मार्ट एजेंसी को दिया गया है। एजेंसी द्वारा अगले आठ महीने के अंदर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर लगा दिए जाएंगे।

## विष्णु धाम को उज्जैन के तर्ज पर कोरिडोर बनाने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के गया की पावन धरती पर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री से गया जी विष्णु धाम को उज्जैन और काशी विश्वनाथ के तर्ज पर कोरिडोर बनाने की मांग की। इस मांग पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने मुस्कुराते हुए बातें ध्यानपूर्वक सुनीं।

## दो शराबी गिरफ्तार, गए जेल

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के कुरमावां गांव से दो शराबी को शराब पीकर हल्ला करने के मामले में गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि जितेंद्र मांझी उर्फ जीतन मांझी एवं सोनू कुमार दोनों के ग्राम कुरमावां थाना कोंच को विमुक्ति अभियान के तहत शराब पीकर हल्ला गुल्ला करने के मामले में पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार किया गया।

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का एयरपोर्ट पर किया स्वागत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** भगवान विष्णु एव भगवान बुद्ध स्थली गया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विशेष विमान से शनिवार को गया के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, जिनका स्वागत बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अलंकार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी विजय सिंह , डीजीपी आईएस भट्टी ,जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एम एस, मगध रेंज के आयुक्त मयंक बड़बड़े, आईजी छात्र नील सिंह, मेयर वीरेंद्र कुमार जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी भाजपा नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसके बाद प्रधानमंत्री सी हेलीकॉप्टर से औरंगाबाद की जनसभा के लिए प्रस्थान कर गए, प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने प्रधानमंत्री को पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया।

## इनरव्हील क्लब ऑफ गया ने महिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन दी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** महिलाओं की आत्मनिर्भरता वास्तव में देश और समाज दोनों के विकास से जुड़ी है जब 50 प्रतिशत महिला आबादी वाला हमारा देश आत्मनिर्भर हो जायेगा तो हमारा देश विकासशील से विकसित देश बन जाएगा। डिस्ट्रिक के मार्च महीने के लिए दिए गए लक्ष्य - नारी सशक्तिकरण तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मद्देनजर रखते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ गया द्वारा एक महिला नेहा कुमारी को सिलाई मशीन दी गई। उसका पति दिव्यांग होने के कारण कार्य करने में असमर्थ है। मशीन मिलने पर नेहा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अभी तक अपने काम के लिए वह दूसरों पर आश्रित थी।

## नवपदस्थापित अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष का किया अभिनंदन

**खिजरसराय।** भारतीय जनता पार्टी, खिजरसराय दक्षिणी मंडल द्वारा खिजरसराय अंचल के नवपदस्थापित अंचल अधिकारी चंदन कुमार एवं खिजरसराय थाना के नवपदस्थापित थानाध्यक्ष कमलेश राम का अभिनन्दन किया गया।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची)**
**कार्यालय-भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा**
**जिला संयुक्त कृषि कार्यालय तपेज, पोस्ट,तपेज, जिला-चतरा**
E-Mail ID- chatrasco@gmail.com

**आम सूचना**

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में कृषक, कृषक समूहों एवं अन्य को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के अनुदानित दर पर वितरण हेतु''मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना'' हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना।

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–71 दिनांक 07.02.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में राज्य योजना अन्तर्गत पानी पंचायत, जलछाजन समितियों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृशक समूहों/लैम्स/पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजनान्तर्गत एक बड़ा ट्रैक्टर एवं इस के साथ कम से कम दो कृशि यंत्रो के क्रय करने पर कुल पैकेज राशि 10.00 लाख में बड़े ट्रैक्टर पर अधिकतम 50 प्रतिशत एवं दो कृषि यंत्रो के क्रय करने पर अधिकतम अनुदान 80 प्रतिशत देय होगा परन्तु कुल अधिकतम अनुदान 5.00 लाख (पांच लाख) रूपये ही देय होगा। साथ ही साथ वैसे कृषक समूह जिनके पास बड़े ट्रैक्टर पूर्व से उपलब्ध है एवं केवल कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु कृशि यंत्र की लागत का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान की राशि 2.00 (दो लाख) देय होगा। इससे अधिक राशि होने पर कृशक अपना अतिरिक्त अंशदान दे कर कृशि यंत्र प्राप्त कर सकते है। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना हेतु निर्धारित आवेदन प्रारूप में जिले के कृशकों को आवेदन करने के लिए आमत्रिंत किया जाता है। दिनांक 12.03.2024 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 11.00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, चतरा से आवेदन फार्म प्राप्त कर पूर्ण रूपेण भर कर आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना का पैकेज तैयार करने हेतु ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रो की सूची एवं अनुदान निम्न प्रकार से होगी

| S. N. | Details Of Machines | Package Cost | Target | Subsidy &Condition |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tractor (34.0-40.0 Max PTO HP Ps) Approved Model Tested by FMTTI, With Standard Tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc.& 2 Agriculture Implements. | Rs. 10.00 lakh | OSP 20 SCSP 25 | -One Tractor With Minimum Two Implements From S. No- 02 To 12 Have To Be Taken In Tractor Package. -Maximum Subsidy On Tractor @50% & On Agriculture Imlements @ 80% Of Quoted L-1 Prices As Per Eol. -Farmers Group Maximum Subsidy On Tractor Package Will Be Rs 5.00 Lakh |
| 02 | Rotavator (4'-6') | Rs. 3.00 Lakh | OSP-25 SCSP-08 | Any Farmer Group Having Tractor And Need extra Imlement They can Get Subsidy @ 80% Or Maximum Rs. 2.00 Lakh Whechever Is Minimum Of Quoted L-1 Price As Per Eol. |
| 03 | Cultivator (7-13 Tyne) | | | |
| 04 | Disc Harrow (11-18 Disc) | | | |
| 05 | Ridger/ Trencher/ Auger (Tractor Drawn) | | | |
| 06 | Zero Tillage Drill/Seed Cum Fertilizer Drill | | | |
| 07 | Cage Wheel Pair (Compatible to Above PTO HP Tractor) | | | |
| 08 | Wheat Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 09 | Multicrop thresher ( tractor drawn) | | | |
| 10 | Paddy Thresher (tractor drawn) | | | |
| 11 | Power Maize Thresher / Maize dehusker Cum sheller (T.D) | | | |
| 12 | MB plough (2 Bottom) | | | |

1. जिन समूहों के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक (प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत ) भूमि होगी, उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
2. जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत स्थानीय क्षेत्रीय माननीय विधायक के अनुंशसा को प्राथमिकता देते हुए जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।
3. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृशक समूहों को पूर्व में कृशि विभाग द्वारा कृशि उपकरण बैंक स्थापना या अन्य किसी योजना केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी।

नोटः–विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
चतरा।

PR.NO.321310 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24):D



**कार्यालय-झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**
**विकास भवन-बी0 समाहरणालय परिसर, प्रथम-तल**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, नगर उँटारी की विज्ञान शिक्षिका–संजू कुमारी का 14.06.2018 से बिना सूचना लगातार विद्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण पूर्व में कार्यालय पत्रांक/दिनांक–1088/10.10.2018, 174/14.02.2019, 228/28.02.2019, 386/03.06.2020 तथा कार्यालय पत्रांक/दिनांक– 932/16.09.2019 के माध्यम से दैनिक समाचार पत्रों में आवश्यक सूचना प्रकाशित कराई गई तदुपरान्त पुनः कार्यालय पत्रांक/दिनांक–1794/25.11.2023 द्वारा उन्हे अंतिम रुप से स्मारित करते हुए तत्संबंधी पत्र निबंधित डाक से उनके स्थायी पते पर भेजा गया, परन्तु उनके द्वारा न तो किसी प्रकार का जवाब दिया गया और न हीं विद्यालय में योगदान किया गया।

अतः इस आवश्यक सूचना के माध्यम से श्रीमती कुमारी को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि वे पन्द्रह दिनों के अन्दर निर्धारित विद्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करेंगी, अन्यथा एक पक्षीय निर्णय लेते हुए सेवा संविदा समाप्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 321220 School Education and Literacy (23-24)_D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (जिला नजारत शाखा)**

**-: रद्द संबंधी सूचना :-**

इस कार्यालय के पत्रांक–139/जि0नजा0, दिनांक–27.02.2024 द्वारा आमंत्रित ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–NDC/CHATRA/01/2023-24 (PR No. 320725 District (23-24)_D) में वर्णित कार्य (Installation of Solar Street Light with 75 WP solar panel, 12W LED Luminare and 12.8 V-30 H LI Battery as per MNRE Specification) (चतरा नगर परिषद् अन्तर्गत कुल 1950 सोलर लाईट का अधिष्ठापन) का ई–निविदा अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

अनु0 :–यथोक्त।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता
चतरा

PR 321200 District (23-24)_D



**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PANCHAYAT, SHRI BANSHIDHAR NAGAR**

**Request for Proposal/E-Procurement Notice**

**REQUEST FOR PROPOSAL NO.UDD/NPSBN/19/2023-24** **Date: 29.02.2024**

Request for Proposal are invited on behalf of **SHRI BANSHIDHAR NAGAR, NAGAR PANCHAYAT (NPSBN),** Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible companies / firm/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and Financial capability for the following works:

| No. | Description of Package | Estimated Capital & O&M Cost (Rs. in lac) | Earnest Money (Rs in lac) | Tender Fee (Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Door to Door Collection & Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up & operation of Material Recovery facility, Transfer Station & Transportation Facility, Developing & Operating a Wet & Dry Waste Processing Facility and Engineered Sanitary Landfill Facility in municipal area as per SWM Rules 2016 & SBM 2.0 guidelines, for Ramgarh Town and Ramgarh Cantonment Board in Jharkhand, on a long-term Design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 years O&M | 950.65 & 6064.07 | 9.50 | 25000.00 | 16 Month Construction & 20 Yrs O&M |
| 2 | Publication of Tender on Website | 07.03.2024 | | | |
| 3 | Last date for receiving queries | 14.03.2024 | | | |
| 4 | Pre bid meeting | 15.03.2024 | | | |
| 5 | Last Date/Time for Receipt of bid Online | 28.03.2024 By 3:00 PM | | | |
| 6 | Opening of technical bid | 30.03.2024 By 4:00 PM | | | |
| 7 | Official Inviting Tender | Administrator, NP. Shri Banshidhar Nagar | | | |
| 8 | Mobile Number | 8969293393 | | | |
| 9 | E-mail | npsbnagar@gmail.com | | | |
| 10 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | | |

Only e-tenders are acceptable.Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Constractor should be registered in appropriate class as per NIT.
3. Estimated cost/ Quantity may vary.

Administrator,
NP. S.B. Nagar.

PR 321289 Urban Development(23-24)#D



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा अनुभवी व्यक्तियों/फर्मो से दो पैकेट टेंडर प्रणाली के माध्यम से मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पॉच वर्षो के लिए कैटरिंग स्टॉल के आवंटन हेतु ई–निविदा आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः– **कैटरिंग स्टॉल एवं स्थान/स्टेशन का विवरणः क्र०सं० 1.** पं० दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 3/4 पर कैटरिंग स्टॉल सं० 09, **प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू० में):** 977000/–, **धरोहर राशि (रू० में):** 508100/–, **2.** पं० दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 5/6 पर कैटरिंग स्टॉल सं०11, **प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू० में):** 571000/–, **धरोहर राशि (रू० में):** 297000/–, **3.** पं० दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 7/8 पर कैटरिंग स्टॉल सं०16, **प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू० में):** 591000/–, **धरोहर राशि (रू० में):** 307400/–, **4.** सासाराम स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 3/4 पर कैटरिंग स्टॉल सं० 05, **प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू० में):** 236000/–, **धरोहर राशि (रू० में):** 122800/–, **5.** भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1/2 पर कैटरिंग स्टॉल सं० 02, **प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू० में):** 101000/–, **धरोहर राशि (रू० में):** 52600/–, **निविदा फार्म अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 20.03.2024 को 15.00 बजे तक, वेबसाइट का पता जहॉ ई–निविदा का पूर्ण विवरण उपलब्ध है **www.ireps.gov.in**

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेलवे, डी०डी०यू०**

पीआर/02427/डीडीयू/सीओएमएल/टी/23–24/44



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, 3rd Call**

अति अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या– DWSD/GAR-18/2023-24 दिनांक–29.02.2024

**Name of work :-** Construction of 125/115 mm dia with 90mtrs deep drilled tube well with installation of india mark II (IS 15500 Part-2/2004) Hand Pump with 32 mm dia GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG Machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on "Turnkey basis" under D.W & S. Divison, GArhwa for the Year 2023-24

| क0 सं0 | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GAR/DT/90 mtr-10 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – | 02.03.2024 समय 12:30 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 08.03.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य – एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 08.03.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 09.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम - ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856 | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – 0651–2490920 | |

नोट – (i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा

PR 321144 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

संपादकीय

# सरकार बची, संकट कायम

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने कांग्रेस के 6 बागी विधायकों को दलबदल कानून के तहत अयोग्य घोषित कर फिलहाल सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को बचा लिया है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वह आगे भी सुरक्षित रहेगी। जो हालात बन रहे हैं उससे लगता है कि कांग्रेस आला कमान और स्वयं सुक्खू राजनीतिक प्रबंधन में कमजोर रहे हैं। स्पीकर का यह फ़ैसला तब आया है, जब इसी हफ़्ते मंगलवार को राज्यसभा की एक सीट के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस के इन छह विधायकों ने पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर बीजेपी उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी। ये छह विधायक हैं- सुजानपुर से विधायक रजिंदर राणा, धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा, बड़सर से विधायक इंद्रदूत लखनपाल, लाहौल और स्पिति से विधायक रवि ठाकुर, गगरेट से विधायक चैतन्य शर्मा और कुटलेहड़ से विधायक दविंदर भुट्टो। स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि वह राज्य में आया राम गया राम राजनीति को बढ़ावा नहीं देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 6 विधायकों को अयोग्य क़रार दिए जाने का आदेश न्यायिक जाँच के अधीन है और न्यायिक जाँच के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। आरोप है कि इन विधायको ने विधानसभा में दो बार अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बजट सत्र के दौरान दो बार इन्होंने पार्टी व्हिप का उल्लंघन किया। उधर स्पीकर ने क्रॉस वोटिंग को लेकर सदन में हंगामा कर रहे 15 भाजपा विधायकों को निलंबित कर बजट पास करवा दिया। बहरहाल स्पीकर के फैसले से सुक्खू सरकार गिरने का खतरा टल गया है। इस बीच सुक्खू सरकार में मंत्री रहे विक्रमादित्य सिंह ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया है और उन्हें मनाने की कोशिशें जारी हैं। लेकिन अगर वह नहीं माने तो सरकार के सामने अस्तित्व का संकट और गहरा जाएगा। हिमाचल में कुल 68 विधायक हैं। इस फैसले के बाद कांग्रेस के पास अब 34 विधायक बचे हैं। सदन में भाजपा के 25 विधायक हैं जबकि 3 निर्दलीय हैं। अगर 3 निर्दलीय भी भाजपा में मिलते हैं तो भी 28 ही विधायक हो रहे हैं। अगर फ्लोर टेस्ट की नौबत आई तो कांग्रेस सरकार आसानी से बहुमत साबित कर लेगी। हालांकि, अगर विक्रमादित्य और उनका खेमा बगावत करता है तो फिर सरकार खतरे में आ जाएगी। इसी संदर्भ में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि छह निष्कासित विधायकों ने भाजपा को समर्थन दिया है, स्वाभाविक तौर पर वह हमारे ही होंगे। उन्होंने कहा कि जनता के दिल और दिमाग से कांग्रेस पार्टी उतर चुकी है। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने हिमाचल संकट को सुलझाने के लिए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को भेजा है। सुक्खू सरकार का यह संकट वास्तव में कांग्रेस का भीतरी संकट ज्यादा है। पार्टी में इस कदर गुटबाजी है कि उसका कोई स्थायी निकलना मुश्किल ही है। बताया जाता है कि बागियों के पीछे पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह और उनके बेटे की शह है। यह गुट पिछले साल कांग्रेस हाई कमान द्वारा सुक्खू को सीएम बनाने से नाराज था। कांग्रेस की मुश्किल यह है कि अगर वो सुक्खू को हटाकर किसी और सीएम बनाती है तो पार्टी में कलह और बढ़ जाएगी। और नहीं हटाती है तो बगावत चल ही रही है। यानी इधर कुआं, उधर खाई वाली स्थिति है। किसी को भी बनाएं तो भी गुटबाजी खत्म नहीं होने वाली। दूसरी तरफ भाजपा सत्ता पर आंख गड़ाए बैठी है और इसी माह लोकसभा चुनाव भी घोषित होने हैं। जरा सी असावधानी सरकार से हाथ धोने का सबब बन सकती है।

# 'अमीर और अमीर... गरीब और गरीब' जुमले का सच

**पिछले 10 वर्षों में तकनीक के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भ्रष्टाचार के वास्तविक लाभार्थियों को मिले। इस व्यवस्था को मूर्त रूप देने के लिए जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को ऐतिहासिक लालकिले की प्राचीर से जनधन योजना की घोषणा की, जिसका शुभारम्भ 28 अगस्त 2014 को पूरे देश में हुआ तब विरोधी दलों और स्वघोषित बुद्धिजीवी के एक वर्ग ने इसका उपहास किया। कहा गया कि जिनके पास जमा कराने को एक रुपए तक नहीं, उनके बैंक खाता खुलवाने का क्या अर्थ? तब से देश में लगभग 52 करोड़ जनधन बैंक खाते खोले जा चुके हैं, जिसमें मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लगभग 2.21 लाख करोड़ जमा है। मोदी सरकार पारदर्शिता के साथ भीषण कोरोनाकाल से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है। इसी प्रकार की नीतियां गरीबी के खिलाफ एक बड़ा हथियार बनकर उभरे हैं।**

## बलबीर पुंज

वर्ष 1950 से 1980 दशक में हिंदी फिल्मों, राजनीतिक विमर्श और आम बोलचाल की भाषा में एक जुमला 'देश में अमीर और अमीर, गरीब और गरीब होता जा रहा है' बहुत प्रचलित था। परंतु यह अब गलत बयानबाजी और अर्ध-सत्य का पर्याय बन चुका है, जिसका जमीनी हकीकत से कोई लेना देना नहीं। गत दिनों सार्वजनिक हुआ 'घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण' इसका प्रमाण है। राष्ट्रीय सांख्यिकी सर्वेक्षण कार्यालय (एन.एस.एस.ओ.) द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। संक्षेप में कहें, तो यह समेकित समृद्धि का सूचक है।



स्वतंत्र भारत में प्रशासनिक व्यवस्था आदर्श स्तर की रही है, यह दावा शायद ही कोई करे। परंतु यह भी सच है कि कोई भी दल देश में सत्तारुढ़ रहा हो, तब उन्हें लोकतांत्रिक तकाजे से जनहित में कुछ न कुछ निर्णय लेने पड़े, जिनके धरातली क्रियान्वयन में अनेकों अनियमितता होने के बाद एक सीमा तक समाज में सकारात्मक बदलाव भी नजर आया। एक शताब्दी पूर्व, अर्थात् 1920 से लेकर 1940 के दशक तक देश में गरीबी-भुखमरी उच्चतम स्तर पर थी। किसानों की स्थिति कितनी दयनीय थी, यह समकालीन साहित्य विशेषकर मुंशी प्रेमचंद की कहानी-रचनाओं से स्पष्ट है। तब सूखा, गरीबी और भुखमरी मानो, देश की नियति बन चुकी थी। इसकी तुलना में वर्तमान किसानों की स्थिति में भारी अंतर स्पष्ट रूप से दिखता है।

वर्ष 1943-44 में बंगाल अकाल के बारे में पढ़कर मैं आज भी सिहर उठता हूं। तब अनाज के भीषण अकाल और आसमान छूती कीमतों से बंगाल क्षेत्र में 30 लाख से अधिक लोग भूख से तड़प-तड़प कर मर गए थे। उस वक्त हालात ऐसे थे कि लोग भूख से बिलखते अपने बच्चों को नदी में फेंक रहे थे, तो न जाने कितने ही लोग ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे रहे थे। कुत्ते-गिद्ध लाशों को अपना निवाला बना रहे थे। जो बचे हुए थे, वे घास-पत्तियां खाकर जिंदा थे। तब लोगों में ब्रितानी हुकूमत की कुनीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करने का भी दम नहीं बचा था।

आज यह स्थिति किसी दुस्वप्न जैसी है। वर्तमान पीढ़ी तो ऐसी स्थिति की कल्पना भी नहीं कर सकती। अगस्त 1947 में अंग्रेजों के भारत छोडऩे के बाद वामपंथ प्रदत्त जो समाजवादी व्यवस्था देश में लागू हुई, उसने स्थिति (कालाबाजारी और भ्रष्टाचार सहित) को और विकराल बना दिया। 1991 में हुए आर्थिक सुधारों के बाद कालांतर में भारतीय उद्योग अपने पैरों पर खड़ा होने की हिम्मत जुटा पाया। उसी साहस को मई 2014 के बाद और अधिक संबल मिला, तो गरीबी के खिलाफ राजकीय लड़ाई को नई दिशा।

पिछले 10 वर्षों में तकनीक के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भ्रष्टाचार के वास्तविक लाभार्थियों को मिले। इस व्यवस्था को मूर्त रूप देने के लिए जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को ऐतिहासिक लालकिले की प्राचीर से जनधन योजना की घोषणा की, जिसका शुभारम्भ 28 अगस्त 2014 को पूरे देश में हुआ तब विरोधी दलों और स्वघोषित बुद्धिजीवी के एक वर्ग ने इसका उपहास किया। कहा गया कि जिनके पास जमा कराने को एक रुपए तक नहीं, उनके बैंक खाता खुलवाने का क्या अर्थ? तब से देश में लगभग 52 करोड़ जनधन बैंक खाते खोले जा चुके हैं, जिसमें मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लगभग 2.21 लाख करोड़ जमा है। मोदी सरकार पारदर्शिता के साथ भीषण कोरोनाकाल से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है। इसी प्रकार की नीतियां गरीबी के खिलाफ एक बड़ा हथियार बनकर उभरे हैं।

'घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण' के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का खर्च बढ़ा है। वर्ष 2022-23 में औसत प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू उपभोग खर्च (एम.पी.सी.ई.) ग्रामीण भारत में 3,773 और शहरी क्षेत्रों में 6,459 है, जो 2011-12 में क्रमशः1,430 और 2,630 था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार भोजन (अनाज-दाल) पर घरों का खर्चा 50 प्रतिशत से नीचे चला गया है, वहीं शहरी क्षेत्रों में भोजन पर खर्च घटकर 40 प्रतिशत से भी कम हो गया है। इसका अर्थ यह हुआ कि दाल-रोटी के अतिरिक्त, ग्रामीण-शहरी क्षेत्र में लोग अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा बेहतर जीवन जीने हेतु अन्य खाद्य-पेय उत्पादों के सेवन और फ्रिज, टी.वी., चिकित्सा, परिवहन आदि सुविधाओं में व्यय कर रहे हैं। नीति आयोग ने इसी वर्ष जनवरी में जारी चर्चा पत्र में बताया था कि भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई है, अर्थात विगत 9 वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी की श्रेणी से बाहर निकल गए हैं।

यह आकलन केवल भारतीय इकाइयों या समितियों का ही नहीं है, अपितु ऐसा ही निष्कर्ष विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आई.एम.एफ.) रूपी प्रामाणिक वैश्विक संस्थाओं का भी है। उदाहरणस्वरूप, आई.एम.एफ. ने अपने 2022 के शोधपत्र में कहा था कि भारत में बेहद गरीब लोगों की संख्या एक प्रतिशत से नीचे आ गई है। इसके लिए आई.एम.एफ. ने मोदी सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं, विशेषकर 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना' (पी.एम.जी.के.वाई.) को श्रेय दिया था। वही नीति आयोग से पहले विश्व बैंक भी देश में गरीबी घटने पर अपनी मुहर लगा चुका था।

उपरोक्त जुमला 'देश में अमीर और अमीर, गरीब और गरीब' आंशिक रूप से सच है। धनी-संपन्न परिवार और अधिक धनवान हो रहे हैं, यह एक सच है। परंतु इसी जुमले का दूसरा वर्ग अर्थात् गरीब और अधिक गरीब होता जा रहा है, विशुद्ध रूप से झूठ है। जो समूह पहले गरीबी रेखा के नीचे था, वह ऊपर उठ रहा है, जिससे नया मध्यवर्ग तैयार हो रहा है। आयकर विभाग के अनुसार, वित्तवर्ष 2013-14 और 2021-22 के बीच व्यक्तिगत करदाताओं में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय आर्थिकी वर्ष 2014 में (आकार के संदर्भ में) 11वें पायदान पर थी। आज हम 5वीं बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था हैं और निकट भविष्य में तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति भी बन जाएंगे। यह उपलब्धि गरीबी, भुखमरी और अभाव के संकट को समाप्त किए बिना प्राप्त नहीं हुई है। स्पष्ट है कि 'सर्वेसंतु निरामया' रूपी दर्शन में ही मानव-कल्याण निहित है। हाल ही में लेखक की 'ट्रिस्ट विद अयोध्या 'डिकॉलोनाइजेशन ऑफ इंडिया' पुस्तक प्रकाशित हुई है।'

अध्यात्म

## मन को नियंत्रित किए बिना आप साधक नहीं बन सकते

मन को सभी कार्यों को साधने का माध्यम माना गया है। इस मन में रज, तम और सत्व तीनों भाव होते हैं। एक साधक के लिए मन में सत्व भाव का होना जरूरी है। इसके लिए मन पर नियंत्रण होना आवश्यक है। यह नियंत्रण साधना से आता है। प्रकृति के हर पदार्थ में रजस, तमस और सत्व ये तीन गुण कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक मन में रजस, तमस और सत्व इन तीन गुणों का सामंजस्य रहता है। हालांकि मन में किसी भी समय पर कोई एक ही गुण अधिक क्रियाशील रहता है, लेकिन जब मन में तमोगुण की प्रधानता होती है, तब आलस्य, नींद, क्रोध इत्यादि बढ़ जाते हैं। उसकी सोच में घृणा, हिंसा, द्वेष प्रकट होते हैं। जब मन में रजोगुण बढ़ता है, तब मनुष्य का तन अति क्रियाशील हो जाता है और मन की सोच बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। राजसिक व्यक्ति का मन अति क्रियाशील होने से द्वेष, द्वंद्व की स्थिति में रहता है और लड़ने-झगड़ने में समय बिताता है। राजसिक मनुष्य की क्रियाशीलता हमेशा ही नकारात्मक नहीं होती, सकारात्मक भी होती है। वह काम कर सकता है, दौड़ सकता है। जिससे शरीर की क्रियाशीलता बढ़ जाती है। ऐसा मनुष्य टिककर नहीं बैठ सकता, कुछ-न-कुछ करता ही रहेगा। इसके विपरीत तामसिक मनुष्य जब भी कुछ करेगा तो गलत ही करेगा। राजसिक मनुष्य संभवत कुछ सृजन भी करेगा, अच्छा काम भी करेगा। लेकिन तामसिक मनुष्य केवल नकारात्मक कार्य ही करेगा। ऐसे ही जब मन में सत्व गुण का प्रभाव बढ़ता है, तब सात्विकता, पवित्रता, ध्यान, एकाग्रता, सुमिरन जैसे सुंदर भाव प्रकट हो जाते हैं। अगर अपने सात्विक भाव को गहरा करने के लिए साधन करते हैं तो सत्व गुण बढ़ जाएगा। अगर सत्व गुण को बढ़ाने के साधन नहीं किए तो मन में रजस या तमस की अधिकता रहेगी। जब आप किसी महात्मा के सान्निध्य में रहते हैं, तो बिना चाहे या बिना मांगे,आपको उनके ज्ञान की, वैराग्य की, ध्यान की ऊर्जा मिलती रहती है। जैसे मन में तीन गुण होते हैं। ऐसे ही मन के तीन तल होते हैं– चेतन, अवचेतन और अचेतन मन। मनुष्य किसी जन्म में पशु, किसी जन्म में पक्षी, किसी जन्म में मनुष्य रहा है। इन योनियों में दुख, सुख, खुशी, उन्माद, प्रमाद, काम इत्यादि की अनुभूतियों की छाप उसके अचेतन मन में पड़ी हुई है। करोड़ों जन्मों में आपने जो भी कुछ देखा, जो कुछ चाहा, जो कुछ सुना, उस हर अनुभव के संस्कार बीजरूप से आपके अचेतन मन में हैं। अचेतन मन में अनंत जन्मों के पड़े हुए संस्कार आपके अवचेतन मन को प्रभावित करते हैं और आपका अवचेतन मन आपके चेतन मन पर असर डालता है।

# संगीत है मानवीय संवेदनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम

**दुनिया में पश्चिमी संगीत ने भी अपना असर दिखाया है, जिसका प्रवेश अपने देश में भी हुआ, लेकिन भारतीय फिल्म उद्योग में मूर्धन्य संगीतकार नौशाद, शंकर जयकिशन, एसडी बर्मन जैसे असंख्य व्यक्तियों ने संगीत साधना में सफलता की पटकथा लिखी। गायन क्षेत्र में सुरैया, शमशाद बेगम, लता मंगेशकर, तलत महमूद, हेमंत कुमार, मन्ना डे, महेंद्र कपूर, मुकेश, रफी और किशोर कुमार जैसे गायकों ने संगीत के संसार में मिसाल कायम रखा है। प्रसिद्ध चिंतक प्लेटो ने तो संगीत को व्यक्ति की आत्मा का अंश माना था।**

## अशोक कुमार

मानव जीवन की उत्पति काल से ही संगीत अपने विविध आयाम से पूरे सामाजिक परिवेश को बांधे हुए है। जब वाद्य यंत्रों का आविष्कार नहीं हुआ था, प्रकृति अपने नैसर्गिक संसाधनों से संगीत का तान छेड़ा करती थी, जो आज भी शाश्वत है। संगीत को भारतीय संस्कृति की आत्मा और धरोहर का अमूल्य रत्न माना गया है, जबकि यह मानवीय संवेदनाओं को साझा करने का एक सशक्त स्रोत भी है।

संगीत विशेषज्ञों का अनुभव है कि यह शरीर और मन की व्याधियों से मुक्ति का प्रभावी उपचार है। मौलिक रूप से संगीत के तीन मुख्य अंग गायन, वादन और नृत्य हैं, जिसके नेपथ्य में स्वर, ताल तथा लय अपनी आभा बिखेरती है। संगीत के महारथियों की मान्यता है कि यह व्यक्ति के चित्त को एकाग्र कर उसे संतुलित बनाए रखने की क्षमता से भरपूर है।

पतंजलि दर्शन ने तो संगीत साधना को एक प्रामाणिक योग क्रिया के रूप में पहचान दी है। 'सामवेद' में मंत्रों के उच्चारण की वैदिक समगान में सातों स्वरों के प्रयोग की वृहद चर्चा है। पंडित शारंगदेव कृत 'संगीत-रत्नाकर' ग्रंथ में भी भारतीय संगीत के विस्तृत आख्यान अंकित हैं।

भारत की धार्मिक और सामाजिक मान्यताओं में संगीत का प्रचलन प्राचीन काल से विद्यमान रहा है। समय बदलने के साथ संगीत के स्वरूप में भी बदलाव होते गए। यह सामाजिक त्योहारों, सार्वजनिक मंचों, मंदिरों के साथ साथ राजमहलों, शहंशाहों के दरबार में भी दस्तक देने लगी और कालांतर में भक्ति-सह-सूफी आंदोलन ने भी भारतीय संगीत पर अपना प्रभाव स्थापित किया।

चूंकि भारत गांवों का देश है, इसलिए मूल रूप से भारतीय संगीत की स्वर लहरियां ग्रामीण परिवेश के तीज-त्योहारों में राग-रंग भरती रही हैं और विभिन्न संस्कारों के अवसर को अति उल्लासमय बनाते हुए अनोखी रौनक प्रदान करती रही हैं। मान्यता है कि श्रीकृष्ण बांसुरी के मधुर और मनमोहक धुन से सभी गोकुलवासी, यहां तक कि पशु-पक्षी भी मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

संगीत कला में दक्ष तानसेन, बैजू बावरा जैसे असंख्य महारथियों के योगदान अमिट हैं। दंतकथाओं के दृष्टांत हैं कि बैजू बावरा ने 'राग दीपक' गाकर तेल के दीप प्रज्वलित किए थे, जबकि 'मेघ मल्हार' से वर्षा, 'राग बहार' से फूल खिलाने और 'राग भीमपलासी' के गायन से पत्थर पिघलाने की वे अदभुत शक्ति रखते थे।

दुनिया में पश्चिमी संगीत ने भी अपना असर दिखाया है, जिसका प्रवेश अपने देश में भी हुआ, लेकिन भारतीय फिल्म उद्योग में मूर्धन्य संगीतकार नौशाद, शंकर जयकिशन, एसडी बर्मन जैसे असंख्य व्यक्तियों ने संगीत साधना में सफलता की पटकथा लिखी। गायन क्षेत्र में सुरैया, शमशाद बेगम, लता मंगेशकर, तलत महमूद, हेमंत कुमार, मन्ना डे, महेंद्र कपूर, मुकेश, रफी और किशोर कुमार जैसे गायकों ने संगीत के संसार में मिसाल कायम रखा है। प्रसिद्ध चिंतक प्लेटो ने तो संगीत



को व्यक्ति की आत्मा का अंश माना था।

संगीत विद्यालयों के पाठ्यक्रम की यात्रा करते हुए अब यह विषय महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों की कक्षाओं में अपना स्थान ग्रहण कर चुका है। विभिन्न टेलीविजन चैनलों पर संगीत के अधिकांश अच्छे कार्यक्रमों को देखा जा रहा है, जबकि कुछ फूहड़ और अश्लील गायन से संगीत की मूल भावना भी आहत हुई है।

इसके बावजूद 'सारेगामा' के प्रसिद्ध कार्यक्रम चार दशकों से दर्शकों का सबसे पसंदीदा कार्यक्रम सिद्ध हुआ है। संगीत के विशाल क्षेत्र से उपजे विभिन्न किस्म के खिलौनों की ध्वनि से रोते हुए शिशु चुप हो जाते हैं, जबकि दुखी मन से पीड़ित कोई भी व्यक्ति किसी भजन या गीत सुनकर कुछ पल के लिए राहत महसूस करता है। अपनी पसंद के गीत सुनकर व्यक्ति सहसा गुनगुनाने लगता है जो चरितार्थ करता है कि संगीत के तरंग में एक अदृश्य शक्ति छिपी हुई है।

शिशु के जन्म के अवसर पर सोहर, शादी में शहनाई आदि का विशेष आयोजन विरासतीय और आधुनिक काल के संगीत प्रेमियों का मनभावन पल है। बचपन की यादें बरबस मन-मंदिर को तरोताजा कर देती हैं जब गांव में सावन महीने में झूला झूलते हुए महिलाएं और बच्चे लोक गीत में लीन रहते थे।

संगीत में वह आकर्षण देखा गया है जब व्यक्ति अपनी अनुभूतियों की प्रस्तुति गायन के माध्यम से करके आंतरिक चेतना को गतिशील करता है और वह भावनाओं की गहराई तक पहुंचते हुए खुशी, प्रेम, उत्साह से सराबोर हो जाता है। वर्तमान समय में संयुक्त परिवार के टूटन के बाद एकल परिवार में अकेलेपन में संगीत एक संजीवनी बूटी के रूप में व्यवहृत हो रहा है।

एक शोधपत्र का कथन है कि संगीत प्रकल्प ने अकेलेपन के शिकार हमारे अधिकांश बुजुर्गों के मस्तिष्क को शीतलता की सक्रियता से जोड़ रखा है। पियानो, हारमोनियम, गिटार जैसे वाद्य यंत्रों के बजाने से बुजुर्गों की याददाश्त और कार्य करने की क्षमता में वृद्धि हो रही है।

अपने जीवन की भागदौड़ से थोड़ा समय निकालकर हमें संगीत के किसी भी मनोनुकूल विधा को अपनाने की चेष्टा करनी चाहिए। चिकित्सकों की सलाह है कि रात्रि शयन के पूर्व अगर थोड़ी देर भी संगीत श्रवण हो तो अच्छी और गहरी नींद आती है और थकावट दूर भागती है।

ऐसे तमाम लोग आज भी याद करते होंगे कि अस्सी के दशक में प्रांतीय सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा की अथक तैयारी काल में बीच-बीच में रेडियो से गीत सुनकर मन को हल्का कर लिया जाता था। संगीत साधकों का तो यहां तक कहना है कि संगीत व्यक्ति के शरीर के हार्मोन को संतुलित रखते हुए हमारे नकारात्मक विचारों से रक्षा करती है। किसी ने सच ही कहा है- 'संगीत जीवन का अंश है, इसके बिना जीवन एक प्रश्न है।'

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है और वह अपने कामों को प्राथमिकता देंगे, जिससे उनके काम भी समय से पूरे होंगे।

**वृषभ**

आज आपको अपने बड़े लक्ष्य पर फोकस बनाएं रखना होगा। रक्त संबंधी में सुधार आएगा और आप व्यर्थ की बातों में पड़कर अपनी ऊर्जा नष्ट ना करें।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सुख समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। आपको किसी वाद-विवाद में पडऩे से बचना होगा। व्यक्तिगत विषयों पर आपका पूरा फोकस रहेगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए किसी मन की इच्छा के पूर्ति के लिए रहेगा। आलस्य को त्यागकर आगे बढऩा होगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा में अच्छी सफलता हासिल करेंगे।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। परिजनों के साथ आप खुशनुमा पल व्यक्तित्व करेंगे। आपको किसी जोखिम को उठाने से बचना होगा।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बहुत ही सूझबूझ से काम करने के लिए रहेगा। आय के नए-नए स्रोत प्राप्त होंगे और कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ मिलेगा।

**तुला**

आर्थिक मामलों में आप आगे रहेंगे। आप अपनी जरूरी वस्तुओं की खरीदारी पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। दान धर्म के कार्यो में आपकी काफी रूचि रहेगी।

**वृश्चिक**

आज आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे और आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। लेनदेन के मामलों में फैसले आपके पक्ष में रहेंगे।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए रहेगा। आपको शासन और सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा। सुख सुविधाओं पर आपका पूरा जोर रहेगा।

**मकर**

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं और धार्मिक कार्यक्रमों पर आपका पूरा फोकस रहेगा।

**कुंभ**

आपको किसी यात्रा पर जाना अच्छा रहेगा। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है और आप अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण बनाए रखें।

**मीन**

आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। प्रयासों में तेजी आएगी, लेकिन साझेदारी में किसी काम को करने के लिए आप तैयार हो सकते हैं।

# एनीमिया मुक्त भारत के तहत जांच शिविर आयोजित

## खून की कमी होने पर लें डॉक्टरों से सलाह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** स्थानीय जगदीशपुर प्रखंड के हरिगांव पंचायत के खेल मैदान में शनिवार को रेफरल अस्पताल जगदीशपुर की ओर से एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच और जागरूकता को लेकर शिविर लगाया गया।



अस्पताल प्रबंधक साक्षी सिंह की देखरेख में लगे शिविर में डॉ. अमित कुमार, बीसीएम ममता कुमारी और एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कैंप में आए लोगों को स्वास्थ्य जांच करने के साथ-साथ लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही लोगों को एनीमिया के कारण, लक्षण एवं इससे बचाव के उपाय की जानकारी भी दी गयी। साक्षी सिंह ने बताया कि विभागीय आदेश के आलोक में कैंप लगाया गया। कैंप में आए लोगों का स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवा दी गई। उन्होंने बताया कि स्वस्थ परिवार के निर्माण के लिए एनीमिया के कारण व निदान की जानकारी होना महिलाओं की प्रमुख आवश्यकता है। एनीमिया खून की कमी से होती है इसलिए इससे बचाव के लिए प्रोटीन व आयरन युक्त खाना का सेवन करना जरूरी है। खान-पान एवं रहन-सहन का विशेष ख्याल रखना है। एनीमिया का लक्षण दिखते ही चिकित्सकों से तुरंत इलाज कराना चाहिए। चिकित्सा परामर्श का पालन करना बेहद जरूरी है। ताकि किसी बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े और बीमारी से पूरी तरह निजात मिल सके।

इस दौरान 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को एकॉफ सिरप का इस्तेमाल करने, 6 से 9 वर्ष के बच्चों कोपिंक टैबलेट, 10 से 17 वर्ष की किशोर को ब्लू टैबलेट और इससे ज्यादा उम्र वाले लोगों को रेड टैबलेट का सेवन करने का उपाय बताया गया और वितरण किया गया। इस मौके पर सीएचसी सुमन सिंह, कमलकांत सिंह, विजयन्ती कुमारी, जुली कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## 85 लोगों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** नगर पंचायत जगदीशपुर के समाज सेवी संस्था टीम जगदीशपुर द्वारा संस्था के विशेनटोला स्थित कार्यालय में आयुष्मान कार्ड से वंचित लाभुकों का मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनाया जा रहा है। 85 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। टीम जगदीशपुर के संस्थापक अनुराग सिंह राठौड़ ने बताया कि निःशुल्क इलाज और आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए राशन कार्ड में नाम और आधार कार्ड अनिवार्य है। उक्त योजना के तहत सरकार द्वारा पर लाभार्थियों को 5 लाख रुपये इलाज के लिए दिया जाएगा। पूर्व में भी टीम जगदीशपुर के जनसुविधा केंद्र पर 273 लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाया गया था। संस्था के द्वारा नए राशन कार्ड बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने, जातीय, आवासीय और आय प्रमाण पत्र सहित अन्य ऑनलाइन के कार्य निशुल्क किया जाता है।

# हेरिटेज स्कूल के वार्षिकोत्सव में अपनी मोहक प्रस्तुति से बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** हेरिटेज स्कूल ने अपनी 11वीं वार्षिकोत्सव तरंग 2024 अपने निराले अंदाज में आयोजित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता कुमारी अनुपम सिंह रही तथा समारोह की अध्यक्षता निर्देशक डा0 प्रदीप कुमार पाठक ने की।



वार्षिकोत्सव मे आकर्षक ढंग से सजे नगर भवन परिसर में स्वागतोत्सुक विद्यालय परिवार ने अपनी परम्परा को निभाते हुए सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित जन समूह को सम्बोधित किया गया। प्राचार्या डॉ0 सुषमा कुमारी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विगत वर्ष में विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी तथा छात्रों को यथोचित साधनों को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान के साथ हुआ। रंग बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-नन्हे बच्चों ने अपनी मोहक प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, गीत, संगीत, नाटक एवं सामाजिक परिवेश को छूते विषय सम्मिलित थे। विभिन्न राज्यों की संस्कृति जब नृत्य व नाटकों के माध्यम से मंच पर प्रदर्शित हुई तो विस्मित हो देखते ही रहे। सभी ने इस आयोजन की प्रशंसा की। उपस्थित जन ने तालियों की गडगड़ाहट से छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस सालाना समारोह ने शहर के गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति और आशीर्वचनों से उपकृत किया ᵽ गणमान्य अतिथियों में डा0 प्रो0 श्याम जी मिश्रा, डा0 प्रो0 सुरेन्द्र नाथ सिंह, समाजसेवी मिथिलेश पाठक, डा0 तनवीर अहमद फरीदी, दीपक पाण्डेय, डा0 श्रवण तिवारी, डा0 श्रीनिवास चतुर्वेदी, भरत प्रशाद केशरी, सरोज सिंह, प्रदीप कुमार ओझा, राहुल आनंद, गोपाल त्रिवेदी, श्याम नारायण मिश्रा, राजेश कुमार सिन्हा तथा अन्यान्य सम्माननीय अतिथियों की उपस्थिति रही। विद्यालय निदेशक डा0 प्रदीप कुमार पाठक ने सभी अतिथियों को शॉल, पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर मंच पर सम्मानित किया। साथ ही अपने उद्बोधन में बताया कि यह विद्यालय समाज के लोगों के प्रति पूर्णतः समर्पित है और मैं इसका सेवक मात्र हूं। विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय दिलीप पाठक के सपनों को साकार करने हेतु सभी अतिथियों, अभिभावकों और समाज के लोगों से सदैव उनके सुझाव और सहयोग की अपील की और वृक्षारोपण कर समाज एवं प्रकृति को संरक्षित करने का आग्रह किया। करीब 30 से अधिक रंगारंग कार्यक्रम को सैकड़ो छात्रों ने पूर्ण आत्मविश्वास के साथ निभाते हुए दर्शकों को सम्मोहित कर लिया। बच्चों ने कई संदेश परख नाटकों तथा दैनिक व विद्यार्थी जीवन के संस्कारों एवं समस्याओं को दर्शाने का कार्य किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की दो होनहार छात्राएँ तनु राय एवं वैष्णवी ने किया। अंत में विद्यालय के प्रेसिडेंट प्रेम कुमार पाठक ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए सभी आगन्तुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभी शिक्षकों का भी समारोह को सफल बनाने में किए योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में ख़ुशी, दिव्या चौरसिया, जाहन्वी, इक्षा, शिवाय यादव, सृष्टि जायसवाल, अंशी आयत, फातिमा, आरोही, रिया, काजल, अनुष्का, नीलेश, तेज श्री, नव्या, नैना, आरुषि, अंकिता, अनुष्का, आयत, श्रुहि, अरुहि, शिवाय, आकृति, वैभव, अंश ओझा सताक्षी, वैष्णवी, शिवांगी, अंशिका, संस्कार, शिवानी, लक्ष्मी, प्रीतम, ईशान, अमित, विक्रम, आदि बच्चों ने अपने प्रस्तुति से समा बांधा।

# कैंप लगाकर बनाया गया आयुष्मान कार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर नगर और प्रखंड क्षेत्र के 154 पीडीएस दुकानों पर 2 मार्च, शनिवार को लगने वाला विशेष अभियान के तहत महज आठ दुकान पर ही कैंप लगाकर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाया गया। कार्ड बनाने का जिम्मेवारी सीएससी संचालक को दी गई थी लेकिन पीडीएस दुकान पर नहीं पहुंचे। काफी संख्या में सीएससी संचालकों का पहले दिन दिन कार्य करने में रुचि नहीं रखने से लाभार्थियों में नाराजगी देखने को मिला। अभियान के तहत एमओ अमृता कुमारी जब पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया तो वहां सीएससी संचालक पहुंचे थे।उन्होंने बताया कि पहले दिन आठ दुकानों पर लाभार्थियों को कार्ड बनाया गया। करीब तीन सौ लाभार्थियों का कार्ड बनाया गया है केंद्र व प्रदेश सरकार वह हर सम्भव कदम उठा रही है कि पात्र लाभार्थियों का जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बना दिया जाए ताकि उनको किसी भी आड़े वक्त में इलाज के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत न पड़े और न ही कर्ज लेकर इलाज के लिए विवश होना पड़े। इसी को ध्यान में रखते हुए दो मार्च को विशेष अभियान के तहत क्षेत्र के पीडीएस दुकानों पर कैंप लगाना था लेकिन महज आठ जगहों पर ही कैंप लगा। इधर, मुखिया संघ के उपाध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया कि मेरे पंचायत के आटापुर में 12 बजे के बाद सीएससी संचालक पहुंचे इसके बाद कार्ड बनाने का कार्य शुरू हुआ। इससे लाभार्थी काफी परेशान दिखे। उन्होंने कहा कि इसको सूचना दूरभाष पर बीडीओ को दिया। उन्होंने कहा कि कर्मियों की लापरवाही के कारण आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# लूट की योजना बना रहे अपराधियों के मंसूबे पर फेरा पानी, हथियार सहित पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत सिन्हा थाना क्षेत्र के गजियापुर बांध के सटे कच्ची सड़क के पास से किसी घटना के अंजाम की योजना बना रहे पांच अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बताया जाता है कि गिरफ्तार अपराधी विनय कुमार बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव निवासी रामायण रजक का पुत्र, संदीप कुमार पिता सुखदेव प्रसाद तुरहा, विकास कुमार पिता मुन्ना यादव, मनदीप कुमार पिता विजय रजक, एंव महाराज कुमार पिता भुनेश्वर यादव उपरोक्त चारों सभी ग्राम गजियापुर का निवासी हैं। सिन्हा थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की कुछ कम उम्र के लड़के किसी घटना के अंजाम देने को लेकर गजियापुर बांध से सटे सड़क मार्ग पर बैठकर योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए सिन्हा थाना प्रभारी चंद्रशेखर ने अपने दल बल के साथ जाकर पांचो अपराधियों को धर दबोचा। साथ ही अपराधियों के तलाशी लेने पर अपराधियों के पास से हथियार एवं गोली बरामद की गई। उन्होंने आगे बताया कि विनय कुमार का ननिहाल गजियापुर में है। अपराधियों के पास से 7.65 का एक देसी पिस्टल एवं दो कारतूस बरामद किया गया है। थाना प्रभारी के त्वरित कार्रवाई से अपराधियों की लूट एवं अन्य घटना की योजना असफल हो गया। पांचो नाबालिक अपराधियों का गिरफ्तार होना सिन्हा थाना प्रभारी की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लीगल सेल की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** सिविल कोर्ट के पुराने बार भवन में शनिवार को बीजेपी लीगल सेल के द्वारा लोकसभा चुनाव को मद्देनजर अधिवक्ता समागम की समीक्षात्मक कार्यसमिति की बैठक की गयी। अध्यक्षता लीगल सेल के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार श्रीवास्तव व संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। बैठक में सबसे पहले पटना मे आयोजित अधिवक्ता समागम



कार्यक्रम की समीक्षा की गई। साथ ही लीगल सेल की जिला कार्यालय की उद्घाटन करने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान लीगल सेल के जिलाध्यक्ष के द्वारा अगामी लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की सरकार बनाने पर जोर दिया गया और यह भी कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ व्यक्तियों को बक्सर सांसद से व्यक्तिगत नराजगी है जिसके चलते भोली भाली जनता को गुमराह करने की क़वायद जारी है। वे अपनी व्यक्तिगत लाभ उठाने के लिए नाना प्रकार के षड्यंत्रों की रचना कर प्रचार प्रसार कर रहे हैं, जो बिलकुल ही गलत है ऐसा नहीं होना चाहिए। क्योंकि हम सभी कार्यकर्ताओं के नेता वह है जिसके हाथ में कमल है। बैठक में मुख्य रूप से सुरेन्द्र यादव, शशीभूषण राय, प्रमिला पाठक, मनोरंजन पाठक, सुशील कुमार पाठक, राजीव कुमार भगत, आरती राय, द्वारिका नाथ तिवारी, बसंत कुमार चौबे, संतोष उपाध्याय, अजय तिवारी, मनीष पाठक, अखौरी राम कृपाल विजयेन्द्र चौबे, लवकेश मिश्रा, गोपाल कृष्ण सिंह, बरमेश्वर सिंह,संजय चौबे, बंझु राम, राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित रहे।

## संपत्ति विवाद में चाचा की चाकू मार की हत्या

**आरा।** नगर थाना क्षेत्र के महादेवा रोड निवासी मंजय कुमार को उनके भतीजे ने संपत्ति विवाद में चाकू से घायल कर दिया और जिनका बाद में इलाज के क्रम में अस्पताल में मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा अभियुक्त भतीजे को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी की जा रही है।

# वतन से मुहब्बत करना ईमान की पहचान है ... असजद मदनी

**इजलास ए आम**

**अररिया।** जिले के भरगामा प्रखंड स्थित सरजमीं दारूल उलूम फैजे रहमानी वीर नगर विश्हरिया करबला मैदान में जमियते उलेमा भरगामा के तत्वाधान में हाफिजों की दस्तारबंदी के मौके पर एक दिवसीय तालिमी बेदारी और इस्लाहे माशरा को लेकर एक अजीमुस्सान जलसा बीते देर रात दुआ के बाद सम्पन्न हो गया। इस मौके पर दारूल उलूम फैजे रहमानी मदरसा से कुरान की तालीम हासिल कर हाफिज बने कुल 4 हुफफाजे कराम की दस्तारबंदी की गई। पहली बार इस मदरसे से हाफिज बने दस्तारबंदी के दिलकश मंजर को इलाके के लोग और मुल्क के अन्य बड़े शहरों से तशरीफ लाए उलमाए कराम इसके गवाह बने। जलसा की सदारत मशहूर व मारूफ अंतरराष्ट्रीय स्तर के आलिम ए



इस्लाम के बड़े मुफक्किर व मिल्लत इस्लामिया के विद्वान हजरत मौलाना मो खालिद नदवी (जो दारुल उलूम नदवते उलेमा लखनऊ उस्ताद हदीस) साहब ने की। उन्होंने कहा ईमान सबसे बड़ी दौलत है मुसलमानो के लिए। जबकि निजमत के फ्राएज मदरसा हाजा के संस्थापक अध्यक्ष जनाब मुफ्ती मो आरिफ सिद्दीकी साहब ने अंजाम दिए।

मदरसा के संस्थापक अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी साहब ने कहा कि करोना काल के लगभग पांच वर्षों के बाद ये ऐतिहासिक जलसा का आयोजन कर मदरसा दारूल उलूम फैजे ए रहमानी, वीरनगर विश्हरिया अकरथापा मे हाफिज बने बच्चों को दस्तारबंदी की गई। जलसा को खिताब करने वाले उलमाओं में मुफ्ती इनामुल बारी कासमी, मुफ्ती नसीम सहित और दीगर उलेमा इकराम भी शामिल हैं। सभी उलमाओं ने कुरान की फजीलत और हाफिजों के बुलंद मर्तबा की चर्चा की। पूरे कुरान पाक को याद कर सीने में सजा लेना ये कोई मामूली बात नही है। मौके पर उलमाओं ने कुरान और हदीस की रौशनी में तालीम की अहमियत, इसलाहे माशरा और समाज में फैली गलत रस्मो रिवाज और कुरीतियों पर खास तौर से चर्चा की। उलमाओं ने कहा शादी विवाह में दिखाने के लिए फुजूल खर्ची और समाज में युवाओं के बीच तेजी से फैल रही नशा की आदत आज समाज के लिए एक नासूर बनता जा रहा है इसे समय रहते नही रोका गया तो आने वाली हमारी युवा नस्ल और बच्चे पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी।

वहीं जमीअत उलेमा हिंद उत्तर प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी मौलाना हसन असजद मदनी ने जलसा को खिताब करते हुए उपस्थित लोगों से मुखातिब होते हुए कहा कि जिसके पास ईमान की ताकत है वो इंसान दुनिया की कोई ताकत के सामने नहीं झुकता है,वो सिर्फ खुदा के सामने अपना सर झुकाता है। मौलाना हसन असजद मदनी ने भरगामा प्रखंड के वीरनगर बिषहरिया कर्बला मैदान में प्रखंड कमेटी भरगामा द्वारा आयोजित जलसा ए आम हाफिजों की दस्तारबंदी, तालमी बेदारी व इस्लाहे मुआसरा के जलसा को संबोधित करते हुए कहा कि जंग ए आजादी में जमिअत ओलमा हिंद ने जो कुर्बानी दिया, दुसरी कोई भी तंजीम नहीं किया। भारत के विभाजन का सबसे ज्यादा विरोध हमारे पुर्वजों ने ही किया था, जंग ए आजादी में मुसलमानों की कुर्बानी बे मिसाल रही है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। मौलाना असजद मदनी ने कहा कि वतन से मोहब्बत करना इमान में दाखिल है, आजादी में बड़ी कुर्बानी मुसलमानों की है, नफरत को बढ़ावा देने वाले कभी भी मुल्क का वफदार नहीं हो सकता है। जलसा का आगाज कलामे पाक की तिलावत से हुई। मंच का संचालन मौलाना अनवारुल हक नदवी, हाजी अफजल ने संयुक्त रूप से किया। जमिअत ओलमा हिंद भरगामा के जेनरल सिक्रेट्री एस एम सलाउद्दीन ने इस्तकबालिया खोतबा पेश किया। इस अवसर पर मदरसा के नाजिम मुफ्ती मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी ने कहा कि शिक्षा इंसान को जीने का तरीका सिखाता है, जलसा में डॉ. अली हैदर नैयर, कामिल अख्तर साहब, मुख्य रूप से उपस्थित थे। जलसा को कामयाब बनाने में मदरसा हाजा के एचएम हाफिज रफी आलम, मौलाना इकबाल कासमी, मास्टर आमीन, हाफिज मुजीबुर्रहमान व अतिथियों में प्रोफ़ेसर जशीम उद्दीन, मास्टर एजाज़, इमतियाजुल हक़, हाफिज अब्दुल रकीब, मौलाना हाजी महि उद्दीन, मो. तारिक, कैसर सिक्रेट्री, मास्टर नैयर, तौकीर आलम, जुलफ़ेकार, हाजी जुनेद, मास्टर समसुजमा साहब,हाजी कमाल, आजाद खान, हसनैन, मौलाना सफी उल्ला, हाजी अजीम, मास्टर असमद, मो समद, नईम, नजीब अमीर आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## एक नजर

### अविश्वास प्रस्ताव परिचर्चा में 14 वार्ड सदस्यों ने उप मुखिया के खिलाफ किया हस्ताक्षर

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत सिन्हा पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन के परिसर में सिन्हा पंचायत मुखिया पिंकी देवी की अध्यक्षता एवं पर्यवेक्षक मिराज खान की उपस्थिति में उप मुखिया के विरुद्ध लगे अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बताया जाता है कि सिन्हा पंचायत के वर्तमान उप मुखिया पद पर लालमति देवी विराजमान है। लेकिन वार्ड सदस्यों द्वारा उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। अविश्वास प्रस्ताव के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के दिशा निर्देश में उप मुखिया पद के चयन हेतु परिचर्चा का आयोजन किया गया। सिन्हा पंचायत में वार्ड सदस्यों की संख्या 17 है। पंचायत सचिव धीरज सिंह ने बताया कि वार्ड सदस्यों द्वारा वर्तमान उप मुखिया के विरुद्ध विश्वास प्रस्ताव दिया गया था। इस आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रस्ताव के परिचर्चा में लालमती देवी के विरुद्ध में 14 वार्ड सदस्यों ने हस्ताक्षर बनाया। लेकिन अभी उप मुखिया पद पर किसी का चयन नहीं किया गया है। आगे की विभागीय कार्रवाई के बाद उप मुखिया पद का चयन किया जाएगा। सिनहा पंचायत के उप मुखिया पद पर अभी लालमती देवी आसीन है देवनाथ पाण्डेय नहीं। मौके पर मुखिया पिंकी देवी के पति धनजी प्रसाद राम अवतार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 5 मार्च को जलभरी के साथ होगा शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया बाजार स्थित शिवाला में वाराणसी के प्रकांड विद्वान एवं आचार्य अमरीश पंडित के सानिध्य में 5 मार्च को जलभरी शोभा यात्रा के साथ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह का धार्मिक अनुष्ठान शुभारंभ किया जाएगा। जलभरी शोभा यात्रा के पश्चात पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश किया जाएगा। 6 मार्च को मंडप पूजन, नगर भ्रमण एवं 7 मार्च को प्राण प्रतिष्ठाएं यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। याज्ञिक पूर्णाहुति होने के पश्चात अखंड हरिनाम संकीर्तन एवं महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए मंदिर जीर्णोधार के उपरांत बनकर पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है। शिव पारिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सरैया गांव के समस्त ग्रामीण एवं क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस जलभरी यात्रा में हजारों की संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालु भक्तगण कलश के साथ उपस्थित रहेंगे। साथ ही हाथी, घोड़ा, ऊंट, बैंड बाजा एवं रथ के साथ जलभरी शोभायात्रा काफी आकर्षक होगा।

### शाहपुर प्रखंड में आयुष्मान कार्ड बनना शुरू

**शाहपुर (भोजपुर)।** शाहपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गया। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता के दुकान पर जन सेवा केंद्र स्थापित किया गया है। लोग अपने जन वितरण प्रणाली विक्रेता के दुकान पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवा रहे हैं। पंचायत सरकार भवन या पंचायत कार्यालय भवन में कार्यरत कार्यपालक सहायक को भी संबद्ध किया गया है। सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी जन सेवा केंद्र एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की सम्बद्धता उपभोक्ता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अपने स्तर से कार्य कर रहे हैं। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मारकण्डेय सिंह ने शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या सात गोपालपुर में जन वितरण प्रणाली विक्रेता चंदन पांडे के यहां जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने की जानकारी ली। आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर डीलर्स एसोसिएशन शाहपुर के अध्यक्ष गुलाब सिंह, धनमन प्रसाद, दीपक प्रसाद, चंदन पांडे, शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11 की वार्ड पार्षद आरती देवी सहित अन्य सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता तत्परता से लगे हुए हैं।

### वर्षों के संघर्ष को आज मिला मुकाम : संघर्ष समिति

**अररिया।** वर्षों की तपस्या आज साकार रूप में दिखाई देगा इसके लिए संघर्ष के सभी साथी को नागरिक संघर्ष समिति की ओर से आभार प्रकट करते हुए बधाई देते हैं। उपरोक्त बातें संघर्ष समिति के अध्यक्ष शाहजहां शाद, प्रवक्ता पवन मिश्रा एवं सचिव रमेश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा नागरिक संघर्ष समिति की ओर से कहा गया कि विभिन्न सामाजिक संस्थान, राजनीतिक दल, गैर राजनीतिक संगठन सभी ने अपने-अपने स्तर से सरकार और रेल प्रशासन का ध्यान सहरसा- फारबिसगंज रेल लाइन की तरफ आकर्षित करने के लिए अपने-अपने तरफ से संघर्ष किया। सबका सामूहिक प्रयास का ही आज यह फलाफल साकार रूप ले रहा है। हम लोग भारत सरकार, रेल प्रशासन एवं प्रयासरत सभी संगठनों का आभार प्रकट करते हैं एवं बधाई देते हैं। आज का दिन नागरिक संघर्ष समिति के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि सांकेतिक धरना, एकदिवसीय धरना, पोस्टकार्ड लेखन, पैदल मार्च से लेकर आक्रोश मार्च तक के सफर का समापन हो गया देर से ही सही पर ट्रेन चालू होने पर क्षेत्र की जनता प्रसन्न है। हालांकि नागरिक संघर्ष समिति का संघर्ष अभी जारी रहेगा क्योंकि अभी भी पैसेंजर ट्रेन, लंबी दूरी की ट्रेन, वंदे भारत मिलना बाकी है और दिए गए ट्रेन का समय भी तर्कसंगत नहीं है. सभी मिडीया से साथी का विशेष आभार प्रकट करते हैं जिनका भरपूर सहयोग समिति को मिलता रहा है.

### कृषकों के बीच 80 प्रतिशत अनुदान पर किया गया यंत्र किट का वितरण

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत स्थित ई किसान भवन बड़हरा में कृषि यंत्र के किट का वितरण किया गया इस किट वितरण समारोह में उपस्थित किसानों के यंत्र परमिट के आधार पर किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी उमेश कुमार सुमन ने बताया कि निर्गत परमिट के आधार पर 45 किसानो को यंत्र किट प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी बड़हरा उमेश कुमार सुमन, प्रेम रंजन शशि भूषण,कीट विक्रेता हरे राम चन्द्रवंशी, किसान अवध सिंह, मंटु सिंह, विमल सिंह, विक्रांत, ललन सिंह अजीत गिरी, उपेंद्र सिंह भानु कुमार, छोटू कुमार, संतोष कुमार, जयकुमार, कृष्ण कुमार एंव दुर्गा यादव, सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

### केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का किया गया निर्णय : उदय उज्जैन

**बक्सर।** ब्रह्मपुर विधानसभा के बगेन मंडल अंतर्गत कुरूथिया मे लालमुनि चौबे स्मृति सभागार मे भारतीय जनता पार्टी की ओर से मोदी की गारंटी लाभार्थी योजनाओं पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता बगेन मंडल के अध्यक्ष उदय उज्जैन और संचालन मंडल महामंत्री मनजी पासवान ने किया। कार्यशाला मे आए भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं लाभार्थी योजना प्रभारी इंद्रजीत बहादुर सिंह उर्फ चुनू सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पीएम सम्मान निधि योजना, महिला सशक्तीकरण, उज्ज्वला गैस योजना, मुद्रा लोन, ड्रोन से खाद कीटनाशक, आयुष्मान कार्ड सहित कई कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, श्रीराम मंदिर निर्माण ही मोदी जी की गारंटी है। हिन्दुस्तान के इतिहास मे पहली बार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत गरीबों को मुफ्त राशन की व्यवस्था की गयी है ताकि कोई भी परिवार भूखा न सो पाये।

# डीएम ने अन्तरजिला सीमा क्षेत्रों पर विशेष चौकसी रखने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** आगामी लोक सभा आम निर्वाचन - 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने को लेकर फ्लाईंग स्क्वेयड की 36 टीम एवं स्टेटिक सर्विलांस की 36 टीम का गठन किया गया है। इस टीम में एक दण्डाधिकारी एक पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल सहित प्रत्येक टीम के साथ एक-एक वीडियोग्राफर की प्रतिनियुक्ति की गयी है। टीम को जीपीएस युक्त वाहन दिये गये हैं। यह टीम अवैध नगदी के लेन-देन, अंतरण, वितरण, शराब के वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुओं के वितरण जिसमें मतदाताओं के प्रभावित होने की संभावना हो, इस पर निगरानी रखेगी एवं पकड़े जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई करेगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र के लिए कम से कम तीन-तीन उड़नदस्ता दल तथा स्टैटिक सर्विलांस टीम के गठन का निदेश अभ्यर्थी व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को दिया गया था। जिलाधिकारी के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई जिसमें राज्य कर संयुक्त आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी अभ्यर्थी व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के द्वारा उक्त टीम गठन की की जानकारी जानकार दी गयी। उन्होंने बताया कि इन टीमों के अतिरिक्त वीडियो सर्विलांस की 37 टीम एवं वीडियो व्यूइंग के लिए 12 टीम गठित की गयी है। आज ही 3 बजे से इन सभी टीमों को प्रशिक्षण मोतिहारी स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सभा भवन में दिया जायेगा। जिलाधिकारी के द्वारा अन्तरजिला सीमा क्षेत्रों पर विशेष चौकसी रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जगह चिन्हित कर चेक पोस्ट, बैरियर या ड्राप गेट बनाकर कड़ायी से वाहनों की जांच करायी जाय। बैठक में उपस्थित प्रशिक्षण प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शिड्यूल बना देने एवं प्रशिक्षण स्थल का चयन कर लेने का निदेश दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी ने बताया कि जिला स्तर एवं प्रखण्ड स्तर पर मास्टर ट्रेनरों का चयन कर लिया गया है और प्रशिक्षण शिड्यूल एक से दो दिनों के अन्दर बना लिया जायेगा।वहीं इस बैठक में शिवहर और सीतामढ़ी के अनुमण्डल पदाधिकारी सहित सभी विधान सभा के सहायक निर्वाचन पदाधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग से जुड़े हुए थे। भी थे। जिनसे जिलाधिकारी ने सभी जरूरी जानकारी प्राप्त की। सहायक निर्वाचन पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि सभी सेक्टर का रूट चार्ट बना लिया गया है। पोलिंग पार्टी के लिए भी रूट चार्ट बना लिया गया है। केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल के आवासन स्थल चिन्हित कर लिये गये हैं। एआरओ के स्तर पर कोषांगों का गठन कर दिया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा प्रभावी संचार व्यवस्था बनाने के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र के आस - पास के कम से कम पाँच लोगों का नाम, पता सहित मोबाईल नम्बर भेजने का निदेश पूर्व की बैठक में दिया गया था जिस पर सहायक निर्वाची पदाधिकारियों ने बताया कि इसकी सूची बना ली गयी है। जिलाधिकारी के द्वारा वलनरेबल मैपिंग पूर्ण कर लेने तथा सहायक मतदान केन्द्रों की सूची शीघ्र भेजने का निदेश दिया गया। डीएम ने कहा कि 1500 मतदाता से अधिक होने पर बनाये गये सहायक मतदान केन्द्र उसी भवन में स्थित होना चाहिए जिसमें पहले मतदान केन्द्र रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि पारा मिलिट्री फोर्स के आवासन स्थल पर पेयजल, बिजली, शौचालय और स्वच्छता की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। इसमें कोई कमी बर्दाश्त नही की जायेगी। बैठक में बताया गया कि पारा मिलिट्री फोर्स की तीन कम्पनी कल ही जिला में आ चुकी है। बैठक में जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं गठित किये गये कोषांगो के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।




## जाम से निजात दिलाने को लेकर एसडीओ ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** नगर बाजार में लगने वाली जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर पालीगंज एसडीओ ने निजी वाहन मालिकों, कार्यपालक पदाधिकारी, वार्ड पार्षद तथा बुद्धिजीवियों के साथ अनुमंडल कार्यालय में संयुक्त बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता पालीगंज एसडीओ जयचन्द्र यादव ने किया। इस दौरान वाहन मालिकों, बुद्धिजीवियों व पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे। बैठक के दौरान वाहनों के ठहराव के लिए कुछ स्थानों को चिन्हित किया गया। वही सड़क किनारे अतिक्रमण कर रहे शब्जी, फल, मांस मछलियों के सहित छोटे छोटे दुकानों व ठेले वालो को बीच बाजार से गुजरनेवाली मुख्य सड़क से हटाकर दूसरे स्थानों पर ब्यवस्थित करने की बातों पर चर्चा किया गया।

## उड़नदस्ता दल एवं स्टैटिक निगरानी टीम को मिला प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

लोक सभा निर्वाचन - 2024 के अवसर पर बाहुबल एवं धनबल को रोकने के लिए जिला में गठित की गई। उड़नदस्ता दल एवं स्टैटिक निगरानी टीम के पदाधिकारियों को समाहरणालय स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सभा भवन में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यय अनुश्रवण कोषांग के पदाधिकारियों द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बताया गया कि उड़नदस्ता दल निर्वाचन की घोषणा होने के साथ ही अपना कार्य प्रारंभ करेगा जबकि स्टैटिक निगरानी टीम अधिसूचना जारी होने की तिथि से अपना कार्य प्रारंभ करेगा। यह टीम अवैध नगदी के लेन - देन, अंतरण, वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुओं के वितरण जिसमें मतदाताओं को प्रभावित होने के संभावना हो उस पर निगरानी रखेगी और नियमानुसार कार्रवाई करेगी।



इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि उड़नदस्ता दल का मुख्य कार्य लगातार छापेमारी अभियान चलाना है और चुनाव को प्रभावित करने वाले बाहुबल एवं धनबल के प्रभाव को रोकना है ताकि मतदाता भयमुक्त वातावरण में निष्पक्ष मतदान कर सकें। प्रशिक्षण में बताया गाया कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपया निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी को 10 हजार रुपये से अधिक का नगद भुगतान नही करना है और किये गये नगद भुगतान का अभिश्रव अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण कोषांग को उपलब्ध कराना है।

एक वाहन में 10 लाख रुपये से अधिक पाये जाने पर इसकी तत्काल सूचना आयकर प्राधिकरण को देना है। एफएसटी और एसएसटी के पदाधिकारियों को आयकर विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि वाहन जांच के दौरान वाहन में 50 हजार रुपये से अधिक की कोई नगदी पाई जाती है जिसका उययोग मतदाताओं को प्रेरित करने में होना है या इसकी संभावना है तो राशि को जब्त कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्सौल एवं बेतिया के सीमा पर लगातार चौकसी रखने एवं वाहनो की जांच कड़ाई से करने की आवश्यकता है।

## सरकारी अस्पतालों के संविदा लेखापालों ने किया कार्य बहिष्कार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)।** वेतन पुनरीक्षण में विसंगतियों को लेकर सरकारी अस्पतालों के लेखापालों ने दूसरे दिन शनिवार को कार्य का बहिष्कार कर दिया। इस दौरान लेखापाल अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थिति रहने के बावयुद कार्य को परहेज कर दिया। बिहार राज्य स्वास्थ्य संविदा लेखापाल संघ व पीएचसी बनकटवा के लेखा पाल पप्पू कुमार ने बताया कि बीते शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर अपनी मांगों को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन किया था। बताया कि आगे जबतक हमारी मांगे पूरी नही होती है तबतक आंदोलन करते रहेंगे।हमने अपनी सभी मांगों को लेकर सरकार को अवगत करा दिया गया था।

# इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज, रिजल्ट में गड़बड़ी का आरोप

## पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, 4 दिनों से धरने पर हैं छात्र-छात्राएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** इंजीनियरिंग कॉलेज में पिछले चार दिनों से धरना पर बैठे इंजीनियरिंग के स्टूडेंट को पुलिस ने दौड़ा दौड़ाकर पीटा। बताया जा रहा है कि इसमें एक छात्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गई है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस लाठीचार्ज से इंकार कर रही है। मामला जिले के मोतिहारी इंजीनियरिंग कॉलेज का है। जानकारी के अनुसार रिजल्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पिछले 4 दिनों से धरना दे रहे विद्यार्थियों ने शुक्रवार को कॉलेज के मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। जिसकी जानकारी कॉलेज के प्रिंसिपल अभय कुमार ने सदर एसडीओ श्रेष्ठ अनुपम को दी। सदर एसडीओ के निर्देश पर अंचलाधिकारी संध्या कुमारी व मुफ्फसिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार दल बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने कॉलेज गेट को खोलने के लिए छात्रों को कहा, लेकिन छात्र गेट खोलने कोई तैयार नहीं हुए। इसके बाद पुलिस ने गेट पर लगे ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गई इसके बाद छात्र उलझ गए। छात्र-छात्राओं के उग्र होने पर पुलिस ने बल का प्रयोग किया। जिसमे एक छात्रा जख्मी भी हो गई । लाठीचार्ज के बाद छात्राओं ने कॉलेज गेट के बाहर धरना पर बैठ गए। विद्यार्थियों ने कॉलेज और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि वे लोग रिजल्ट में गड़बड़ी को लिए कर शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे। वहीं छात्रों ने बताया प्रिंसिपल के कहने पर पुलिस आई और लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज में छात्रा स्वीटी भारती जख्मी हो गई। कई छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गिरफ्तार विद्यार्थियों को छोड़े और रिजल्ट की गड़बड़ी को दूर किया जाए। इस मामले में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने छात्र-छात्राओं पर लाठी चार्ज से इंकार किया है, उन्होंने बताया कि हंगामा कर रहे दो छात्रों को डिटेन किया गया ह। विद्यार्थियों ने कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया था जिसे खोलने को छात्र तैयार नहीं थे तो ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो छात्र उग्र हो गए।



## शैक्षणिक संस्थानों में पाठ्यक्रम के साथ कौशल विकास की शिक्षा आवश्यक: प्रो. मुश्ताक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** आज पूरा विश्व एक बाजार के रूप में परिवर्तित हो गया है और इस भूमंडलीकरण ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ा दी है इसलिए अब शैक्षणिक संस्थानों में पाठ्यक्रम को पूरा करने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को कौशल विकास के कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें विभिन्न प्रकार के हुनर सीखने पर जोर देना होगा ताकि छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद केवल सरकारी नौकरी पर निर्भर ना रहें बल्कि वह स्वयं रोजगार पैदा करने के लायक बने। उक्त बातें प्रोफेसर मुश्ताक अहमद, प्रधानाचार्य, सीएम कॉलेज, दरभंगा ने कहीं। प्रोफ़ेसर अहमद कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग द्वारा प्रडिलाइट एंड क्राफ्ट संस्थान के सौजन्य से आयोजित



कौशल विकास कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के द्वारा पूरे देश में युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। ऐसे समय में इस प्रकार के कार्यशाला शैक्षणिक संस्थान में आयोजित करना समय की मांग है और छात्र-छात्राओं के हित में है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ घरेलू उपयोग की सामग्रियों के निर्माण का हुनर सीखना छात्रों के भविष्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने कहा कि आज की कार्यशाला में छात्रों को फोटो फ्रेम, आमंत्रण कार्ड, दुपट्टा रंगाई, थैला निर्माण और मिथिला चित्रकार सीखने के लिए आयोजित हुआ है। पेडिलाईट आर्ट एंड क्राफ्ट के द्वारा कॉलेज में कार्यशाला आयोजन करना सार्थक सिद्ध होगा। उन्होंने संस्थान की कोऑर्डिनेटर प्रियंका चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मनोविज्ञान अध्यक्ष दो एकता श्रीवास्तव एवं डॉ विजय सेन पांडे ने इस कार्यशाला की रूप रेखा एवं इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया और हर्ष व्यक्त किया कि कॉलेज में कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत हुई है जिससे छात्राएं लाभान्वित होंगी।

## संभाषण शिविर से संस्कृत बोलने में, लिखने में प्रतिभागियों को होगी आसानी : केन्द्राधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा स्थापित अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में ज्ञान सरिता पब्लिक स्कूल, कादिराबाद, दरभंगा में गत 28 फरवरी से संचालित 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर आज चौथे दिन जारी रहा। अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्र के केन्द्राधिकारी सह शिविर संयोजक डॉ. आरएन चौरसिया ने शिविर में प्रतिभागियों की शत प्रतिशत उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ साह तथा प्रशिक्षक अमित कुमार झा को बधाई देते हुए कहा कि यह शिविर अपने मूल उद्देश्यों में सफल हो रहा है। इस संभाषण शिविर से छात्रों को भविष्य में संस्कृत बोलने में, लिखने में तथा समझने में बहुत आसानी होगी। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में संस्कृत पूरे भारतवर्ष को जोड़ने वाली भाषा थी। संस्कृत पढ़ने तथा श्लोक वाचन से बीपी, तनाव, डायबिटीज आदि बीमारियां नियंत्रित रहती हैं। संस्कृत शास्त्रीय भाषा है जो कंप्यूटर के भी अनुकूल है, जिसमें शिक्षण तथा कैरियर की असीम संभावनाएं हैं। संस्कृत- प्रशिक्षक अमित कुमार झा ने प्रतिभागियों को आपसी परिचय, संख्या ज्ञान, विभक्ति अभ्यास, वस्तु परिचय तथा लघु कथाभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि संस्कृत में धारा प्रवाह बोलना बहुत ही आसान है। इसके लिए सिर्फ निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है।

# युवक की धारदार हथियार से हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिला के फेनहारा थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है मृतक का शव खेत से बरामद हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार स्थानीय थाना की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान फेनहारा थाना क्षेत्र के बीरता गांव के दीपक सिंह के रूप में हुई है। घटना फेनहारा थाना क्षेत्र के बीरता सरेह की है। दरअसल, मृतक दीपक सिंह के पिता सुरेश सिंह होमगार्ड जवान है। दीपक सिंह भाड़े की गाड़ी चलाता था। बीते शाम किसी के फोन आने पर वह घर से निकला, लेकिन देर रात तक घर लौटकर नहीं आया तो घर वालों ने समझा कि वह कही भाड़ा पर गाड़ी चला रहा है लेकिन सुबह परिजनों को खेत में दीपक के शव मिलने की जानकारी लगी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो खून से लथपथ हालत में दीपक का शव पड़ा हुआ था। मृतक की पहचान दीपक सिंह के रुप में हुई है। उसके शरीर पर धारदार हथियार से जख्म के कई निशान मिले है। परिवारवालों से घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों के तरफ से कुछ जानकारी मिली है। वहीं डीएसपी, सुबोध कुमार, पकड़ी दयाल ने बताया की सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द हीं आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



## संजय झा को राज्यसभा सदस्य बनने से मिथिलांचल के विकास में होगी बढ़ोतरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** मिथिला का बेटा, जन-जन के नेता, विकास पुरुष संजय झा के राज्यसभा सदस्य चुने जाने के उपरांत दरभंगा आगमन पर शोभन चौक पर जदयू के सैकड़ो कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवियों द्वारा पाग- चादर, माला, पुष्प गुच्छ से भव्य स्वागत किया गया। बिहार प्रदेश जनता दल यू शिक्षा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि संजय झा का राज्यसभा चुने जाने पर मिथिलांचल की सांस्कृतिक विरासत का भरपूर विकास होगा वहीं दरभंगा शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र बनेगा। दरभंगा जिला जनता दल यूके पूर्व अध्यक्ष एवं बिहार प्रदेश जनता दल यू के सचिव सुनील भारती सहनी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री ने मिथिलांचल के विकास के लिए सही प्रतिनिधित्व किया है। संजय झा के राज्यसभा सदस्य चुने जाने पर सभी वर्गों में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर बिहार प्रदेश जनता दल शिक्षा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह, दरभंगा जिला जनता दल यू के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं बिहार प्रदेश जनता दल यू के सचिव सुनील भारती साहनी, जदयू वरिष्ठ नेता राजेश कुमार, रामनरेश यादव, मृदुल राय, श्याम रेखा मिश्रा, हायाघाट प्रखंड के पूर्व प्रमुख अशोक कुमार सिंह, प्रभु नारायण दास, शिवेंद्र रजक, गणेश मिश्रा सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सदस्य संजय झा का स्वागत करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



## होम्योपैथिक डॉक्टर का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** थाना क्षेत्र के भेरहरीय इंग्लिश गांव के पास नहर से एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शनिवार को भेड़रिया इंग्लिश गांव के ग्रामीणों की नजर गांव के पास नहर में एक ब्यक्ति की शव पर पड़ी। जिसकी सूचना मिलते ही आसपास के इलाको में सनसनी फैल गयी। वही शव मिलने की सूचना पालीगंज पुलिस को मिली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया व कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

## बीएड छात्र-छात्राओं ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े एवं खाद्य सामग्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, ल. ना. मिथिला विश्वविद्यालय संचालित बीएड (नियमित) के छात्र-छात्राओं ने पूर्व की तरह अपने सामुदायिक सेवा के तहत जरुरतमंदों के बीच कपड़े तथा खाद्य सामग्री का वितरण किया। छात्र-छात्राओं ने चार टोली बनाकर शहर के विभिन्न मंदिरों एवं रेलवे स्टेशन के पास कपड़े तथा खाद्य सामग्री का वितरण किया। एक टोली लहेरियासराय रेलवे स्टेशन के नजदीक शनि मंदिर पर इन सामानों का वितरण किया। दूसरी टोली चंद्रधारी संग्रहालय के नजदीक शनि मंदिर, तीसरी टोली दरभंगा रेलवे स्टेशन के पास वस्त्र एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया। चौथी टोली श्यामा माई मंदिर तथा मनोकामना मंदिर पर जरुरतमंदों को कपड़े तथा खाद्य सामग्री वितरित किये। पूर्वाह्ण 11:00 बजे विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार मिलन ने हरी झंडी दिखाकर चारों टोलियों को रवाना किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. मिलन ने कहा कि अच्छे शिक्षक के लिए अच्छा इन्सान होना जरुरी है। आप सभी हमारे भावी शिक्षक-शिक्षिकाएं हैं। हमारी ज़िम्मेदारी सिर्फ पढने वाले बच्चों तक सीमित नहीं है। हमें सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेना चाहिए तथा जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और जब कभी अवसर मिले उनकी मदद करनी चाहिए।




## आदापुर की फुटबॉल टीम ने फाइनल में किया प्रवेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तुरकौलिया (पूर्वी चंपारण)।** सेमराटोला पशुरामपुर स्टेडियम में प्रथम सेमी फाइनल मैच में शनिवार को टाउन फुटबॉल क्लब आदापुर और स्पोर्ट्स क्लब फुटबॉल चिरैया के बीच मैच खेला गया। मैच का उद्घाटन फुटबॉल कमेटी के अध्यक्ष सह भावी मुखिया प्रत्याशी कमरूद्दीन अंसारी ने किया। प्रथम सेमीफाइनल में आदापुर टीम 3-0 से विजय हुईं। मैच शुरू होते ही आदापुर टीम के जर्सी नंबर 17 मुन्ना चौधरी ने 15वें मिनट पर चिरैया में एक गोल दाग दिया। वही मध्यांतर के एक मिनट पहले 44 वें मिनट पर फिर आदापुर टीम के जर्सी नंबर 13 आयुष शर्मा ने दुसरा गोल चिरैया में मारकर टीम को जीत के तरफ बढ़ा दिया। मध्यांतर के बाद आदापुर टीम के आयुष ने ही शानदार तरीके से खेलते हुए 81 वें मिनट पर चिरैया में तीसरा गोल दागकर कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दिया। अध्यक्ष कमरूद्दीन अंसारी ने खेल में अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उपहार और 500 रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर खिलाड़ी का मनोबल बढ़ाया साथ ही कमरूद्दीन अंसारी ने कहा कि खेल स्वस्थ मनोरंजन का साधन होता है।

## आरएलएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा का बतरौलिया चौक मोतिहारी पर फूल माला के साथ जोरदार स्वागत किया गया। उपेंद्र कुशवाहा शुक्रवार को मोतिहारी एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहें थे। इसी क्रम में राष्ट्रीय लोक मोर्चा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी मोतिहारी विधानसभा डॉ. दीपक कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों नेता और कार्यकर्त्ताओं ने उपेंद्र कुशवाहा का फूल माला के साथ स्वागत किया। स्वागत के दरम्यान उपेंद्र कुशवाहा ने सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी कार्यकर्त्ताओं को एकजुट रहने के लिए कहा, उन्होंने आगे कहा कि हमारी पार्टी एनडीए के साथ अटूट गठबंधन में है और एनडीए बिहार के सभी सीटों पर विजयी होगी।

## शांति दूत के स्वागत की तैयारी में जुटे स्वयंसेवक

नवबिहार टाइम्सर संवाददाता

**दनियावां(पटना)।** दनियावां के समीपवर्ती फतुहा में देश भर से शांति दूत पहुंच रहे। विश्व शांति एवं राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्न बनाये रखने के उद्देश्य से फतुहा के कवीर मठ में 16 से 20 मार्च तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।शहर में सघन जन सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। महंथ ब्रजेश मुनि ने बताया कि यह शिविर में पूरे देश से पांच सौ युवा-युवती भाग लेंगे। सभी प्रदेश से आये युवाओँ एक दूसरे के खान पान, रहन सहन , संस्कृति सभ्यता, भाषा से परिचित होंगे साथ ही अपने अपने प्रदेश के लोक कलाओं का भी प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर के उद्घाटन के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, मंत्री, न्यायधीश, आईएस, आईपीएस, सामाजिक कार्यकर्ताओं, धर्म गुरुओं को आमंत्रित किया जा रहा है। वहीं शिक्षाविद भुषन प्रसाद ने बताया कि शिविर में सहयोग के लिए विश्व युवक केंद्र , नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय युवा योजना, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, स्काउट गाइड, एनजीओ, बैकर्स, उद्योगपति, शिक्षण संस्थानों से अपील किया जा रहा है। फतुहा में एक छत के नीचे मिनी भारत का दर्शन होगा।

## 7 मार्च तक छूटे हुए लोगों को खिलाई जाएगी सर्वजन दवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) राउंड लगभग समाप्त हो चुका है। वहीं पूर्वी चम्पारण जिले मे अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 मार्च तक छूटे हुए लोगों को फॉलो अप राउंड चलाकर सर्वजन दवा सेवन कराकर हाथीपांव जैसे रोग से सुरक्षित किया जा रहा है। इस संबंध मे जिले के सिविल सर्जन डॉ श्रवण कुमार पासवान ने बताया कि जिले में 48 लाख 46 हजार 566 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी के तहत विशेष अभियान चलाकर स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थलों पर बूथ लगाकर लोगों को आशा कार्यकर्ता, फाइलेरिया पेशेंट नेटवर्क के सदस्य, सहयोगी संस्थानों के सहयोग से जागरूक कर दवा का सेवन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया की वंचित लोगों को चिह्नित करते हुए फॉलोअप राउंड में लोगों को दवाओं का सेवन करा कर लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। साथ ही दवा सेवन करने से इनकार करने वाले रिफ्यूजल घर के लोगों को भी दवा खिलाकर शत-प्रतिशत सफ़लता हासिल की जाएगी। जिसमें पीरामल स्वास्थ्य, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च और पीसीआई जैसी सहयोगी संस्थानों का सहयोग लिया जा रहा है। ताकि हर हाल में सभी लाभुकों को दवाओं का सेवन सुनिश्चित कराया जा सके। वहीं डीभीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने कहा कि जिले दवाए उपलब्ध है, दवाओं के सेवन कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में अधिकारियों के द्वारा अनुश्रवण और निगरानी की जा रही है।



# कुएं में गिरने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर।** प्रखंड क्षेत्र के पसाई गांव में बुधवार को कुएं में गिरने से 30 वर्षीय युवकी की मौत हो गई। युवक कुएं में कब और कैसे गिरा, किसी को कुछ पता नहीं चला। परिजनों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि मेरी पुत्री का फूल तोड़ने के दौरान कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृत युवक की पहचान उक्त गांव के जगनारायण पासवान की 30 वर्षीय पुत्री ममता कुमारी बताई जाती है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई, परिजनों के साथ-साथ गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। मौत की सूचना पर बेलाव थाना घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में ले पंचनामा तैयार कर गुरुवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर हॉस्पिटल भभुआ भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के पिता जग नारायण पासवान ने गुरुवार को बताया कि मेरी पुत्री ममता बुधवार को दोपहर में घर से खाना पीना खा कर निकली थी। शाम को लगभग पांच बजे तक घर पर नहीं आई तो मैं और मेरे परिजनों द्वारा खोजबीन की जाने लगी। बावजूद मेरी पुत्री का कुछ पता नहीं चला। काफी खोजबीन के बाद ग्रामीणों व परिजनों के आधार पर घर के 500 मीटर की दूरी पर कुआं के पास प्रतिदिन फूल तोड़ने जाती थी। जाकर देखा गया तो मेरी पुत्री का हवाई चप्पल जो पहनी थी पानी पर तैर रहा था। शक के आधार पर लोहे का झाम मंगा कर ग्रामीणों द्वारा कुआं में डालकर खोजने का प्रयास किया जाने लगा। ग्रामीणों द्वारा घंटों मशक्कत के बाद मेरी पुत्री के कपड़े में झाम फंसा काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुआं से निकाला गया। यह सब प्रक्रिया करने में लगभग देर शाम साढ़े आठ बज गया। उसके बाद किसी ग्रामीण द्वारा बेलाव थाना को सूचना दी गई। बेलाव थानाध्यक्ष अनीश कुमार सूचना पाकर दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में ले पंचनामा तैयार कर शव को थाना ला पूरी रात रख गुरुवार को सुबह पोस्टमार्टम के लिए सदर हॉस्पिटल भभुआ भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक दो भाई एक बहन बतायी जाती है। तीनों भाई बहन में मृतका ममता कुमारी सबसे बड़ी थीं, दूसरे नम्बर पर टप्पू पासवान सबसे छोटा मुकेश पासवान। दो भाइयों के बीच में एक ही बहन थी। भाइयों की कलाई सुनी रह जायेगी,राखी कौन बांधेगा? भाई कह- कह कर रो रहा था। भाई की इस बात को सुन ग्रामीणों का भी आंसू छलक जा रहा था।

# ऑक्सीजन मैन ने दो महिलाओं को दी सिलाई मशीन

## सरस्वती संस्कार केंद्र व सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**तिलौथू।** प्रखंड अंतर्गत सरस्वती औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में गौरव राय, ऑक्सीजन मैन के द्वारा पुष्पा कुमारी, बिक्रम बिगहा, प्रियंका कुमारी तिलौथू को सिलाई स्व रोजगार के लिए सिलाई मशीन दी गई। छोटू सिंह और उनके मित्र और संजीव कुमार सिंह के द्वारा सिलाई मशीन उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर गौरव राय के द्वारा बनवासी बच्चों को जूता उपलब्ध करवाया गया। मुकेश कुमार अधौरा, चंद्रशेखर चरकी अधौरा, जगनरायण चरकी अधौरा, रोहित लौड़ी रोहतास जयप्रकाश बानोदाग अधौरा। सूरज बड़गांव अधौरा। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के द्वारा स्वागत गान गाकर किया गया। इस अवसर पर उमा शंकर पोद्दार सचिव, प्राचार्य विष्णु कुमार, गंगा चौधरी, धनंजय शर्मा, जंगलेश चौरसिया, कंचन देवी, सत्यानंद कुमार की उपस्थिति रही। मंच का संचालन अशोक राम ने किया। गौरव राय ने अपने संबोधन में बताया कि आज तक उनके दोस्तों और परिवार के द्वारा 107 सिलाई कटाई प्रशिक्षण केंद्र बिहार के भिन्न-भिन्न जगहों पर खोला गया है। आज दो लोगों को सिलाई मशीन दी गई, जो मेरे मित्र छोटू सिंह और संजीव कुमार सिंह के द्वारा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है अपने आसपास के जरूरतमंदों की जीवन में बदलाव लाया जाए। महिलाओं को खुद जीविकोपार्जन कर अपने घर परिवार की परवरिश में मददगार करने की दिशा में यह कार्य किया जा रहा है। गौरव राय को अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया।

# पटना में ऐतिहासिक होगी जन विश्वास महारैली : गुड्डू चन्द्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




डिहरी ऑन-सोन। 3 मार्च को पटना में आयोजित जन विश्वास महारैली की सफलता को लेकर बारह पत्थर मुहल्ला स्थित राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गुड्डू चंद्रवंशी के आवास पर नगर अध्यक्ष धनंजय सिंह की अध्यक्षता में राजद कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रदेश महासचिव गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में ऐतिहासिक होगी जन विकास महारैली। उन्होंने कहा कि संविधान व लोकतंत्र के हमले के खिलाफ, दलितों, वंचितों, पिछड़ों, किसानों, छात्र, नौजवानों के अधिकारों पर केन्द्र सरकार के द्वारा लगातार हमले के खिलाफ महागठबंधन के तत्वावधान में 3 मार्च के जन विश्वास रैली को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया गया है। डिहरी विधान सभा क्षेत्र से करीब पांच दर्जन से ज्यादा छोटी-बड़ी गाड़ियों से राजद नेता व कार्यकर्ता पटना जाएंगे। नगर अध्यक्ष धनंजय सिंह ने जन विश्वास महारैली की तैयारी पर चर्चा करते हुए कहा कि डिहरी से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़-चढ़ कर भाग लेने का निर्णय लिया गया है। साथ ही सम्बोधित करते हुए बताया कि पटना के गांधी मैदान में 3 मार्च को आयोजित जन विश्वास रैली में डिहरी विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग रवाना होंगे। मौके पर प्रकाश पासवान, दीपक चंद्रवंशी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# चार लाख 45 हजार जुर्माने की वसूली

**डिहरी ऑन-स1ोन।** जिले में पुलिस द्वारा यातायात नियमों के पालन व सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को चलाए गए अभियान में चार लाख 45 हजार 500 रुपए जुर्माना की वसूली की गई।

# वसंतोत्सव में झूमे छात्र

**खिजरसराय।** गया अभियंत्रण महाविद्यालय में देर शाम वसंतोत्सव के रूप में वार्षिक समारोह मनाया गया। इसका शुभारंभ प्रो रंजीत कुमार चौधरी, डॉ श्वेत निशा, प्रो गिरिजा नंदन शर्मा, प्रो रौशन कुमार, मो. असलम, प्रो. दानवेंद्र सिंह आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के इंचार्ज डॉ प्रलयंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस वार्षिकोत्सव का नाम वसंतोत्सव रखा गया है क्योंकि ऋतुओं में वसंत ऋतु सबसे सुंदर ऋतु है। भगवान कृष्ण भी अपने आप को ऋतुओं में वसंत माना है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार आगमन से लोग उत्साहित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार आगमन को लेकर बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति सह वर्तमान एमएलसी अवधेश नारायण सिंह ने डिहरी के सिंचाई विभाग की अतिथि गृह में बुद्धिजीवियों संग परिचर्चा की। पूर्व सभापति ने मौके पर बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार आगमन को लेकर बिहार के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री का बिहार के धरती पर औरंगाबाद और बेगूसराय दो ही जगह पर आगमन हो रहा है परंतु पूरे बिहार में उनके आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है। लोग उनके आगमन को लेकर काफी उत्साहित एवं आशान्वित हैं। बिहार आगमन पर प्रधानमंत्री बिहार को कई हजार करोड़ रुपए के कई विकास परियोजनाओं का सौगात देंगे। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर विकास की लंबी लकीर खींची जाने की संभावना से लोग उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में में डबल इंजन की सरकार है। विकास की गति बढ़गी। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनने से मोदी जी की 2047 की विकसित भारत की संकल्प को पंख लग जाएंगे तथा उनकी विकसित भारत की परिकल्पना की ओर बिहार अग्रसर रूप में विकसित होगा। साथ ही उन्होंने आम जनों से भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2047 तक विकसित भारत की मिशन को सफल बनाने में सभी से सहयोग करने एवं अपने कर्तव्यों को सही ढंग से निर्वहन करने की अपील की। इस मौके पर महिला महाविद्यालय डालमियानगर के प्राचार्य डॉ दिग्विजय सिंह, जगजीवन कॉलेज डिहरी के प्राचार्य डॉ बलिराम सिंह, आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के सचिव सह निदेशक आनंद सिंह, प्रो.डॉ.अनिल कुमार सिंह, सोन राइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत सिंह, प्रो विनय कुमार सिंह, पूर्व सभापति प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी, कृष्णा सिंह सहित आदि कई शिक्षाविद एवं बुद्धिजीवी मौजूद थे।

# बाइक चुराते युवक गिरफ्तार, गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**करगहर।** कोचस थाना क्षेत्र के आरा मोहनिया पथ पर शिवम मेगा मार्ट के पास बाइक चोरी का मामला प्रकाश में आया है। बाइक मालिक व स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के संबंध में कोचस थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि बाइक चोरी करने वाला युवक भानस ओपी थाना क्षेत्र का गोपालपुर निवासी कन्हैया सिंह का पुत्र अंकित कुमार बताया गया है।

# विभिन्न कांडों के 19 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पिछले चौबीस घंटों के दौरान पुलिस ने विभिन्न कांडों के 19 आरोपितों को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एसपी विनीत कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, चोरी, वारंटी व शराब तस्कर शामिल है। छह फरार शराब तस्कर गिरफ्तार किए गए। तीन बाइक, तीन ट्रक व एक ट्रैक्टर भी जब्त किया।

# शेरशाह कॉलेज के पुनः प्रभारी प्राचार्य बने प्रो. कृष्णा प्रसाद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने शेरशाह कालेज के पुनः प्राचार्य बनने पर प्रो. कृष्णा प्रसाद को पुष्प गुच्छ फूल माला देकर स्वागत किया और इस शिक्षण संस्थान को निरंतर विकसित करने और छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए आपका हर कदम आगे की ओर बढ़ता रहे लेकर शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अधिसूचना के आधार पर शेरशाह कॉलेज के प्रो. कृष्णा प्रसाद पूर्व में भी इस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य के पद पर थे। पुनः उनका पदस्थापन निवर्तमान प्रभारी प्राचार्य जयशंकर प्रसाद के सेवानिवृत्त हो जाने पर वरीयता के आधार पर प्रो. कृष्ण प्रसाद को विश्वविद्यालय ने पुनः प्रभारी प्राचार्य बनाया। नए प्राचार्य का पदभार ग्रहण करते ही स्वागत करने वालों का तांता लग गया। कॉलेज के वर्सर डॉ. बेचू प्रसाद, प्रो. डॉ. सुभाषचंद्र सिंह, प्रो. मुस्तफा नवाज, पुस्तकालय अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह सहित अन्य लोगों ने पुष्पगुच्छ एवं फूल माला देकर स्वागत किया।

# मजिस्ट्रेट टिकट जांच अभियान में 72 हजार की वसूली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल का डीडीयू मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध डीडीयू मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में सासाराम जं पर मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग एवं बस रेड अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कुल 242 यात्रियों को बिना टिकट / अनियमित टिकट के आधार पर पकड़ा गया, उनसे पेनाल्टी के तौर पर 72,700/- रुपये राजस्व अर्जित किया गया। इनमें से जुर्माना नहीं देने वाले 54 यात्रियों को रेलवे मजिस्ट्रेट, गया के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया। इन टिकट चेकिंग अभियानों के परिणामस्वरूप स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर बढ़ी हुई भीड़ देखी गयी और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए। इस टिकट जांच अभियान में डीडीयू मंडल के वाणिज्य अधिकारी एवं 25 टिकट जांचकर्मी सहित 9 आरपीएफ एवं 5 जीआरपी कर्मी भी शामिल रहे। इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान मंडल में आगे भी जारी रहेगा। यात्रियों से अनुरोध है कि बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा न करें। यह दंडनीय है। सदैव रेल टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें।

# आरएसके पब्लिक स्कूल में दादा-दादी के महत्वों को बताया




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स सेलिब्रेशन का आयोजन अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में की गई। निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि आज हम अपने बच्चों को दादा-दादी के महत्व को बताना भूलते जा रहे हैं जिससे हमारा समाज दो टुकड़ों में बंट चुका है। मम्मी पापा और दादा-दादी का महत्व बच्चों को बताते हुए संयुक्त परिवार को जोड़े रहना ही समाज में बहुत बड़ा योगदान है। हम आने वाली पीढ़ी को यह बताएं कि दादा-दादी और चाचा-चाची संयुक्त परिवार हमारे जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस आयोजन में प्ले क्लास के अभिभावक एवं बच्चे अपने दादा-दादी के साथ भारी संख्या में उपस्थित हुए और अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के द्वारा केक कटकर छोटे-छोटे बच्चों को गिफ्ट देकर उनके और उनके दादा दादी के उत्साह को बदने का कार्य किया गया। इस प्रोग्राम का आयोजन प्ले क्लास की क्लास टीचर पूजा श्रीवास्तव, श्वेता प्रकाश, प्रिंसिपल राजनारायण, प्रेमलता शर्मा, रवि श्रीवास्तव उपस्थित थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**अधिसूचना**

सं०–काम/एटीवीएम/डी.डी.यू./24 डी०डी०यू, दिनांक 29.02.2024

रेल प्रशासन/पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अन्तर्गत निम्नलिखित स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) के लिए सुविधाकर्ताओं की नियुक्ति के लिए बन्द लिफाफे में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। स्टेशन का ब्यौरा निम्न है:–

क्र०सं० 01, स्टेशन – पं० दीन दयाल उपाध्याय, क्र०सं० 02, स्टेशन – गया, क्र०सं० 03, स्टेशन – डेहरी ऑन सोन, क्र०सं० 04, स्टेशन – सासाराम, क्र०सं० 05, स्टेशन – भभुआ रोड, क्र०सं० 06, स्टेशन – अनुग्रह नारायण रोड।

ए.टी.वी.एम की नियुक्ति हेतु आवश्यक ब्यौरा नीचे दिये गये है:–

1. मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय में आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय : दिनांक 01.03.2024 से 14.03.2024 के मध्य 11.00 बजे से 17.00 बजे तक कार्य दिवस मे स्वयं या कोरियर या निबंधित डाक द्वारा आवेदन दिनांक 14.03.2024 को 17.00 बजे तक पहुच जाना चाहिए। दिनांक 14.03.2024 को 17.00 के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें तथा दिनांक 14.03.2024 को 17.30 बजे खोले जायेगें।
2. वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड पर लगाए जाने का स्थान : www.ecr.indianrailways.gov.in एवं वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के सूचना बोर्ड पर। उपरोक्त आवेदन की विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

टिप्पणी : इस अधिसूचना के आलोक मे प्राप्त सभी अथवा किसी भी आवेदन/अधिसूचना को बिना कारण बताए रदद करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।

मण्डल रेल, प्रबन्धक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल/डी.डी.यू.

पीआर/2434/डी.डी.यू./सीओएमएल./एन/23–24/48


# महादेखोह में दो दिवसीय महाशिवरात्रि पूजा की तैयारी जोरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नौहट्टा।** नौहट्टा प्रखंड के उत्तम तपस्वी आश्रम महादेखोह में आयोजित होने वाले दो दिवसीय श्री श्री महाशिवरात्रि पूजा भव्य अखंड कीर्तन विशाल भंडारा सह रात्रि जागरण समारोह की तैयारी जोरों पर है। उत्तम तपस्वी आश्रम न्यास समिति के सचिव सहित सदस्यगण एवं बुद्धिजीवियों से सहयोग प्राप्त कर भव्य कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय हैं। सेवक करुणा नंद साधु बाबा के नेतृत्व में 05 दिन बाद 8 मार्च शुक्रवार को शुरू होकर दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत महादेखोह के प्रांगण में इस वर्ष 45वां श्री श्री महाशिवरात्रि पूजा भव्य अखंड कीर्तन विशाल भंडारा सह रात्रि जागरण समारोह संपन्न होना है जहां शुक्रवार को महाशिवरात्रि पूजा भव्य अखंड कीर्तन विशाल भंडारा सह रात्रि जागरण समारोह तथा शनिवार को व्रत का पारण एवं महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। उत्तम तपस्वी आश्रम न्यास समिति के सचिव राधासुत सिन्हा ने बताया कि महाशिवरात्रि को ले दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित है जिसके लिए तैयारी अंतिम चरण में है। मंदिर को आकर्षण का केंद्र बनाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही पूरे आश्रम को लाइट से सजाया जाएगा और भी कई कार्य में लोग जुटे हुए हैं। आश्रम के सचिव राधासुत सिन्हा ने बताया कि बीच-बीच में बारिश होने के कारण इस वर्ष श्रद्धालुओं को पानी की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। उद्घाटनकर्ता सुबोध गुप्ता डिहरी मुख्य अतिथि डॉ. बीरेंद्र कुमार (निदेशक अदरी देवी मेमोरियल अस्पताल तार बंगला डिहरी) भीम सेन सिंह भेड़िया औरंगाबाद अति विशिष्ट अतिथि डॉ शिशुपाल महतो साहपुर, प्रणव प्रभाकर पाण्डेय बान्दू, डॉ सिदेश्वर शर्मा ढेलाबाद, प्रवीण कुमार सोनू डिहरी ऑन सोन, राजकुमार पटेल डिहरी ऑन सोन, संतोष कुमार भोला रोहतास, विशिष्ट अतिथि मंटू पाण्डेय डिहरी ऑन सोन, राजेश गुप्ता डिहरी ऑन सोन, अनिल कुमार डिहरी ऑन सोन, योगेंद्र कुशवाहा तिलौथू, धनंजय सिंह नासरीगंज और राजबली यादव निदेशक रोहित विहार द्वारा भव्य अखंड कीर्तन का कार्यक्रम दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा शुरू किया जाएगा। 9 मार्च शनिवार को सुबह 6:00 बजे पूजन हवन पूर्णाहुति के साथ महाआरती के बाद 07:00 बजे को व्रत का पारण के साथ महाप्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में आश्रम के सचिव राधासुत सिंहा, सदस्य राकेश चंद्र सिन्हा शिप्पू, अमरेश मिश्रा, प्रेम पाठक, विजय चंद्रवंशी अदरी देवी मेमोरियल अस्पताल के निदेशक डॉ. बीरेंद्र कुमार, सूर्य नारायण कश्यप, अशोक व्यास, शिवपूजन शर्मा, शिवकुमार शर्मा, पवन साउंड मनोज कुमार, विजय गुप्ता, धनंजय यादव (राजू) मुकेश मिंज, पप्पू चेरो, मुन्ना मिंज, पवन कुमार और सोनू कुमार लगे हुए हैं।

# विद्युत चोरी की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन।** सुजीत कुमार कनीय विद्युत अभियंता ने डिहरी थाना क्षेत्र के लाला कॉलोनी वार्ड नंबर 21 में आनंद श्रीवास्तव के घर छापामारी कर अवैध ढंग से बिजली जलाते पकड़ा। डिहरी थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार उपभोक्ता संख्या 100431019 के स्मार्ट मीटर में नेगेटिव बैलेंस के कारण विद्युत संबंध विच्छेद था। यह विद्युत मीटर बायपास करके बिजली जला रहे थे। इन पर 24366 रुपए की आर्थिक क्षति सहित 38132 रुपए देय राशि की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल

**नासरीगंज।** रोहतास जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र अंतर्गत डिहरी नासरीगंज मुख्य सड़क एस एच 15 पर आयरकोठा बाबा भवन के समीप एक बाइक सवार युवक जो नासरीगंज की ओर से अपने गांव जा रहा था। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारी जिसमें युवक का एक पैर बुरी तरह से कुचल गया। अज्ञात वाहन को चालक लेकर भागने में सफल रहा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची आयरकोठा थाना की पुलिस ने थाना की वाहन से घायल युवक को आनन-फानन में इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल डिहरी पहुंचाया। सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजन वही डॉक्टर घायल की स्थिति चिंताजनक बताते हुए रेफर कर दिया जिसे परिजनों ने बेहतर इलाज हेतु निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष प्राची कुमारी ने बताया कि घायल युवक की पहचान दीपक राम पिता सुनील राम ग्राम अर्जुन बिगहा के रूप में हुई है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**Very SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/21/2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 11.03.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 12.03.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 12.03.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of S.P Office Campus (B Block Collectriate Building), Daltonganj, Palamu. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Proposed Estimate for Miscellaneous Work of S.D.O Residence (Repair of Garage, Electrical and Sanitary Fitting of Residence, Leveling of Residence Campus, Fencing Work, RCC Covered Brick Drain, Cow Shed, Watch Tower & Bathroom), Hussainabad, Palamu, Jharkhand. | 3520300.0 | 70500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of P.C.C Road From P.C.C Road to Kosiyara Bhalwa River Bridge, Nawadih Kala, Panchayat - Baghmanwa Under Block - Bishrampur, Palamu. | 2336500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 321275 Building(23-24)D


CMYK

# पीएम के संबोधन में उत्तर कोयल की चर्चा से खुश हैं औरंगाबादवासी

## इन परियोजनाओं से औरंगाबाद को होगा फायदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की वर्षों से दुखती रग उत्तर कोयल नहर परियोजना की चर्चा जब प्रधानमंत्री ने शनिवार को औरंगाबाद में आयोजित जनसभा में की तो लोगों को काफी प्रसन्नता हुई। दरअसल प्रधानमंत्री के दौरे के साथ ही इस बात की चर्चा होने लगी थी कि जब प्रधानमंत्री बिहार को इतनी सारी सौगात सौंपेंगे तो उसमें औरंगाबाद के लिए क्या होगा? प्रधानमंत्री के आगमन के पूर्व जो पुस्तिका बांटी गई उसमें प्रधानमंत्री द्वारा 21000 करोड़ से अधिक की 28 विकास परियोजनाओं की सूची थी और उसमें लोग औरंगाबाद का स्थान ढूंढ रहे थे। बाद में जब प्रधानमंत्री ने बोलना शुरू किया तो उन्होंने आमस-दरभंगा कॉरिडोर की चर्चा



की जिससे औरंगाबाद को सीधा लाभ पहुंचेगा। आमस औरंगाबाद की सीमा पर स्थित है और औरंगाबाद जिला मुख्यालय से मात्र 25 किलोमीटर दूर से यह हाईवे शुरू होगा जो औरंगाबाद के विकास में नए आयाम जोड़ेगा। दूसरी जिस परियोजना की चर्चा प्रधानमंत्री ने की उसमें कोलकाता-बनारस एक्सप्रेस वे भी शामिल था। यह एक्सप्रेस वे औरंगाबाद जिले की सीमा से होकर जा रहा है और निःसंदेह औरंगाबाद जिले को इस परियोजना से बहुत ही ज्यादा लाभ होने वाला है। लेकिन लोगों की खुशी तब ज्यादा बढ़ गई जब प्रधानमंत्री ने यह आश्वासन दिया कि उत्तर कोयल नहर परियोजना को जल्द पूरा करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। लोग शायद इसी बात का इंतजार कर रहे थे और जब प्रधानमंत्री ने ऐसा कहा तो जमकर तालियां बजी। कुछ लोगों का कहना है कि अगर इन परियोजनाओं में पटना-औरंगाबाद फोर लेन का निर्माण, बिहटा- औरंगाबाद रेल लाइन का भी जिक्र होता तो और बेहतर होता।

# डिप्टी सीआईटी पर जानलेवा हमला मामले में वेंडर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना जंक्शन पर डिप्टी सीआईटी (उप मुख्य टिकट निरीक्षक) पर जानलेवा हमला मामले में आरोपी को रेल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक चाकू भी बरामद हुआ है। रेल एसपी अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर उपाधीक्षक गोपाल मंडल के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी शख्स की पहचान की गई। डिप्टी सीआईटी देवेश कुमार सिंह से वेरिफाई कराने के बाद आरोपित को गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान खुसरूपुर थाना क्षेत्र के दीपक कुमार के तौर पर हुई है। उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। आरोपित दीपक वेंडर है,




जो ट्रेनों में घूम-घूमकर इयरफोन बेचता है। नियमानुसार कोई सीआईटी या टीटीई वेंडर से टिकट नहीं मांग सकता है। हैरानी की बात तो ये है कि मामला पटना-इंदौर ट्रेन की बताई जा रही है। जबकि सीआईटी-वेंडर के बीच यह घटना प्लेटफॉर्म नंबर-2 के अंतिम छोर पर हुई है।

# भव्य रूप से आयोजित होगी रामनवमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर दुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री रामनवमी समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष ज्ञान दत्त पाण्डेय और कार्याध्यक्ष अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सचिव राणा आशुतोष सिंह एवं उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार पांडेय ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी भव्य और दिव्य मनाया जाएगा। भगवान राम अपने पांच सौ वर्षों के वनवास के बाद महल में विराजमान हुए हैं। शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में हाथी घोड़ा और भगवान श्री रामचन्द्र जी की आकर्षक और भव्य झांकी शामिल होगा। खुशियों का माहौल होगा। रंग



अबीर और गुलाल का बारिश होगा। इस अवसर पर अनिल ठकराल, बैद्यनाथ प्रसाद गुप्ता, राहुल कुमार, संदीप कुमार, विजय प्रसाद सोनी, देवनारायण प्रसाद, अभिमन्यु प्रसाद सिंह, महा रामनवमी समिति मदनपुर अध्यक्ष ज्ञानदत्त पांडेय, कार्याध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सचिव राणा आशुतोष सिंह, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार पांडेय, कन्हैया कुमार, राकेश सिंह उमाग, सुबोध सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, महेश प्रसाद गुप्ता, प्रधान संरक्षक मंडल, बालमुकुंद पाठक, सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता रविंद्र कुमार सिंह, गोपाल सिंह, नवीन पाठक, अर्जुन चौधरी, जितेन्द्र कुमार सिंह, संत प्रसाद, देवनारायण कुमार, अनिल ठकराल, बैद्यनाथ प्रसाद गुप्ता, राहुल कुमार, संदीप कुमार, विजय प्रसाद सोनी, देवनारायण प्रजापति, अभिमन्यु प्रसाद सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# हसपुरा थाना क्षेत्र से अधेड़ लापता, सनहा दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** हसपुरा थानाक्षेत्र के टाल गांव निवासी लगभग 42 वर्षीय सुशील सिंह को लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर लापता सुशील सिंह के पुत्र प्रदीप कुमार उर्फ गुड्डू ने हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम को लिखित आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि सुशील सिंह 29 फरवरी को सुबह अपने घर टाल से बगैर कुछ कहे टीवीएस मोपेड बाईक से निकले थे। जब देर रात तक नहीं घर वापस लौटे तो परिजन खोज बिन की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। प्रदीप कुमार उर्फ गुड्डू ने बताया कि सभी जगह संबंधियों में भी पता किया गया परंतु कहीं जानकारी नहीं मिली। ऐसे में जितने लोग उतने तरह की चर्चा हो रही है। जबसे लापता हुए हैं परिजनों सहित ग्रामीणों में असंतोष है। ग्रामीणों में गोपाल सिंह, जयपाल सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, सुंदेश्वर सिंह, नंदकिशोर सिंह, दिनेश सिंह ने शीघ्र पुलिस से पता लगाने की मांग उठाई है।

# दुर्घटना में एक घायल, पिकअप से छह पशु जब्त, केस दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के किसी स्थान पर सड़क दुर्घटना में समीर अंसारी नामक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार के बाद स्थानीय पीएचसी के चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बड़े चिकित्सालय में रेफर कर दिया है। वहीं घायल व्यक्ति को लेकर पीएचसी पहुंचे पिकअप वाहन से पुलिस द्वारा छह पशुओं को जब्त किया गया है। पुलिस ने वाहन को जब्त करते हुए वाहन चालक और मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया है। थानाध्यक्ष फहीम आजाद खां द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा दूरभाष पर सूचित किया गया कि एक पिकअप का ड्राईवर एक घायल व्यक्ति को उतार कर इलाज कराया, उसे रेफर कर दिया गया। पिकअप में मवेशी लदा हुआ




है। पुलिस ने पहुंच कर पिकअप को जब्त करते हुए पशु को अपने कब्जे में ले लिया। बताया गया कि पिकअप का चालक रोहित कुमार घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस में लेकर औरंगाबाद चला गया। पुलिस प्राथमिक दर्ज करते हुए। आगे की कार्रवाई कर रही है।

# छात्रवृत्ति घोटाले में शिक्षा विभाग के दो कर्मी गिरफ्तार

## साइबर थाने की पुलिस ने दबोचा आरोपित को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई बीआरसी के कम्प्यूटर ऑपरेटर व जिला शिक्षा कार्यालय में प्रतिनियुक्त अविनाश कुमार के दबोचे जाने के 24 घंटे बाद छात्रवृत्ति के घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। कर्मी सहित दो को साइबर थाने की पुलिस ने दबोचा है। सैकड़ों छात्रों की छात्रवृत्ति राशि गटकने का पर्दाफाश हो सकता है। डीडीसी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की उच्चस्तरीय जांच करायी जाएगी। कई अधिकारियों व कर्मियों की भी गर्दनें फंस सकती हैं। मामले की जांच कर रहे साइबर थाने के डीएसपी ज्योति शंकर ने बताया कि मामले का आकार बड़ा होने व बड़ी राशि की हेरा-फेरी होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। प्राथमिकी जांच में पटना जिले के सकसोहरा थाना क्षेत्र के दुर्जनचक गांव की पूजा कुमारी की छात्रवृत्ति राशि सोची-समझी साजिश के तहत बिंद के बड़ी मलावां गांव निवासी पूजा कुमारी के बैंक खाते पर भेज दी गई। इसमें नकली पूजा कुमारी के परिजनों का भी हाथ साबित हुआ है। यही कारण है कि कम्प्यूटर ऑपरेटर अविनाश कुमार के साथ ही नकली पूजा कुमारी के भाई चंदन कुमार को भी दबोचा गया है। साइबर थाने के डीएसपी ने बताया कि मामले का मास्टरमाइंड अविनाश कुमार ने पूछताछ में कई राज उगले हैं। यह नहीं कि लिपिकीय अथवा टंकन भूल के कारण छात्रवृत्ति की राशि दूसरे के बैंक खाते में चली गयी, बल्कि सोची-समझी रणनीति के तहत ऐसा किया गया है।

### अक्सर रहता था डेप्युटेशन पर रहुई बीआरसी का कम्प्यूटर ऑपरेटर अविनाश कुमार

पिछले कई साल से जिला शिक्षा कार्यालय में तैनात है। बीच- बीच में एक-दो दिन के लिए रहुई बीआरसी में जाता था। फिर से वह जिला शिक्षा कार्यालय में तैनात हो जाता था।

## सर्वजन दवाओं का सेवन

**मोतिहारी।** मोतिहारी के सदर अस्पताल स्थित जीएनएम कॉलेज के प्राचार्या, कर्मचारी सहित 260 छात्राओं ने आज सर्वजन दवाओं का सेवन किया, वहीं शहर के मुंशी सिँह कॉलेज के 110 छात्र छात्राओं, कर्मचारी व प्राचार्य डॉ अरुण कुमार ने खुद दवा सेवन किया।शहर के सुधा डेयरी मिशन चौक के 70 कर्मचारीयों ने दवा का सेवन किया। वहीं शहर के धर्मसमाज जमला रोड स्थित भारती प्रेप स्कुल के 65 छात्रों ने प्राचार्य प्रदीप कुमार के देखरेख मे सर्वजन दवाओं का सेवन किया। जहाँ बच्चों मे हल्का साइड इफ़ेक्ट देखा गया,वहीं कुछ समय बाद सभी बच्चे तुरंत स्वस्थ भी पाए गए। डीभीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया की जिला मुख्यालय स्थित केंद्रिय कारा मे भी कैदियों को सर्वजन दवा सेवन कराया जाएगा।

# ललित हत्याकांड के आरोपित को उम्र कैद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय के एडीजे दो संजीव कुमार सिंह ने ढाई साल पुराने हत्या के मामले में आरोपित को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आरोपित गौतम ठाकुर बिन्द थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव का निवासी है। मामले में अभियोजन की ओर से सुनील कुमार सिन्हा ने सभी सात लोगों की गवाही कराई थी। उन्होंने बताया कि बिन्द थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी सूचिका पूजा कुमारी के पति ललित राम 16 मई 2021 को 3.30 बजे दिन



में अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में आरोपित ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए गोली मार दी। जो उसके पेट में लगा। इसके बाद ग्रामीण लोग जख्मी हालत में बिंद अस्पताल ले गए। जहां से सदर अस्पताल बिहार लाया। वहां से बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां घटना के 15 दिनों बाद

- आरोपित पर 50 हजार का जुर्माना भी
- जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास

इलाज के दौरान ललित राम की मौत हो गई। एपीपी श्री सिन्हा ने बताया कि आरोपित एवं मृतक के बीच घटना के दो दिन पहले झगड़ा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने आरोपित के गिरफ्तारी के लिए घर में छापेमारी की। इसमें पुलिस ने घर से एक देसी कट्टा बरामद किया था। यह मामला भी अभी न्यायालय में लंबित है।

# एसडीएम ने किया बूथों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** आगामी लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर एसडीएम अरेराज अरुण कुमार ने बीडीओ दीपक राम के साथ प्रखंड के विभिन्न बूथों का विधिवत निरीक्षण कर बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लिया साथ ही प्रत्येक बूथों पर कमरा, बिजली कनेक्शन, पेय जल, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप आदि का जांच किया। चुनाव के दौरान प्रखंड क्षेत्र में छः जगह अर्द्धसैनिक बलों का कैंप के लिए स्थल का चयन किया गया। इस दौरान उत्तरी नोनेया, दक्षिणी नोनेया व इनारवाभार पंचायतों में बूथ संख्या एक से बूथ संख्या बाइस तक का निरीक्षण किया। वही हेलिकेप्टर को सुरक्षित लैंड कराने के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय नोनेया, प्लस टू उच्च विद्यालय पहाड़पुर में हेलीपैड के लिए चयन किया गया। जबकि अर्द्धसैनिक बलों के कैंप के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय नोनेया, पंचायत सरकार भवन बलुआ, पंचायत सरकार भवन नौवाडीह, प्लस टू उच्च विद्यालय पहाड़पुर, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सिसवा बाजार व यूएमएस सरेया खास मिश्राइन टोला का चयन किया गया है।

# चिन्हित आवासन स्थलों का डीएम ने लिया जायजा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न करायी जाएगी। इसको लेकर जिला में बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियां आ रही है। अर्द्धसैनिक बलों के ठहराव के लिए प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में कम से कम तीन आवासन स्थल चिन्हित किये गये हैं। आज जिलाधिकारी के द्वारा स्वयं मोतिहारी के छतौनी सहित पिपरा कोठी, राजापुर मठिया एवं कोटवा में चिन्हित किये गये आवासन स्थलों का भ्रमण कर वहाँ उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया और संबंधित पदाधिकारियो को जरूरत की मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, बिजली, शौचालय एवं स्वच्छता मानक को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी एवं सहायक समाहर्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर मुखिया की अगुवाई में समीक्षा कार्यक्रम

**नवबिहार टाईम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत श्रीपुर पंचायत भवन प्रांगण मे शनिवार को मुखिया उदय सोनम जायसवाल की अध्यक्षता मे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा समीक्षा योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन उप मुखिया इन्दू देवी ने किया। मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष उदय जायसवाल ने अपने संबोधन मे कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा रोजगार को बढावा देने के लिए इस योजना की शुरूआत की गयी है। बड़ी संख्या मे योग्य अभ्यर्थी इस योजना का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर




बन रहे है। आंन- लाइन प्रक्रिया उपरांत कार पेन्टर, लोहार, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, दर्जी, धोबी, नाई इत्यादि का काम करने वाले को मुखिया द्वारा सत्यापित कर एक लाख से दो लाख तक रूपया रोजगार हेतु देने की प्रक्रिया किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो की संख्या मे आवेदको ने शपथ पत्र के साथ आवेदन पत्र जामा कराया। इस दौरान पंचायत सचिव राजेश मिश्रा, उदेश यादव, सुबोध यादव, राजू बैठा, लक्ष्मण महतो, रमेश पासवान, मुरारी कुमार, धीरेन्द्र शर्मा, चंदन यादव समेत सभी व सदस्य मौजूद रहे।

# आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर लगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड क्षेत्र के बलुआ पंचायत अंतर्गत पीडीएस दुकानों पर भारत आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर शनिवार को शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन उक्त पंचायत के लगुनिया वार्ड नं 11 बड़ा लघुनिया वार्ड नंबर 10 सेमराही वार्ड नंबर 9 और वार्ड नंबर 2 में किया गया। इस दौरान सभी लाभार्थियों से आधार कार्ड राशन कार्ड व उनका रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर लिया गया, ताकि उन्हें आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल सके। मौके पर मौजूद स्थानीय मुखिया मुन्ना कुमार साह ने शिविर में पहुंचे लाभार्थियों को बताया की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सभी राशन कार्ड धारियों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य कार्ड से जोड़ा जा रहा है। सभी कार्डधारियों को हर साल पांच लाख तक इलाज करा सकते है। सभी पीडीएस दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर राशन कार्ड धारियों की लगी रही। शिविर में कुल 300 राशनकार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड ऑपरेटर हुसैन अली मुकेश कुमार गुड्डू पटेल रेहान अली के द्वारा बनाया गया। वहीं मौके पर पहाड़पुर वार्ड संघ सचिव सह युवा समाज सेवी आयुष नारायण मिश्रा पीडीएस दुकानदार बिनोद बैठा, कृष्णा प्रसाद सहित अन्य पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

BAYC Institute
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
स्थापित 1972
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 1 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10th
DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि: 3 वर्ष योग्यता :10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि: 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) MD (TM) अवधि : 1 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 2 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY
Proposed Campus
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
● एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. अजय प्रकाश सचिव
Apply Online: www.bayc.in
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष
9572607696, 9304942855, 9334278279
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसीन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

# प्रधानमंत्री ने बेगूसराय में 1 लाख 62 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

## शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेगूसराय में उलाव हवाई अड्डा में आयोजित जनसभा में 1 लाख 62 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। हालांकि प्रधानमंत्री अपने निर्धारित समय पर आ गए उनके आने से पहले से ही पंडालो में कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा था।






सड़कों पर दोतरफा भीड़ से खचाखच पटा पड़ा था। प्रशासनिक चाक चौबंद व्यवस्था थी। वीआईपी और जनसाधारण गेट पर पुलिसकर्मियों की चौकसी पूरी निगहबानी कर रही थी। कोई भी बिना पास के सभास्थल के अंदर प्रवेश नहीं कर पा रहा था। लेकिन कुछ कार्यकर्ता एक ही पास के साथ कई आदमी को अंदर कर रहे थे जिस कारण पुलिस के द्वारा गेट पर धक्का मुक्की का सामना करना पड़ा और पकड़े भी गए जिसे बाहर निकाल दिया गया। अपने ओजस्वी प्रधानमंत्री को देखने के लिए गांव कस्बों से आए लोगों को पानी की व्यवस्था तो थी लेकिन कसमकस भीड़ में मिल नहीं पाया और पानी या किसी चीज को अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास का काम कर रही है। परिवारवाद और सामाजिक न्याय एक दूसरे के विरोधी हैं। बिहार ने लंबे समय तक परिवारवाद का दंश झेला है। यही वो बिहार है जिसके पास भारत रत्न स्व कर्पूरी ठाकुर की एक समृद्ध विरासत है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में यह समृद्ध विरासत आगे बढ़ रहा है बिहार विकास कर रहा है। बिहार को विकसित बनाने के लिए हमलोग मिल जुलकर काम करते रहेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन शिलान्यास एवं लोकार्पण के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी यहां पधारे हैं। आपलोग भी यहां पर लाखों की संख्या में उपस्थित हैं यह बहुत खुशी की बात है। आज के इस कार्यक्रम के लिए मैं सबसे पहले प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन और स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री आगे भी बिहार आते रहेंगे ऐसा मुझे पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि 1 लाख 62 हजार करोड़ रुपए के शिलान्यास के साथ तेलवाहक जहाज चार जोड़ी ट्रैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा रहा है बरौनी रिफाइनरी को अपडेट किया जा रहा है उसका विस्तारीकरण करने के लिए तैयार किया जा रहा है। लड़के लड़कियों सब एकजुट होकर रहिए कुछ कीजिए हम आपके साथ हैं। खास बात उन्होंने बताया कि हम बीच में इधर उधर हो गए थे अब परमानेंट रहेंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विस्तार से आपलोगों को परियोजनाओं के बारे में बताया है। 14 योजनाओं का शिलान्यास और 36 योजनाओं का उद्घाटन किया जा रहा है जिसकी कुल लागत 1 लाख 62 हजार करोड़ रुपये है। रेल परियोजनाओं के तहत चार ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा जिससे बिहार के विकास को गति मिलेगी। पशुपालकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई योजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। 27 हजार करोड़ रुपये की लागत से बिहार की कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया जा रहा है। बिहार में अनेक प्रकार के विकास के कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री यहां पर आए हैं यह कोई मामूली बात नहीं है। मुझे पूरा भरोसा है कि वे यहां पर आगे भी आते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चुनाव में एनडीए बड़ी संख्या में सीटें जीतेंगी। 400 से भी अधिक सीटों पर हमलोग चुनाव जीतेंगे। हम अब कहीं इधर उधर नहीं जाएंगे। परमानेन्टली एनडीए में ही रहेंगे। यहां पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह हैं जिनके साथ हमलोग काम कर चुके हैं। एनडीए सरकार में अब और तीव्र गति से बिहार का विकास होगा। प्रधानमंत्री जी लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। मुख्यमंत्री के आह्वान पर वहां उपस्थित जन समूह ने प्रधानमंत्री का खड़े होकर अभिनंदन और स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह एमएलसी सर्वेश कुमार नगर विधायक बछवाड़ा विधायक राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा वार्ड पार्षद सुनीता पायल सहित सांसदगण विधायकगण अन्य जनप्रतिनिधिगण गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मतदाता जागरुकता अभियान के तहत छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी

## सभी अपने स्तर से मतदाताओं को करें जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** स्वीप कोषांग के तत्वाधान मतदाता जागरुकता अभियान के तहत खूंटी के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई। हाथों में मतदाता जागरुकता संबंधी तख्तियों के साथ रैली में शामिल विद्यार्थियों का दल बिरसा कॉलेज, खूंटी के हॉकी मैदान पहुंचा, जहां रैली का समापन हुआ। मौके पर निदेशक, आईटीडीए, खूंटी द्वारा मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई और गब्बारे उड़ाकर हस्ताक्षर अभियान का आगाज किया गया। मौके पर निदेशक, आईटीडीए ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव का महत्व सर्वोपरि है। इसे लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की रीढ़ कहा गया है। 18 वर्ष आयु के प्रत्येक नागरिक को अपने मत देने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने स्तर से मतदाता जागरूकता के अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। मतदाताओं को मताधिकार की महत्ता से अवगत कराते हेतु उन्होंने कहा कि अपने गांव-घर का एक भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से छूट ना जाए इस हेतु उन्हें मतदान के प्रति जागरुक करना हमारी नैतिक जिम्मेवारी बनती है। इस अवसर पर स्वीप कोषंग के प्रभारी पदाधिकारी सयैद राशिद अख्तर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिरसा कॉलेज की प्राचार्या सहित शिक्षा विभाग के जिला अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# आगामी 4 मार्च से सोशल मीडिया पर चलाया जाएगा 'आई एम वेरिफाइड वोटर' अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आगामी लोकसभा आम चुनाव - 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को समाहरणालय के सभागार में बैठक की।

बैठक में शहरी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की जानकारी प्रदान की गई तथा उसके क्रियान्वयन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी पदाधिकारी व कर्मी को वोटर हेल्पलाइन एप वीएचए डाउनलोड करने और आम लोगों को भी डाउनलोड करवाने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि आगामी लोकसभा आम चुनाव




2024 के दृष्टिगत सभी आम मतदाताओं में जागरूकता लाने एवं उनके नामों का सत्यापन मतदाता सूची में करने हेतु दिनांक 4 मार्च 2024 को सुबह 10:00 बजे से जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सोशल मीडिया के माध्यम से आई एम वेरिफाइड वोटर अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त ने अभियान का व्यपाक प्रचार प्रसार करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को शहरी क्षेत्र में माइकिंग करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर जिले के प्रत्येक मतदाता से अपील की जाय कि मतदाता अपना नाम मतदान केन्द्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन Voter Helpline App या Voters Service Portal (https://voters.eci.gov.in/) के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लें कि उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है। उन्होंने कहा कि यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु आवेदन समर्पित करने हेतु जानकारी देते हुए प्रेरित किया जाए। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के अलावे नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु, डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, सभी सहायक नगर आयुक्त, सभी कार्यपालक पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

# पुनर्वितरण पर मजबूत नीतिगत जोर से भारत को अत्यधिक गरीबी को खत्म करने में मिली है मदद

**पटना।** अमेरिकी थिंक टैंक ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन ने कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है, जिसे गरीब लोगों की संख्या की दृष्टि से गरीबी अनुपात में हुई तेज कमी और घरेलू खपत में दर्ज भारी वृद्धि के माध्यम से समझा जा सकता है। सुरजीत भल्ला और करण भसीन द्वारा लिखित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पुनर्वितरण पर सरकार के मजबूत नीतिगत जोर का परिणाम है, जिससे पिछले दशक में भारत में मजबूत समावेशी विकास हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी को खत्म करने में उच्च विकास और असमानता में हुई बड़ी गिरावट ने साथ मिलकर योगदान दिया है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गरीब लोगों की संख्या विश्व बैंक के अनुमान से काफी कम है। क्रय शक्ति समता 1.9 डॉलर के स्तर पर, गरीब लोगों की संख्या की दृष्टि से गरीबी अनुपात 2011-12 के 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2 प्रतिशत रह गया है। लेखकों की राय है कि 'सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित कार्यक्रमों की एक विस्तृत व विविध श्रृंखला के माध्यम से पुनर्वितरण पर मजबूत नीतिगत जोर' को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षाकृत उच्च खपत वृद्धि को आश्चर्य से नहीं देखा जाना चाहिए। ब्रुकिंग्स की टिप्पणी में कहा गया है कि इन सार्वजनिक कार्यक्रमों में शौचालयों के निर्माण से संबंधित एक राष्ट्रीय मिशन तथा सभी के लिए बिजली एवं खाना पकाने के आधुनिक ईंधन और हाल ही में पाइप से पानी की सुलभता सुनिश्चित करने के प्रयास शामिल हैं। 15 अगस्त, 2019 तक भारत के ग्रामीण इलाकों में पाइप से पानी की सुलभता 16.8 प्रतिशत थी, जबकि वर्तमान में यह 74.7 प्रतिशत है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत, देश के 112 जिलों की पहचान सबसे कम विकास संकेतक वाले जिलों के रूप में की गई थी। सरकारी नीतियों द्वारा इन जिलों को लक्षित करके उनके विकास पर स्पष्ट रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन एक उत्साहजनक बदलाव है जिसका वैश्विक स्तर पर गरीबी की गणना की दर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसका मतलब यह भी है कि अब समय आ गया है कि भारत भी अन्य देशों की तरह उच्च गरीबी रेखा के पार पहुंच जाए। रिपोर्ट में कहा गया है, ïउच्च गरीबी रेखा की दिशा में बदलाव खासतौर पर इच्छित लाभार्थियों की बेहतर पहचान और वास्तविक गरीबों को अधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मौजूदा सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को फिर से परिभाषित करने का अवसर प्रदान करता है।

# सड़क हादसे में बाल-बाल बचा युवक, घंटा भर रहा सड़क जाम

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज कासमा रोड़ स्थित आर बी आर स्कूल के पास सड़क दुर्घटना में लक्की कुमार पिता तेजप्रताप सिंह तेमुडा गांव निवासी सड़क हादसा में बाल बाल बच गया लेकीन बाइक पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गयी। वही व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि यूवक अपने मौसी के गांव नीमा चतुर्भुज से अपने गांव तेमुडा जा रहा था इसी बीच हाइवा के चपेट में आ जाने से युवक बाल बाल बच गया सूचना पाकर थानाध्यक्ष गुफरान अली अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले का जांच पड़ताल किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि हाईवा गाड़ी नंबर को जब्त कर ली गई है। आवेदन मिलने पर आगे की करवाई की जाएगी। घटना स्थल से हाईवा चालक फरार हो गया। करीब एक घंटे तक आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर मुआवजा और कारवाई करने का मांग किया जा रहा था। जिसके बाद प्रशासन, जनप्रतिनिधी और समाजसेवियों के काफी मस्कत के बाद समझाने और आश्वाशन पर जाम को हटाया गया।

# सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त एवं स्थानांतरण पर आईजी को दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास एवं स्थानांतरण पर पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा को विदाई दी गई। जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की देर शाम स्थानीय सर्किट हाउस सभागार में आयोजित विदाई-सह-सम्मान समारोह में पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि निवर्तमान आयुक्त अपनी सेवा काल में लंबी यात्रा तय किया है। उनके कार्यकाल के अनुभव से सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इनकी बातों से हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मिलता है। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद नया जीवन खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि आयुक्त का सेवाकल स्वर्णिम रहा है। उन्होंने पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा के स्थानांतरण पर उन्हें शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि इनका मार्गदर्शन अब भी मिलता रहेगा।



गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने निवर्तमान आयुक्त एवं निवर्तमान आईजी के कार्यों से प्रेरणा लेने की सलाह युवा पदाधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि काम के बदौलत पदाधिकारी अपनी पहचान बनाते हुए सभी के लिए अमिट छाप छोड़ी है। आयुक्त के पद को सुशोभित करते हुए सेवानिवृत्ति होना गर्व का विषय है। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त की नई जिंदगी की नई शुरुआत करने की हार्दिक बधाई दी। साथ ही पलामू प्रक्षेत्र के आईजी के कार्यों की तारीफ करते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निवर्तमान आईजी से तनाव मुक्त एवं ठंडे दिमाग से सोचने की शक्ति मिलती रही है। उन्होंने सरल स्वभाव से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। यह हमसब पदाधिकारियों को हमेशा के लिए प्रेरित करता रहेगा। पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि पलामू प्रक्षेत्र के आईजी की पहचान ड्रीम आईजी के रूप में होती है। यह इनके सकारात्मक सोच, सरल व्यवहार, इमानदारी पूर्वक काम करने की चाहत और पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए काम लेने की बात काफी प्रेरित करता है। आईजी सर से पुलिस प्रशासन को बहुत कुछ सीखने को मिला और उम्मीद है कि आगे भी मार्गदर्शन मिलता रहेगा। पलामू में लंबे समय तक रहने के उपरांत स्थानांतरण हुआ है। इससे पलामू को ज्यादा उम्मीद बनती है। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त के कार्यकाल से प्रेरणा लेने की बातें कही।

गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने निवर्तमान आयुक्त की सेवानिवृत्ति एवं पलामू प्रक्षेत्र के आईजी के स्थानांतरण पर उनके द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन एवं अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने कार्य अनुभव के बदौलत जो ख्याति प्राप्त की है, उससे हम सभी साथियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। पलामू प्रक्षेत्र के निवर्तमान आईजी राजकुमार लकड़ा ने अपने विदाई-सह-सम्मान समारोह में निवर्तमान प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आयुक्त के पद के साथ-साथ अन्य पदों पर कार्यरत रहकर श्री दशरथ चंद्र दास ने अपने कार्य कुशलता से पहचान बनाई है। सरकारी सेवाकाल में 33 वर्ष पूरा कर सेवानिवृत हुए। जिस सादगी के साथ अपने सहयोगियों को दिशा- निर्देश दिया, सेवानिवृत्ति के बाद भी परिवार एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य करते रहेंगे। अपने विदाई-सह-सम्मान समारोह में निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने कहा कि पलामू प्रमंडल के पदाधिकारी एवं कर्मी इमानदारी से सफलता पूर्वक कार्य का निर्वहन करते रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनाव मुक्त रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में कई तरह की परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। ऐसे में तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने नैतिकता और करुणा के सिद्धांत का पालन करने एवं इमानदारी के साथ कर्तव्य निर्वहन से तनाव नहीं आने की बातें कही। प्रशासनिक सेवा में रहकर 80% सफल कार्य करना बड़ी उपलब्धि होगी। सकारात्मक कार्यों से पलामू प्रमंडल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की बातें कही। साथ पीड़ित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्या का त्वरित निदान करने का भी सलाह दिया।

कार्यक्रम का संचालन पलामू के जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने दोनों पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई-सह-सम्मान समारोह में उक्त पदाधिकारियों के अलावा पलामू के वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, पलामू व्याघ्र परियोजना के उप निदेशक प्रजेश कांत जेना, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने विचार व्यक्त किए। मौके पर गढ़वा के अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, नजारत उपसमाहर्ता विक्रम आनंद, श्रम अधीक्षक इतवारी महतो, कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी विवेक विरूपा, चन्द्र शेखर कुणाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# होंडा एसपी 125 कप का फाइनल विजेता बना जगदर इलेवन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत इंटर प्लस डिग्री कॉलेज मैदान शिवाजीनगर में राम लखन सिंह सह गजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति होंडा एसपी 125 क्रिकेट का फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला गया। फाइनल मुकाबला जगदर 11 बेगूसराय एवं वारिसनगर 11 समस्तीपुर के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला मैच का बीडीओ आलोक कुमार सिंह ,समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ,पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, शिक्षक राज नारायण सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि बबलू सिंह, समाजसेवी नीतीश कुमार उर्फ युवराज, मुखिया संघ अध्यक्ष सह रामचंद्र सिंह, गुंजन सिंह, संतोष कुमार बबली ने संयुक्त रूप से फीता काट कर




शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबला में टॉस जीतकर वारिसनगर 11 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट गमा कर 146 रन बनाई। जवाब में उतरी जगदर इलेवन बेगूसराय की टीम ने 11.5 ओवर में पांच विकेट गमा कर अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस तरह फाइनल मुकाबले के विजेता टीम जगदर को साइन एसपी 125 सीसी बाइक के साथ 35 हजार रुपए नगद देकर सम्मानित किया गया। वही उपविजेता टीम को 48 इंच की एलइडी टीवी देकर सम्मानित किया गया। इस महा मुकाबला मैच में जगदर इलेवन बेगूसराय टीम के कप्तान गुड्डू को मैन ऑफ द मैच के रूप में नवाजा गया वही रासबिहारी को मैन ऑफ द सीरीज बेस्ट ऑफ बल्लेबाज के रूप में मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मैच का लाइव प्रसारण किया गया। कई प्रकार के प्रायोजक के द्वारा बेस्ट बल्लेबाज को प्राइज देकर सम्मानित किया गया। इस मैच में कॉमेंटेटर की भूमिका सतीश आनंद चौधरी एवं मुन्ना जी के द्वारा हिंदी एवं इंग्लिश में कमेंट्री किया गया। इस मैच को देखने के लिए दर्शकों की हजारों की संख्या में भी जुटी हुई थी। प्रत्येक साल के भांति इस साल भी इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष रामचंद्र सिंग जिला पार्षद प्रतिनिधि बबलू कुमार सिंग गुंजन सिंह, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंग विभाष कुमार, सतीश कुमार, नवीन सिंह, दिनेश कुमार गोलू, राकेश कुमार, विजय कुमार, संतोष कुमार बबली, विवेक कुमार, मुन्ना कुमार, राज नारायण सिंह, अमित कुमार, ललन कुमार, मदन कुमार शामिल थे।

# बांस के सहारे खरसाम गांव में हो रही बिजली आपूर्ति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** बिजली विभाग के उदासीनता के कारण प्रखंड के खरसाम गांव में आज भी बांस के सहारे बिजली आपूर्ति हो रही है, गांव के लोग निजी तार की खरीदारी कर दूर दराज से लोग तार लाकर बिजली का उपयोग कर रहे हैं। गांव में जगह जगह बांस के सहारे बिजली आपूर्ति होने से ग्रामीणों के बीच हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, परसा पंचायत के खरसाम गांव निवासी पंचायत समिति सदस्य पंचायत समिति सदस्य सरोज कुमार ग्रामीण वीरेंद्र प्रसाद सिंह, विष्णु मंडल,



राकेश कुमार, रंजीत कुमार मंडल, ललित कुमार, रजनीकांत कुमार, नितिश कुमार, मिथिलेश कुमार साह सहित दर्जनों लोगो ने बताया कि गांव के लोगों के बीच विद्युत का कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया लेकिन गांव में विद्युत पोल नहीं रहने और जगह-जगह विद्युत का तार लटके रहने कारण आए दिन विद्युत की समस्या से लोगो को जूझना पड़ता है। कई घरों में आज भी बांस के सहारे बिजली आपूर्ति हो रहा है। लोगो ने बताया कि गांव में कुछ जगहों पर बिद्यूत पोल लगाए गए है, लेकिन उसमे तारो के उलझे होने कारण लोकल फॉल्ट की घटना होती रहती है। साथ ही बिल की वसूली की जाती है लेकिन लोगों की समस्या का निदान नही किया जाता है। जल्द ही इस समस्या का निदान नहीं किया गया तो इसकी शिकायत विभाग के वरीये पदाधिकारी को करेंगे।

# पीएम के कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब, दिखा खासा उत्साह




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के रतनुआ में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर औरंगाबाद एवं आसपास के जिलों के लोगों में खासा उत्साह दिखा। रैली में शामिल होने के लिए बड़ी तादाद में लोगों की भीड़ उमड़ी। सभा स्थल पर 10 बजे से ही लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान हर उम्र व वर्ग के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। युवकों के साथ-साथ महिलाएं भी अपने हाथों में पोस्टर लिए दिखे जिसमें पीएम मोदी के लिए धन्यवाद संदेश लिखा हुआ था। बता दें कि पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर औरंगाबाद जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए गए थे। सभास्थल में सख्त जांच प्रक्रिया से गुजरने के बाद लोगों को अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। कार्यक्रम स्थल पर केवल मोबाइल फोन साथ ले जाने की अनुमति थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आसपास के सात जिलों के डीएम-एसपी द्वारा मोनेट्रिंग किया जा रहा था। जिला प्रशासन ने ट्रैफिक प्लान बनाया था जिसमें सुबह 9 से शाम 6 बजे तक औरंगाबाद में एनएच 19 पर बड़े ट्रेलर, केमिकल, इंडस्ट्रियल कंटेनर, पेट्रोल, डीजल, भरे ट्रक, ट्रैक्टर, भारी मालवाहक आदि वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह सख्ती थी। हालांकि इस दौरान अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस एवं आपातकालीन वाहनों पर कोई प्रतिबंध नहीं था। कार्यक्रम स्थल को रेड जोन घोषित किया गया था जिसके आस-पास कोई भी ड्रोन वर्जित था। एनएच 19 पर यातायात व्यवस्था बाधित न हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा खास तरीके से प्लान किया गया। सुरक्षा व्यवस्था इतनी कड़ी थी कि राज्य पुलिस के अलावे केंद्रीय एजेंसी भी निगरानी रख रही थी।

- **सख्त जांच प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही लोगों को मिल रही थी अंदर प्रवेश की अनुमति**
- **जिला प्रशासन ने भीड़ के मद्देनजर यातायात नियमों में किया था बदलाव**

## झलकियां

- जब सम्राट चौधरी और सुशील कुमार सिंह अन्य नेताओं की मदद से प्रधानमंत्री को बहुत बड़ी गुलाबों की माला पहना रह रहे थे तो मुख्यमंत्री थोड़ा पीछे रह गए थे। उन्हें प्रधानमंत्री ने खींचकर अपने बराबर ला खड़ा किया।
- उपेंद्र कुशवाहा के सभा में मौजूद न रहने को लेकर भी जमकर अटकलबाजी चली। उल्लेखनीय है कि उपेंद्र कुशवाहा काराकाट लोकसभा क्षेत्र से पिछला चुनाव लड़े थे जिसमें औरंगाबाद के तीन विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।
- मंच पर जाकर सबसे पहले बैठने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी शामिल थे और जैसे ही प्रधानमंत्री मंच पर चढ़े, सबसे पहले उन्होंने ही उन्हें अंग वस्त्र प्रदान किया।
- प्रधानमंत्री ने जब उत्तर कोयल नहर परियोजना के बारे में चर्चा की तो पूरे पंडाल से उनके समर्थन में जयकारा लगाया गया।
- जब-जब प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषण के बीच में मगही बोलते, लोगों की तालियों से पंडाल गूंजने लगता था।
- उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री को देव सूर्य मंदिर की रेत से बनी प्रतिकृति सौंपी।
- प्रधानमंत्री के अगल-बगल बिहार के राज्यपाल और मुख्यमंत्री बैठे थे लेकिन प्रधानमंत्री अधिकतर समय मुख्यमंत्री से ही बातें करते रहे।
- मुख्यमंत्री जब बोलने उठे तब भी पंडाल में मौजूद भीड़ मोदी-मोदी के नारे लगा रही थी। मुख्यमंत्री ने अपना भाषण बेहद संक्षिप्त रखा। उनके संबोधन के समय पीएम हंसते रहे और उनके भाषण खत्म होने पर खड़े हो कर हाथ मिलाया।
- 21000 करोड़ से अधिक की योजनाओं के औपचारिक उद्घाटन /शिलान्यास के बाद मंच के पीछे लगे बड़े से टीवी स्क्रीन पर बिहार के विकास को लेकर मोदी सरकार की योजनाओं से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।


औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह ने भगवान श्रीराम का एक चित्र तथा एक पुस्तक प्रधानमंत्री को भेंट की


जनसभा को लेकर महिलाओं में भी दिखा गजब का उत्साह

# भाषण के कुछ अंशों को मगही में बोलकर छा गए मोदी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विश्व प्रसिद्ध सूर्य मंदिर, उमंगेश्वरी माता और देव कुंड के इ पवित्र भूमि के हम नमन करइत ही! रउनि सब के प्रणाम रइत ही! भगवान भास्कर के कृपा रउआ सब पर बनल रहे! जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशुद्ध औरंगाबाद मगही अंदाज में ये बातें कहीं तो शनिवार को उनकी सभा में मौजूद तमाम लोग खुशी से झूम उठे। दरअसल अपने भाषणों के कुछ अंश मगही में बोल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छा गए। अपने इस अंदाज को उन्होंने लगातार जारी रखा जब कहा- बिहार तब्बे आगे बढ़तई जब बिहार के गरीब आगे बढ़तन। औरंगाबाद की ऐतिहासिक विरासत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा- 'ई बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिन्हा जइसन महापुरुषन के जन्म भूमि हई'। इसके बाद उन्होंने अपने पसंदीदा वाक्य- मोदी की गारंटी की चर्चा करते हुए जोर देते हुआ मगही में कहा- ई मोदी के गारंटी हई तो जमकर तालियां बजीं। कर्पूरी ठाकुर को मिले भारत रत्न सम्मान को पूरे बिहार का सम्मान बताते हुए उन्होंने फिर खांटी मगही में कहा- ई सम्मान समुच्चे बिहार के सम्मान हई। लोगों को उनका ये अंदाज बहुत भाया। इसकी चर्चा लोग कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी करते दिखे।

# जब प्रधानमंत्री की अपील पर जगमगा उठे लाखों मोबाइलों की फ्लैश लाइटें



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि यह अवसर बिहार के लिए विकास का उत्सव मनाने का है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे अपने मोबाइल में फ्लैश लाइट ऑन करें और विकास का उत्सव मनाए, इतना सुनना था कि सभा स्थल पर मौजूद लाखों मोबाइल एक साथ झिलमिला उठे। प्रधानमंत्री मोदी की इस रैली को लेकर जबरदस्त तैयारी की गई थी। सुबह 11 बजते-बजते तक पूरा पंडाल खचाखच भर गया था। यहां तक कि लोग बगल से गुजरने वाली जीटी रोड तथा उसके नजदीक बने फ्लाइओवर पर भी भर गए थे और आसपास से पैदल गुजरना भी मुश्किल हो रहा था। एनडीए के अन्य राजनीतिक दलों के झंडे तो कम नजर आए लेकिन सभास्थल भाजपा के झंडों से पटा हुआ था। सुबह से बैठे लोग मोदी को सुनने के लिए व्यग्र हो रहे थे और जब कोई भी अन्य वक्ता बोलने आता तो भीड़ मोदी-मोदी का शोर मचाने लगती। इसे देखते हुए कार्यक्रम बेहद संक्षिप्त रखा गया और प्रधानमंत्री के पहले केवल बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही अपना संबोधन दिया। नीतीश कुमार ने भी अपना संबोधन संक्षिप्त रखा। दूसरी ओर सभास्थल पर लोगों का उत्साह देखने लायक था। लोग प्रधानमंत्री का कट आउट अपने साथ लेकर आए थे और जब प्रधानमंत्री भाषण दे रहे थे तो भीड़ में से उनके कट आउट को हिलाकर उन्हें दिखाया जा रहा था। बड़ी संख्या में ऐसे लोग थे जो अरवल, जहानाबाद, कैमूर, गया तथा रोहतास जिले से भी मोदी को सुनने के लिए यहां आए थे। जिला प्रशासन ने भारी वाहनों के परिचालन पर तो पहले ही रोक लगा दी थी लेकिन सभा स्थल के जीटी रोड के बगल में रहने की वजह से इतनी ज्यादा भीड़ हो गई की कोई छोटा वाहन भी वहां से नहीं गुजर सकता था। ऐसी स्थिति में वस्तुतः जीटी रोड पर यातायात लगभग 5-6 घंटे तक पूरी तरह ठप रहा। रैली के आयोजक इस बात के लिए भी चिंतित थे कि मौसम बिगड़ रहा है, कहीं बारिश ना हो जाए लेकिन मौसम ने आयोजकों का साथ दिया। प्रधानमंत्री ने भी लोगों का मूड भंपते हुए अपने भाषण के दौरान कई जगह मगही भाषा का प्रयोग किया। इसे लेकर लोग उत्साहित हुए। लोगों को प्रधानमंत्री के मुंह से मगही सुनना काफी अच्छा लगा। पूरे सभा स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे और सभी आगंतुकों को मेटल डिटेक्टर दरवाजे से होकर ही गुजरना पड़ रहा था। डी एरिया में गिने-चुने लोगों को ही प्रवेश की अनुमति थी।


औरंगाबाद की जनसभा में प्रसन्न मुद्रा में गुफ्तगु करते नरेन्द्र मोदी एवं नीतीश कुमार

# हवा-हवाई रहा औरंगाबाद में पीएम का कार्यक्रम : राजद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बार फिर हवा-हवाई केवल भाषण देकर चले गए जिसका आम जनता से कोई लेना देना नहीं है। यह बात राजद जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का पहले उद्घाटन किया जा चुका है, आज उसे भी पुनः उद्घाटन करने का कोई मतलब नहीं बनता है। हालांकि जनता इनकी कथनी और करनी में अंतर अच्छे से समझती हैं, आने वाले चुनाव में जरूर जवाब देगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

बिहार सरकार

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**बिहार, पटना**

**आम सूचना**

**भूमि** के **क्रय–विक्रय** में आपसी **झगड़े** एवं **धोखाधड़ी** को समाप्त करने के लिए नवीन प्रावधान के तहत अब केवल वे ही व्यक्ति जमीन का विक्रय कर सकते हैं जिनके स्वयं के नाम से **जमाबंदी / होल्डिंग** कायम हो। जिन परिवारों में अभी तक पूर्वजों के नाम से ही जमाबंदी संधारित है एवं उन्होंने अभी तक आपसी बंटवारा कर अपने–अपने नाम से **जमाबंदियां / होल्डिंग** कायम नहीं कराई हैं, उनकी सहूलियत के लिए राज्य के सभी अंचलों के सभी हल्कों में विशेष शिविरों का आयोजन प्रत्येक मंगलवार, बुधवार एवं गुरूवार को किया जा रहा है। इन विशेष शिविरों में केवल जमाबंदियों के अद्यतीकरण हेतु आवेदन स्वहस्ताक्षरित **वंशावली**, सभी फरिकेनों द्वारा हस्ताक्षरित बंटवारानामा एवं बिना **खाता, खेसरा, लगान, रकबा** वाले जमाबंदियों के परिमार्जन हेतु साक्ष्य के साथ प्राप्त किए जाएँगे। शिविर में ही इनका सत्यापन किया जाएगा एवं तत्पश्चात् नियमानुसार आवेदनों को निष्पादित कर जमाबंदी अद्यतीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

